सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 01 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 324, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 96,201 करोड़ बढ़ा**

सेंसेक्स की शीर्ष सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 96,200 .95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 14

**विपक्षी दलों से बातचीत जारी रखेंगे : रीजीजू**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र अच्छी तरह चलना चाहिए और सरकार दोनों सदनों में गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी। } 16



## काशी-तमिल संगमम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें युवा

### मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने किया आह्वान

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नागरिकों से वाराणसी में आयोजित होने वाले काशी-तमिल संगमम में भाग लेने और तमिल भाषा सीखने के अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया। मोदी ने अपने मासिक मन की बात संबोधन में कहा कि काशी-तमिल संगमम का चौथा संस्करण दो दिसंबर को वाराणसी के नमो घाट पर शुरू होगा। मोदी ने कहा इस बार के काशी-तमिल संगमम का विषय बहुत ही रोचक है :तमिल सीखें - तमिल करकलम। उन्होंने इस आयोजन को विश्व की सबसे प्राचीन भाषा और विश्व के सबसे प्राचीन शहरों में से एक का संगम बताया। मोदी ने कहा कि काशी-तमिल संगमम उन सभी लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है जिन्हें तमिल भाषा से लगाव है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, काशी के लोगों से जब भी बात होती है तो वो हमेशा बताते हैं कि काशी-तमिल संगमम का हिस्सा बनना उन्हें बहुत अच्छा लगता है। यहां उन्हें कुछ नया सीखने और नए-नए लोगों से मिलने का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि इस बार भी काशीवासी पूरे जोश और उत्साह के साथ तमिलनाडु से आने वाले अपने भाई-बहनों का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने कहा मेरा आप सभी से आग्रह है कि आप काशी-तमिल संगमम का हिस्सा जरूर बनें। इसके साथ ही ऐसे और भी मंचों के बारे में सोचें, जिनसे एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना मजबूत हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुडुचेरी और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धार्मिक आयोजनों में धर्मांतरण, लव जेहाद व नशे के खिलाफ उठायें आवाज : योगी

### धर्मांतरण व नशे के माध्यम से फिर प्रहार करेंगे विदेशी, हमें रहना होगा सतर्क व चैतन्य

विशेष संवाददाता



झज्जर (हरियाणा)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने साधु-संतों के समक्ष दो बातें रखीं और समाज को चेताया। उन्होंने आगाह किया कि जब स्वर्णयुग आता है तो चैतन्य व सतर्क रहने की प्रेरणा देता है। जब भारत का स्वर्णयुग आया था तब विदेशी हमले होने भी प्रारंभ हो गए थे। हमें फिर से सतर्क रहना होगा।

आज भी धर्मांतरण व नशा के माध्यम से हमला होगा और इसके पीछे विदेशियों का हाथ होगा। कोई भी सनातन विरोधी कार्य स्वीकार नहीं होना चाहिए। भारत, विश्व मानवता और चराचर जगत की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा आवश्यक है। सनातन तभी सुरक्षित रहेगा, जब हम एक रहेंगे। बंटना नहीं है, बंटेंगे तो कटेंगे। जब-जब बंटे हैं, तब-तब यही हुआ है। जाति, तुष्टिकरण, क्षेत्र, भाषा के नाम पर बंटना नहीं है, बल्कि अयोध्या रामजन्मभूमि पर जैसे धर्मध्वजा फहरा रही है, वैसे ही एकजुट होकर भारत के सनातन धर्म की ध्वजा पताका हर सनातनी के घर पर लहराती दिखनी चाहिए।

मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ रविवार को कबलाना गांव में बाबा पालनाथ आश्रम में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह व आठ मान का भव्य भंडारा में सम्मिलित हुए। यहां सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ, बाबा पालनाथ, उनके गुरु भाई व इस परिवार से जुड़े योगेश्वरों, शिव परिवार, बजरंग बली की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि देश में भारत की सोच के अनुरूप सरकारें हैं। हरियाणा में भी डबल इंजन सरकार है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### बिजली उपभोक्ताओं को बिल में आज से छूट

लखनऊ। बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल में आज से पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत की भारी छूट मिलेगी। घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए यह योजना शुरु हुई है। उपभोक्ताओं को जल्दी पंजीकरण कराने एवं बकाया जमा करने पर ज्यादा छूट का लाभ मिलेगा। सभी प्रकार के बिजली चोरी मामलों में भी राहत व मुकदमें से छुटकारा मिलेगा। सरचार्ज एवं ब्याज में 100 प्रतिशत छूट के साथ छोटी-छोटी आसान किस्तों में जमा करने तथा बढ़े हुये बिलों को सिस्टम द्वारा अपने आप औसत खपत के हिसाब से कम करने की सुविधा भी प्राप्त होगी। शक्ति भवन में कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल द्वारा योजना की तैयारियों की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहाकि बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने एवं बकाया वसूली के लिये यह योजना लायी गयी है। यह योजना नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड तथा चोरी के प्रकरणों के समाधान के लिये बहुत ही लाभकारी है। पहली बार सरचार्ज ...शेष पृष्ठ 14 पर

# एक सप्ताह बढ़ा एसआईआर का समय

### मसौदा मतदाता सूची अब नौ की जगह 16 दिसंबर को की जायेगी प्रकाशित

एजेंसी



नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के पूरे कार्यक्रम को रविवार को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया।

आयोग ने यह कदम विपक्षी दलों के इन आरोपों के बीच उठाया कि कम समय-सीमा लोगों और जमीनी स्तर के चुनाव अधिकारियों के लिए समस्याएं पैदा कर रही है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि गणना प्रपत्र वितरण अब चार दिसंबर के बजाय 11 दिसंबर तक जारी रहेगा। मसौदा मतदाता सूची अब नौ दिसंबर की जगह 16 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी, जबकि अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी के स्थान पर 14 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि आयोग ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ आंतरिक चर्चा के आधार पर एसआईआर के सभी चरणों की समय-सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है जहां यह प्रक्रिया जारी है। विपक्षी दलों ने एसआईआर के दौरान कम से कम 40 बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की मौत होने का दावा करते हुए, मतदाता सूची में संशोधन किये जाने के समय पर सवाल उठाया है। उन्होंने दावा किया किया इनमें से ज्यादातार ने कम समय सीमा होने के कारण तनाव में आकर आत्महत्या की। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। एसआईआर कार्यक्रम में संशोधन के निर्वाचन आयोग के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि निर्वाचन आयोग को पता था कि समय-सीमा व्यावहारिक नहीं थी। एसआईआर कार्यक्रम में बदलाव का फैसला सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर लिया गया है। पिछले सत्र में विपक्ष द्वारा एसआईआर पर चर्चा की मांग के कारण संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई थी। उस समय बिहार में एसआईआर की कवायद की जा रही थी। सर्वदलीय बैठक से बाहर आते हुए, विपक्षी नेताओं ने सत्र के सुचारू संचालन पर कहा कि वे एसआईआर पर चर्चा के लिए दबाव डालेंगे। निर्वाचन आयोग ने 27 अक्टूबर को इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा की थी। लगभग 51 करोड़ मतदाता इस कवायद के दायरे में आएंगे। ये राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल। इनमें तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होंगे। असम में, जहां 2026 में चुनाव होने हैं, मतदाता सूची के संशोधन की घोषणा अलग से की गई है। इसे विशेष संशोधन कहा जा रहा है। अधिकांश राज्यों ने मतदाता सूची का पिछला ...शेष पृष्ठ 14 पर

### 11 दिसम्बर तक गणना अवधि की गयी निर्धारित : नवदीप रिणवा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अहर्ता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषित तिथियां को एक सप्ताह बढ़ाते हुए संशोधित तिथियां जारी कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संशोधन तिथियां के अनुसार 11 दिसम्बर तक गणना अवधि निर्धारित की गई है। मतदेय स्थलों का संभाजन भी 11 दिसम्बर तक किया जाएगा। 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक कंट्रोल टेबल का अद्यतनीकरण एवं आलेख्य नामावली की तैयारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर, को निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन होगा। 16 दिसम्बर से 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

16 दिसंबर से 07 फरवरी तक नोटिस चरण में गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे और आपत्तियों का निस्तारण ईआरओ द्वारा किया जाएगा। 10 फरवरी को आयोग से अंतिम प्रकाशन की अनुमति प्राप्त करना है। प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक प्रदेश में 10.75 करोड़ से अधिक यानी 70 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन ...शेष पृष्ठ 14 पर

### शीतकालीन सत्र में गतिरोध के आसार

नयी दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हंगामेदार रहने और इसमें गतिरोध पैदा होने के आसार रविवार को उस वक्त दिखाई दिए जब सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने एक सुर में यह मांग उठाई कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराई जानी चाहिए।

सरकार ने हालांकि कहा कि संसद की कार्यवाही अच्छी तरह चलनी चाहिए और वह गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने चुटीले अंदाज में यह भी कहा कि यह शीतकालीन सत्र है और इसमें सबको ठंडे दिमाग से काम करना चाहिए। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एसआईआर के साथ ही दिल्ली विस्फोट की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। इसके साथ ही, उन्होंने वायु प्रदूषण, विदेश नीति, किसानों की स्थिति, महंगाई, बेरोजगारी और कुछ अन्य विषयों पर सत्र के दौरान चर्चा कराने का आग्रह किया। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की प्रचंड जीत से उत्साहित केंद्र सरकार इस सत्र में 14 विधायक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारतीय जोड़ी त्रिशा व गायत्री ने जीता सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन का खिताब

- रोमांचक मुकाबले में उपविजेता बने भारत के श्रीकांत
- विजेता-उपविजेताओं को प्रदान की गयी इनामी धनराशि



















फोटो : अमित वर्मा

आशुतोष यादव



लखनऊ। शीर्ष वरीय भारत की त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 में संघर्ष के बाद मिली रोमांचक जीत के साथ अपने खिताब का बचाव करते हुए भारत का परचम लहराया। दूसरी ओर स्टार भारतीय शटर के.श्रीकांत तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हार के चलते उपविजेता रहे। भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में आयोजित 2,40,000 डॉलर की इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में दर्शकों से खचाखच भरी अकादमी में रविवार को फाइनल मैच खेले गए। महिला युगल का खिताब पिछली विजेता शीर्ष वरीय भारत की त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. ने जीता जिन्होंने रोमांचक फाइनल में आठवीं वरीय जापान की काहो ओसावा व माई तानाबे के खिलाफ 17-21, 21-13, 21-15 से जीत दर्ज की। 1 घंटा 16 मिनट तक चले इस रोमांचक मैच में भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर मिली लेकिन शानदार रैली के बावजूद उन्हें पहले गेम में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद दूसरे गेम में त्रिशा व गायत्री की जोड़ी ने रणनीति बदली और दमदार कोर्ट कवरेज और शानदार जुगलबंदी के सहारे 9-2 की बढ़त के बाद जीत हासिल की। तीसरे व निर्णायक गेम में भी दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ लेकिन भारतीय जोड़ी ने कड़ी चुनौती पेश करते हुए आखिरी में छह मैच प्वाइंट अपने नाम करते हुए लगातार दूसरी बार खिताब जीत लिया। त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी इससे पूर्व पिछले वर्ष विजेता रही थी जबकि 2022 में उपविजेता रहकर संतोष करना पड़ा। पुरुष एकल ...शेष पृष्ठ 14 पर

# घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान : सीएम

जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन, रविवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा,

- **गोरखपुर में जनता दर्शन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कराया बच्चे का अन्नप्राशन।**
- **जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं करीब 200 लोगों की समस्याएं**
- **अधिकारियों से बोले सीएम, हर पीड़ित की समस्या का हो समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण**



ह्यघबराइए मत, हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे।हर पीड़ित की शिकायत का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा।ह्ल जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निस्तारण कराएं। इससे पहले शनिवार को भी सीएम ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं थीं।

रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण कराया जाए।

जनता दर्शन में कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर सीएम योगी ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब की जमीन पर यदि कोई कब्जा करने की कोशिश करे तो उसे ठीक से सबक सिखाया जाए। गरीब की जमीनों पर दबंग या माफिया का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में अंबेडकरनगर से आई एक महिला ने बाजार गए अपने बच्चे के साइकिल सहित गायब होने की पीड़ा बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस प्रकरण को संवेदनशीलता से लिया जाए और बच्चे का पता लगाने को जरूरी कदम उठाए जाएं। जनता दर्शन में इस बार भी कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें मदद का भरोसा दिया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। एक महिला द्वारा किडनी के इलाज में डायलिसिस कराने की जरूरत और उसके लिए धनराशि न होने की बात कहने पर मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अफसरों को निर्देशित किया कि डायलिसिस के लिए पैसे की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने महिला को यह कहते हुए भरपूर आत्मीय संबल दिया, ह्यघबराओ मत उपचार की पूरी व्यवस्था कराई जाएगी।ह्ल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में परिजनों के साथ बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया।

# योगी सरकार खादी और ग्रामोद्योग को दे रही नई गति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर, लखनऊ में उप्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वाधान में आयोजित खादी महोत्सव-2025 का आज दसवें और अंतिम दिन सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव अनिल सागर रहे। उनके साथ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिशिर, संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिद्धार्थ यादव सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया।

- **खादी महोत्सव का सफल समापन, 160 उद्यमियों ने लगाया हुनर का रंग**
- **प्रदर्शनी में उमड़ी भारी भीड़, पारंपरिक उत्पादों की जमकर हुई खरीदारी**
- **खादी महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 9 इकाइयों को मिला राज्य स्तरीय सम्मान**




प्रमुख सचिव अनिल सागर ने अपने संबोधन में कहा कि योगी सरकार खादी, ग्रामोद्योग और पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष महोत्सव में खादी संस्थाओं के 32, ग्रामोद्योग की 120 और माटी कला की 8 इकाइयों सहित कुल 160 उद्यमियों ने भाग लिया, जिन्होंने अपने परंपरागत कौशल, गुणवत्ता और नवाचार का अद्भुत प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य खादी और स्थानीय उत्पादों को आधुनिकता से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रीय व वैश्विक बाजारों में स्थापित करना है। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली इकाइयों को प्रमुख सचिव द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। खादी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार स्वराज्य आश्रम, कानपुर; द्वितीय पुरस्कार ग्राम सेवा संस्थान, फतेहपुर; तथा तृतीय पुरस्कार भूरज सेवा संस्थान, हरदोई को प्रदान किया गया। ग्रामोद्योग श्रेणी में प्रथम पुरस्कार अब्बास अंसारी, मुजफ्फरनगर; द्वितीय पुरस्कार तहजीबुल हसन, बिजनौर; और तृतीय पुरस्कार अंजली सिंह, जूट आर्टिजेन्स, लखनऊ को दिया गया। माटी कला श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्रेम चन्द्र, बाराबंकी; द्वितीय पुरस्कार मतलूब, बुलन्दशहर; तथा तृतीय पुरस्कार शिव कुमार प्रजापति, बाराबंकी को प्रदान किया गया। रविवार का अवकाश और महोत्सव का अंतिम दिन होने के कारण प्रदर्शनी स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी। आगंतुकों ने खादी वस्त्र, ग्रामोद्योगी उत्पादों और माटी कला की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की, जिससे उद्यमियों का उत्साह बढ़ा।

# आज से शुरु होगी बिजली बिल राहत स्कीम, उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

## घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को सरचार्ज पर तथा चोरी के मामलों में राजस्व निर्धारण पर मिलेगी छूट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री की मंशा के अनुरूप कल 1 दिसम्बर से प्रारम्भ होगी बिजली बिल राहत योजना। इस योजना में पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन में भी भारी छूट मिलेगी। घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिये शुरू हुई है यह लाभकारी योजना। उपभोक्ताओं को जल्दी पंजीकरण कराने एवं बकाया जमा करने पर ज्यादा छूट का लाभ मिलेगा। सभी प्रकार के बिजली चोरी मामलों में भी राहत व मुकदमें से छुटकारा मिलेगा। योजना के अन्तर्गत मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट भी मिल रही है। सरचार्ज एवं ब्याज में 100 प्रतिशत छूट के साथ छोटी-छोटी आसान किस्तों में जमा करने तथा बढ़े हुये बिलों को सिस्टम द्वारा अपने आप औसत खपत के हिसाब से कम करने की सुविधा भी प्राप्त होगी।

- **योजना को प्रत्येक उपभोक्ता तक पहुॅचाने हेतु कारपोरेशन कर रहा है व्यापक प्रयास**

योजना की सफलता हेतु उप्र पावर कारपोरेशन जबरदस्त तैयारी करने में जुटा हुआ है। कारपोरेशन की योजना है कि इसमे सभी पात्र उपभोक्ताओं से सम्पर्क कर योजना का लाभ दिया जा सके। शक्ति भवन में कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल द्वारा योजना की तैयारियों की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहाकि बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने एवं बकाया वसूली के लिये यह योजना लायी गयी है। यह योजना नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड तथा चोरी के प्रकरणों के समाधान के लिये बहुत ही लाभकारी है।

पहली बार सरचार्ज पूरा माफ तथा मूलधन में भी भारी छूट मिल रही है। योजना में आसान किस्तों में बकाया जमा करने की सुविधा तथा बिजली चोरी के मामलों में भी बड़ी राहत है। इसलिये प्रत्येक उपभोक्ता से सम्पर्क कर उसे बतायें कि वह अपना बकाया जमा कर योजना का लाभ लें। अध्यक्ष ने कहाकि प्रत्येक उपभोक्ता से सम्पर्क करें। उसे फोन काल करें और व्यक्तिगत रूप से भी उससे सम्पर्क करके उसे योजना का लाभ लेने के लिये सहमत करें।



अध्यक्ष ने कहा हर उपभोक्ता तक मुनादी पहॅुचायें। सम्पर्क करें तथा उसे बकाये की नोटिश दें तथा योजना के पाम्पलेट एवं सूचना पर्ची दें। माइक्रो प्लान बनाकर हर कार्मिक एजेन्सी (फिनटेक) को इसमें लगाकर कार्य करायें। अध्यक्ष ने कहा कि बिजली चोरी के मामलों में बतायें कि योजना के माध्यम से मुकदमा तथा एफआईआर का निस्तारण करायें, कोर्ट कचेहरी के चक्कर से बचें। यह योजना अत्यन्त लाभकारी है।अध्यक्ष ने कहाकि जिन क्षेत्रों में ज्यादा योजना के पात्र बकायेदार उपभोक्ता हैं वहॉ विशेष रणनीति बनाकर कार्य करिये। ऐसे गांवों या क्षेत्रों में जरूरत के हिसाब से कैम्प लगाइये। वहॉ अधिकारी अपने साथ कार्मिकों को ले जाकर पूरे गॉव के बकायेदार उपभोक्ताओं से सम्पर्क कर पंजीकरण कराये। पूरे गॉव को आच्छादित कर लें।

डॉ. आशीष गोयल ने कहाकि हर पात्र उपभोक्ता के पास तीन कागज भेजा जाना है। जिसमें नोटिस, योजना की विस्तृत सरल भाषा में पाम्पलेट तथा उसके बकाये की पूरी सूचना पहॅुचे। जिसमें वह अपने बकाये के बारे में और योजना में मिल रही सुविधा को समझकर अपना बकाया जमा करें। वाट्सएप ग्रुप, प्रिन्ट, इलेक्ट्रोनिक तथा सोशल मीडिया, पोस्टर बैनर, पाम्पलेट, हैन्ड बिल तथा कालर ट्यून आदि सभी प्रकार के संचार माध्यमों पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। योजना में एल.एम.वी-1 (घरेलू) अधिकतम 02 किलोवाट तक तथा एल.एम.वी-2 (वाणिज्यिक) 01 किलोवाट तक के पात्र होगे।

उपभोक्ता द्वारा इस योजना में छूट प्राप्त करने के लिये पंजीकरण www.uppcl.org वेबसाईट के माध्यम से अथवा किसी भी विभागीय खण्ड एवं उपखण्ड कार्यालय में जाकर कराया जा सकता है। पंजीकरण 2000 रुपए धनराशि जमा करके होगी। पंजीकरण कराते समय शेष बकाया विद्युत बिल का भुगतान करने के लिए विकल्प उपलब्ध होंगे जिसमें से उपभोक्ता द्वारा एक विकल्प का चयन किया जायेगा। चेकिंग संख्या एवं उपभोक्ता अकाउण्ट आई.डी. अंकित करने पर छूट सम्बन्धी सभी सूचना ऑनलाइन प्रदर्शित होगी। पंजीकरण धनराशि, शेष राजस्व निर्धारण धनराशि व compoundin धनराशि का भुगतान विभागीय वेबसाइट www.uppcl.org से रेड पोर्टल पर अथवा किसी भी विभागीय कैश काउन्टर पर किया जा सकता है। जिसको खण्ड एवं उपखण्ड द्वारा पोर्टल पर समायोजित किया जायेगा। योजना की जानकारी के लिये 1912 पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस योजना के अन्तर्गत विवादित एवं विभिन्न न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का पंजीकरण कराकर समाधान कराया जा सकेगा। योजना के लिये कार्मिकों एवं कलेक्शन एजेन्सियों हेतु प्रोत्साहन योजना भी लागू की गयी है।

### ओटीएस में सहयोग करेंगे बिजलीकर्मी

**लखनऊ।** निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारी एक तरफ प्रर्दशन कर रहे है वहीं दूसरी तरफ उन्होंने कहा कि है कि ओटीएस योजना मे सभी कर्मचारी पावर कार्पोरेशन का सहयोग करेगें। सोमवार से बकाया वसूली के लिए यह योजना शुरू हो रही है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि सभी कर्मियों से योजना के अमल में सहयोग की अपील की गई है। उनसे कहा गया है कि वे राहत योजना के बारे में लोगों को बताएं और उस दौरान उन्हें निजीकरण का नुकसान भी समझाएं। योजना तक भोजनावकाश और कार्यालय अवधि की समाप्ति के बाद ही विरोध प्रदर्शन होंगे। कर्मचारी नेता ने बताया कि सरकार का सहयोग हमेशा से हम लोग करते रहे है लेकिन कोई भी हमारी सुनने वाला नही है।

# योगी सरकार ने 154 शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उच्च शिक्षा के 154 प्रवक्ताओं, असिस्टेंट प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की है। उच्च मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के अनुमोदन उपरांत यह निर्णय उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्तावों और वित्त विभाग के शासनादेश में निहित प्रावधानों के परीक्षण के पश्चात लिया गया है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार शिक्षकों के हित, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की बौद्धिक आधारशिला हैं और उनके भविष्य को सुरक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है, जिसे योगी सरकार निरंतर निभा रही है। इस संबंध में विशेष सचिव उच्च शिक्षा गिरिजेश त्यागी द्वारा जारी आदेश के अनुसार निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को निर्देशित किया गया है ।

# 29 पुराने श्रम कानूनों का एकीकरण, देशभर में लागू हुई चार संहिताएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 29 पुराने श्रम अधिनियमों को एकीकृत करते हुए मजदूरी संहिता 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, औद्योगिक संबंध संहिता 2020 तथा उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता 2020 को लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह सुधार देश की श्रम व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और आधुनिक बनाते हुए श्रमिकों को सुरक्षा, सम्मान और समयबद्ध सेवाएँ उपलब्ध कराएंगे। नई संहिताएं 21 नवम्बर 2025 से पूरे देश में प्रभावी हो चुकी हैं।

- **श्रम मंत्री अनिल राजभर ने दी नई श्रम संहिताओं की विस्तृत जानकारी**
- **1228 धाराएँ घटकर 480, श्रम कानूनों में ऐतिहासिक सरलीकरण**
- **निरीक्षण व्यवस्था ऑनलाइन, रैंडमाइज्ड सिस्टम से इंस्पेक्टर राज समाप्त**
- **न्यूनतम वेतन सभी क्षेत्रों पर लागू, वेतन भुगतान दो दिन में अनिवार्य**

मंत्री राजभर ने बताया कि इन सुधारों से श्रम कानूनों की जटिलता में ऐतिहासिक रूप से कमी आई है। पहले जहाँ 1228 धाराएँ थीं, अब उनकी संख्या घटाकर 480 की गई है। 1436 नियमों के स्थान पर केवल 351 नियम लागू किए गए हैं। 84 रजिस्टरों की जगह मात्र 8 रजिस्टर और 31 रिटर्न के स्थान पर एकल रिटर्न की व्यवस्था कर दी गई है। इससे नियोक्ताओं का अनुपालन बोझ कम होगा और श्रमिकों के हितों का संरक्षण अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का उल्लेख करते हुए



मंत्री ने कहा कि ये संहिताएँ युवाओं, महिलाओं, गिग वर्कर्स और सभी श्रमिकों के जीवन में स्थिरता व सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी और आर्थिक वृद्धि को नई गति देंगी।

उन्होंने बताया कि पारदर्शिता बढ़ाने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। रैंडमाइज्ड निरीक्षण प्रणाली से अब इंस्पेक्टर राज की अवधारणा समाप्त होगी और निरीक्षक की भूमिका सुविधा प्रदाता के रूप में विकसित होगी। किसी भी प्रथम उल्लंघन की स्थिति में नियोक्ता अधिकतम जुमार्ने के 50 प्रतिशत का भुगतान कर उपशमन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे अनावश्यक अभियोजन नहीं होगा। इससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा और उद्योगों को अनावश्यक विवादों से राहत मिलेगी। मजदूरी संहिता की चर्चा करते हुए मंत्री राजभर ने कहा कि वेतन की परिभाषा को एकीकृत किया गया है और न्यूनतम वेतन अब सभी संगठित और असंगठित क्षेत्रों पर लागू होगा। वेतन भुगतान की समय-सीमा को अनिवार्य किया गया है और सेवा समाप्ति या त्यागपत्र की स्थिति में दो दिनों के भीतर सभी देयक का भुगतान सुनिश्चित किया गया है। ओवरटाइम के लिए दोगुने वेतन का प्रावधान, वेतन से कटौती की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत, तथा सभी कर्मचारियों को वेज-स्लिप देना अब अनिवार्य किया गया है, जिससे वेतन व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी बनेगी।सामाजिक सुरक्षा संहिता की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को वैधानिक रूप से परिभाषित कर सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है।

# एसआईआर लोगों के लिए मुसीबत बन गई : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि एसआईआर लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं है। बीएलओ पर काम का अतिरिक्त दबाव है जिसका असर उनकी शारीरिक-मानसिक स्थिति पर पड़ता दिखाई दे रहा है।

यादव ने कहा ऐसे में निर्वाचन आयोग ने 04 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक एसआईआर का समय बढ़ाकर कोई अपेक्षित काम नहीं किया है। समाजवादी पार्टी ने एसआईआर की समयावधि तीन महीने बढ़ाने की मांग की थी। इस व्यवहारिक और उचित मांग पर निर्वाचन आयोग ने कोई ध्यान नहीं दिया। लगता है निर्वाचन आयोग संवेदनाशून्य हो गया है। निर्वाचन आयोग को मतदाताओं की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि इन स्थितियों में यह आशंका होती है कि निर्वाचन आयोग को अपनी साख, चुनाव की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता की परवाह नहीं रह गई है? वह भाजपा सरकार के इशारे पर काम करने वाली सस्था बन गई है। बिहार में एसआईआर के दौर में लाखों लोग मताधिकार से वंचित रह गए। शक



यही होता है कि कहीं उत्तर प्रदेश में भी होने वलो चुनावों के मद्देनजर विपक्षियों के वोट काटने की साजिश तो नहीं हो रही है? लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ यह खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता है। एसआईआर में कम समय में ज्यादा काम का बोझ और ऊपर से नौकरी की धमकियों से बीएलओ की एक बड़ी जमात बहुत परेशान, हताश है और कुछ तो अवसाद में आत्महत्या तक कर चुके है। अभी तक उत्तर प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा बीएलओ की मौत हो चुकी है। दुःखद यह है कि मृतक बीएलओ को सेवामुक्त दिखाकर उनको सरकारी मदद से भी वंचित रखने की साजिशें हो रही है। बीएलओ को सहायक के तौर पर सफाई कर्मचारी देने से क्या होगा? एसआईआर बहुत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया में यदि कहीं कमी रह गई तो उससे संविधान में दी गई तमाम सुविधाओं, वोट का अधिकार, नागरिकता का अधिकार, आरक्षण की सुविधा आदि सभी से लोगों को हाथ धोना पड़ जाएगा।अखिलेश यादव ने कहा है कि निर्वाचन आयोग की अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से एसआईआर कराने में रूचि है तो उसे उत्तर प्रदेश के करोड़ों मतदाताओं की एसआईआर की समय सीमा कम के कम तीन महीने होनी चाहिए।

# उत्तर प्रदेश में बह रही विकास की गंगा : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सर्किट हाउस सभागार मे शनिवार को वाराणसी में संपन्न हुई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के विजन को हर हाल में मूर्त रूप देना है। गांव -गरीब के कल्याण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार समर्पित भाव से काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है।ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं से सभी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।महिला स्वावलंबन व आत्मनिर्भरता की ओर सरकार के कदम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

- **उपमुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा**

बैठक में एनआरएलएम योजना अंतर्गत प्रदेश मे एक करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक समूह गठित करने एवं महिलाओं को जोड़ने के निर्देश दिए गए, जिन समूह को रिवाल्विंग फंड



अभी तक नहीं मिला है, उनकी समीक्षा कर जल्द से जल्द दिलाने के निर्देश दिए गए। जनपद में संचालित सभी टी एच आर प्लांट को सोलर युक्त करने के निर्देश दिए गए।सी एस आर के अंतर्गत निर्माणाधीन बारात घरो को तत्काल पूर्ण कराने एवं उनका संचालन समूह से कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम की समस्या ग्राम में समाधान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित चौपाल का रोस्टर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के साथ ही नियमित चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का पंपलेट के माध्यम से हर गांव में प्रचार प्रसार करने के साथ ही प्रत्येक गांव पंचायत में यूनिट लगाने के निर्देश दिए गए। बाबा साहब अंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना की समीक्षा में उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले पात्र लाभार्थियों, जिनका रोजगार का काम शुरू हो चुका है, को अगली बैठक में बुलाया जाए। अमृत सरोवरों को साफ-सुथरा रखने एवं उसमें पानी भरने के निर्देश दिए गए। पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निर्मित सड़कों के बारे में जानकारी ली गई।

# टिहरी झील में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं ने बढ़ाई वैश्विक पहचानः धामी

प्रमुख संवाादाता

**नई टिहरी।** उत्तराखंड में हाल ही सम्पन्न राष्ट्रीय खेलों ने राज्य को देवभूमि के साथ-साथ ह्यखेलभूमिह्ल के रूप में स्थापित कर दिया है। लगातार विकसित होती खेल अवसंरचना ने प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय आयोजन की क्षमता से लैस कर दिया है। इसी कड़ी में टिहरी झील ने एक बार फिर दुनिया के सामने अपनी बहुआयामी संभावनाओं को प्रदर्शित किया है।

- **सीएम धामी ने इन्टरनेशनल प्रेसिडेंट कप एवं चर्तुथ टिहरी वाटर स्पोर्ट्स का किया समापन**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को टिहरी झील में आयोजित इंटरनेशनल प्रेसीडेंट कप-2025 और चतुर्थ टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप-2025 के भव्य समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों से संवाद कर उनके उमंग व प्रदर्शन की सराहना की। इस वर्ष के आयोजन में 22 देशों के 300 से अधिक एथलीटों ने रोमांचक मुकाबलों में प्रतिभाग किया। सीएम धामी ने कहा कि टिहरी झील अब सिर्फ ऊर्जा उत्पादन का स्थल नहीं, बल्कि उत्तराखंड की पर्यटन और साहसिक खेल अर्थव्यवस्था का केंद्र बन चुकी है। सरकार की मंशा है कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन नियमित रूप से हों, ताकि खेलों के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और व्यवसाय के नए रास्ते भी खुलते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल मैदान युवा पीढ़ी के अनुशासन, धैर्य, टीम भावना और लक्ष्य साधना को आकार देता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया, फिट इंडिया और खेल संस्कृति को मजबूत करने वाली विभिन्न राष्ट्रीय पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी दृष्टि के परिणामस्वरूप भारत ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले भारतीय खिलाड़ियों की संख्या में बड़ी वृद्धि हुई है। साथ ही भारत वर्ष 2030 में अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा। केंद्र सरकार द्वारा खेल बजट को तीन गुना बढ़ाया जाना भी इसी दृष्टिकोण का प्रमाण है। मुख्यमंत्री धामी ने घोषणा की कि राज्य में जल्द ही 'स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान' लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत आठ प्रमुख शहरों में 23 आधुनिक खेल अकादमियाँ स्थापित होंगी। इन अकादमियों में हर वर्ष 920 अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट और 1000 से अधिक अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह पहल उत्तराखंड को खेल प्रतिभा उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगी। समापन समारोह में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक किशोर उपाध्याय, जिलाधिकारी, टीएचडीसी के सीएमडी सीपन गर्ग, आयोजन समिति के अधिकारी, देश विदेश से आए खिलाड़ी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



संक्षेप

## आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** कोतवाली लालगंज पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित आरोपी को रविवार को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार फोर्स के साथ रविवार की सुबह गश्त पर निकले थे। परसपुर शिव मंदिर के पास समापुर खीरी निवासी विपिन वर्मा पुत्र ओम प्रकाश पुलिस के हत्थे चढ़ गया। समापुर खीरी स्थित पं. राममूर्ति इंटर कालेज में लगभग दो माह पूर्व चोरी की घटना हुयी थी। घटना को लेकर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। विद्यालय में लगे सीसी कैमरे के फुटेज के आधार पर पकड़ा गया आरोपी घटना में संलिप्त पाया गया। दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## पूर्वांचल पत्रकार संघ ने लिया महत्वपूर्ण निर्णय

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन उ0प्र0 की तहसील इकाई चौरीचौरा की मासिक बैठक रविवार को तहसील अध्यक्ष योगेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अनुशासन समिति के प्रदेश महासचिव सुमेर नाथ पाण्डेय रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव ने कहा कि आपसी सहयोग से संगठन का विस्तार होना चाहिए। सदस्य ही संगठन को मजबूत बनाते हैं। जबतक सदस्यों की संख्याबल नहीं होगा, तब तक मजबूती नहीं आयेगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी साथी संगठन मजबूती के लिए प्रयास करेंगे। तथा संख्या बल को बढ़ाने का कार्य करेंगे। बैठक को बतौर अध्यक्ष योगेंद्र मौर्य ने संबोधित करते हुए संगठन विस्तार पर चर्चा किया। बैठक के अंत में मंडल उपाध्यक्ष अरविंद ओझा के पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की गया)।

## सीओ के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी

**इटावा।** पुलिस लाइन सभागार में भरथना सीओ अतुल प्रधान के सेवानिवृत्त होने पर एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने माला और शॉल उड़ाकर एवं घड़ी भेंट कर उन्हें उन्हें विदा किया। इस मौके पर पुलिस विभाग के अधिकारियों वकर्मचारियों ने उनके सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें उनकी सेवाओं की सराहना की गई। एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बुका भेंट कर एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया एवं नम आंखों से विदाई दी। मोहम्मद आमीन, ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद, जिलाउपाध्यक्ष शेख नवाब आदि लोगों ने सेवानिवृत्त भरथना सीओ अतुल प्रधान को माला पहनाकर और शॉल उड़ाकर सम्मानित किया।

## संविधान निर्माता की पुण्यतिथि मनायी

**इटावा।** कानून विधि संविधान निमार्ता बी एन राव की पुण्य तिथि परशुराम सेवा समिति, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा व संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति के संयुक्त तत्वावधान में राम किशोर मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि नागरी के आवास पर इंद्रा आवास कालोनी आईटीआई चैराहे के पास में मनायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीबीए के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी, महामन्त्री नितिन तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी उपस्थित रहे। डॉ.सुशील सम्राट ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीबीए के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मण समाज की एक जुटता के लिए सभी को प्रयास करना होगा स उन्होंने कहा कि कानून विधि बी एन राव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# 25 बीएलओ की मौत पर आप का विरोध, हुई श्रद्धांजलि सभा



**इटावा।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर प्रदेश व्यापी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भरथना के बालूगंज स्थित शहीद पार्क में किया गया। देशभर में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर भाजपा सरकार और चुनाव आयोग बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ पर इस हद तक दबाव बना रहे हैं कि अब तक 25 से अधिक बीएलओ अपनी जान गंवा चुके हैं। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने कहा कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के खिलाफ संगठित अपराध है। जब चुनाव में अभी डेढ़ साल बाकी है तो इतनी बेतहाशा जल्दबाजी क्यों क्या यह चुनाव सुधार है या विपक्ष और वंचित वर्ग को सूची से हटाने की सोची-समझी साजिश। आप जिलाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव आयोग की इस निर्मम जल्दबाजी का नतीजा 25 से ज्यादा मौतों के रूप में सामने आया है और अब आयोग को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और एस आई आर की समय सीमा कम से कम 3 माह की जानी चाहिए। मृत बीएलओ को श्रद्धांजलि देने के साथ यह मांग उठाई जाएगी कि बीएलओ की मौतों की उच्च स्तरीय जांच हो, परिवारों को मुआवजा दिया जाए और एसआईआर के नाम पर हो रहा अत्याचार तुरंत रोका जाए। कार्यक्रम में भजनलाल जिलाउपाध्यक्ष, एजाज मोहम्मद जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, अशोक यादव विधानसभा अध्यक्ष, मोहम्मद नफीस, अंकुर कुमार जिला उपाध्यक्ष, किशन लाल, प्रदीप पोरवाल, महेश चंद्र, जीतू यादव, सर्वेश, राम शंकर, कृपाराम, दिनेश कुमार मौजूद रहे।

# गजेन्द्र परिहार की माता के निधन पर शोक सभां

**मथुरा।** भारत किसान यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता गजेन्द्र परिहार की माता के निधन पर मंगलवार को उनके बरौली गाँव स्थित निवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में बड़ी संख्या में किसान नेता, ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता पहुँचे और परिहार परिवार को सांत्वना दी। शोक सभा में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चै. नरेश टिकैत भी विशेष रूप से पहुँचे। उन्होंने परिहार परिवार से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। टिकैत ने कहा कि ह्लपरिहार जी संगठन के सक्रिय साथी हैं। इस कठिन घड़ी में पूरा यूनियन परिवार उनके साथ है ह्व

कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। परिवार की ओर से गजेन्द्र सिंह परिहार ने सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा गया कि इस दुख की घड़ी में सभी ने जिस तरह साथ दिया, उससे उन्हें हिम्मत मिली है। इस मोके पर राष्ट्रीय महा सचिव राजबीर सिंह जादौन, प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, जिला अध्यक्ष मथुरा मीरा सिंह, जिला अध्यक्ष आगरा राजवीर लवानिया, जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद प्रेम अतुल यादव, जिला अध्यक्ष मैनपुरी मुकेश प्रदेश सचिव तिलक सिंह राजपूत राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय तालान, जिलाध्यक्ष अलीगढ़ सुंदर बालियान, ओमपाल मालिक शैतान सिंह परिहार, जगदीश परिहार, कैप्ट बच्चू सिंह, गिर्राज परिहार, भोला परिहार, हेमंत परिहार, गोपाल परिहार, मनीष वर्मा, सलीमखान, अतुल शर्मा, करूआ सिंह, बिपिन यादव, बबली त्यागी,



मालती यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चै नरेश टिकैत के नेतृत्व में मृत्यु भोज का आयोजन न करने बाली कुप्रथा पर रोक लगाने का लिया गया।

# बाल मेले व विज्ञान प्रदर्शनी में मेधावी हुए पुरस्कृत



**प्रतापगढ़।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार को बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकांत ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अतिथि लालगंज कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरुणकुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि चिकित्सक डॉ. रूपेश जायसवाल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक शिवकांत ओझा ने छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान और प्रयोगात्मक विज्ञान पर ध्यान देने का आह्वान किया तथा वैज्ञानिक जगदीशचंद्र बसु को याद करते हुए विज्ञान में नए आयाम छूने की प्रेरणा दी। छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में नवाचार मॉडल प्रस्तुत किए। सामाजिक विषयों पर रंगोली बनाई और कुश्ती, कबड्डी व पानी के बताशे खाने की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। कुश्ती में यशराज सिंह, प्रतीक त्रिपाठी, सुमित गौतम और सार्थक मिश्र विजयी रहे, कबड्डी में कक्षा नवम और द्वादश के छात्र विजेता बने, जबकि पानी के बताशे प्रतियोगिता में शशिशेखर और सृष्टि केसरवानी ने सफलता पाई। छात्रों द्वारा बनाया गया आर्टिफिशियल एक्वेरियम आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में लगी दुकानों पर बच्चों ने खूब आनंद लिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक बसंत कुमार मिश्र, हर्षद शुक्ल, अनूप तिवारी, रेखा ओझा, अभिषेक शर्मा, कुलदीप सिंह, दीपक शर्मा और अश्वनी पाण्डेय मौजूद रहे। इस मौके पर राकेश त्रिपाठी, विद्यालय निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र और उप प्रधानाचार्य उमेशपाल मिश्र आदि रहे।

## महापौर के पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी, वर-वधु को दिया आशीर्वाद

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को महानगर के एक होटल में आयोजित महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव के सुपुत्र दिव्यांशु के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने वर-वधु को आशीर्वाद दिया और दोनों के परिवारों को शुभकामनाएं दीं। रविवार पूर्वाह्न गोरखपुर से रवाना होने से पूर्व मुख्यमंत्री मोहद्दीपुर स्थित विवाह कार्यक्रम आयोजन स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें वैवाहिक समारोह की बधाई दी। उन्होंने वर दिव्यांशु व वधु दिव्या को आशीर्वाद दिया और उपहार प्रदान किया और उनके मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर महापौर की पत्नी निधि श्रीवास्तव, वधु की माता कल्पना, पिता विनोद अग्रहरि आदि भी आदि उपस्थित रहे।

## नुमाइश की दुकानों का आवंटन शुरू

**इटावा।** नुमाइश की दुकानों का आवंटन शुरू। पांच सौ से ज्यादा दुकानदारों को दुकानों का आवंटन किया गया। आवंटन में पूर्व में काबिज दुकानदारों को प्राथमिकता दी गई। अपर जिलाधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने दी जानकारी। दुकानों के आवंटन में देरी को लेकर कल बाहर से आए दुकानदारों आक्रोश जताया था, दुकानदारों का कहना था कि दुकानों के आवंटन में देरी के चलते उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही आवंटन की नई प्रक्रिया का भी विरोध किया था। नई प्रक्रिया के तहत दुकानों को बाजार के हिसाब से आवंटन करना था, जिसमें खिलौने की दुकान एक साथ, कपड़े की दुकानें एक साथ, घरेलू सामान की दुकानें एक साथ और इसी तरह एक वस्तु की दुकानें एक जगह लगाई जाने का निर्णय नुमाइश प्रशासन ने लिया था जिसका विरोध दुकानदारों ने किया था साथ ही दुकानदारों का कहना था कि उनको नुमाइश के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है और उनका करोड़ो का सामान खुले में पड़ा हुआ है। अपरजिलाधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि नुमाइश की दुकानों का आवंटन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और 508 दुकानों का आवंटन किया जा चुका है और पूर्व से जिस जगह पर दुकानें लगती रही है उन जगहों पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को प्राथमिकता दी गई है।

# यातायात माह समापन में जागरूकता का संदेश



**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती में यातायात माह-2025 का भव्य समापन थाना कोतवाली भिनगा परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक, एनसीसी कैडेट्स, व्यापार मंडल के सदस्य व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व डीएम अश्विनी कुमार पांडेय एवं एसपी राहुल भाटी ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसके बाद यातायात माह के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 20 दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। डीएम ने कहा कि सड़क पर नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा– जीवन अनमोल है, अतः सड़क पर अनुशासन ही सुरक्षा की गारंटी है। एसपी ने बताया कि यातायात माह के दौरान जनपदभर में हेलमेट-सीटबेल्ट चेकिंग, स्कूल जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां और जनसंपर्क अभियान लगातार चलाए गए। उन्होंने कहा– सड़क सुरक्षा तभी सफल होगी जब नागरिक स्वयं नियमों को आदत बनाएँगे।

एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम ने कहा कि सड़क सुरक्षा पुलिस और जनता दोनों की साझा जिम्मेदारी है। जनपदभर में चालान, जागरूकता कार्यक्रम और विद्यालय गतिविधियों से सकारात्मक परिणाम मिले हैं।

**सम्मानित अधिकारी/कर्मचारी:** प्रभारी यातायात मो. शमीम, 768 चालान, मु.आ. रणविजय सिंह झ 604 चालान, उ.नि. सुरेश कुमार साहनी, कोतवाली भिनगा 285 चालान।

**विभिन्न थानों से सर्वाधिक चालान करने वाले अधिकारी:** संदीप कुमार (हरदत्त नगर), योगेन्द्र बाबू (मल्हीपुर), जितेन्द्र राय (सिरसिया), रमेश सिंह (नवीन मर्दन), विनोद यादव (इकौना), पंकज गुप्ता (गिलौला), अबूल खैर (सोनवा), पुष्पलता (महिला थाना)।

**सर्वाधिक चालान करने वाला थाना :** कोतवाली भिनगा – प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियानों में मु0आ0 प्रदीप कुमार राम, आजाद यादव और अमित यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, पीटीओ महेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी सतीश कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी भरत पासवान, व्यापार मंडल के सदस्य, एनसीसी कैडेट्स एवं पुलिस बल उपस्थित रहा। समापन पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा क्षेत्राधिकारी सतीश कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## हाईवे पर जाम को लेकर पुलिस ने कसा शिकंजा बाइस नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** नेशनल हाईवे पर मृतक का शव रखकर जाम को लेकर लीलापुर पुलिस ने आरोपियों पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने बाइस नामजद तथा चालीस से साठ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सड़क जाम करने तथा पुलिस फोर्स से धक्कामुक्की करने आदि को लेकर केस दर्ज किया है। थाने के दरोगा शहंशाह खान ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस नवम्बर को करंट से हण्डौर बलदियान गांव के गोरे लाल सरोज के पुत्र गुलशन की मौत हो गयी थी। मृतक के पिता गोरे लाल पुत्र मथुरा प्रसाद के साथ आरोपियों ने शव रखकर रायबरेली-प्रतापगढ़ नेशनल हाईवे पर हंगामा किया। आरोपियों ने पुलिसफोर्स के पहुंचने पर धक्का-मुक्की भी की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गोरेलाल पुत्र स्व मथुरा प्रसाद, शीलादेवी पत्नी गोरे लाल, सेवक सरोज, कन्हैयालाल सरोज, सुनील गौतम, अविनाश कुमार राणा ग्राम चंदापुर तथा राम कुमार सरोज पुत्र मौती लाल, आशीष सरोज पुत्र गुड्डू सरोज, नन्हें सरोज पुत्र झंगू, रोशन पुत्र रामसुख, बबलू सरोज पुत्र लल्लू, विटोला पत्नी रामसेवक सरोज, सुशमादेवी पत्नी कन्हैया लाल, चंदादेवी पत्नी सुरेश गौतम, अमरावती पत्नी दानपाता सरोज, गीता गौतम पत्नी राकेश, आरती पत्नी प्रमोद, अनीता पत्नी बृजेश सरोज, रमेश सरोज पुत्र बुद्दूराम, सुवकल्ला पत्नी रामफता, प्रियंका सरोज पत्नी राधे व देवीसरोज पत्नी राकेश निवासीगण हण्डौर व इनके साथ चालीस से साठ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## छात्रा के अपहरण का आरोप, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** स्कूली छात्रा के अपहरण को लेकर पुलिस को आरोपी के खिलाफ रविवार को तहरीर दी गयी है। रायबरेली जिले के सलोन थाना के मोनी का पुरवा की एक उन्नीस वर्षीया युवती लालगंज के एक महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। बीती उन्तीस नवम्बर को वह लालगंज महाविद्यालय आयी थी। पीड़िता छात्रा की मां शान्ती देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि लालगंज बाजार से कोतवाली क्षेत्र के ही एक आरोपी ने उसकी पुत्री को जबरिया अपहृत कर कहीं लेकर चला गया है। पीड़िता के मुताबिक रविवार की सुबह एक मोबाइल नम्बर से छात्रा ने मां को अपने साथ अप्रिय घटना की आशंका को लेकर आप बीती भी बतायी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है तहरीर मिली है जांचकर कार्यवाही की जायेगी।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने रंजिशन मारपीट को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट तथा गाली गलौज व धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पतनपुर कोठा नेवढ़िया निवासी हीरालाल वर्मा की पत्नी वंदना ने दी गयी तहरीर में कहा है कि अट्ठाइस नवम्बर की रात आठ बजे वह घर पर मौजूद थी। घरेलू कलह को लेकर उसके जेठ बसंतलाल पुत्र अंगनू वर्मा तथा रजनीश वर्मा पुत्र कन्हैया लाल गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता को मारापीटा। बीच बचाव करने आये पीड़िता के पिता पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी बसंतलाल समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# खेल से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास : डीएम




**प्रतापगढ़।** सिटी स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला के साथ सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर हौसला आफजाई की। प्रतियोगिता में मेधावियों ने विभिन्न खेल स्पधाओं तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के तहत जलवा बिखेरा। खेलकूद समारोह में मुख्य आकर्षण दौड़ प्रतियोगिता, कबड्डी मैच तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम सराहनीय दिखा। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि रमेश चंद्र मिश्र गुरूजी ने खेल मैदान पर फीता काटकर किया। छात्रों ने अतिथियों के स्वागत में मार्च पास्ट भी किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने विद्यार्थियों के उत्साह और अनुशासन की प्रशंसा किया।

उन्होंने कहा कि खेल भावना से एकता को बल मिलता है। डीएम ने कहा कि खेल जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है। इसके अतिरिकत कार्यक्रम में सीबीएसई जिला समन्वय विपिन कुमार सोनी, भाजपा नेता विशाल सिंह, के.के. सिंह, विजय मिश्र, भाजपा नेत्री रमा मिश्रा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के पठन पाठन व खेल कूद के वातावरण को सराहा। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में तेरह स्वर्ण, बारह रजत और छह कांस्य पदकों सहित कुल एक सौ इक्तीस पदकों के साथ रमन हाउस प्रथम स्थान का खिताब हासिल करने में सफल रहा। वहीं तेरह स्वर्ण सात रजत व सात कांस्य पदकों सहित कुल एक सौ अट्ठारह पदकों के साथ टैगोर हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। छह स्वर्ण आठ रजत चार कांस्य पदकों सहित कुल सरसठ पदकों के साथ अशोक हाउस तृतीय स्थान पर रहा। शिवाजी हाउस तीन स्वर्ण आठ रजत नौ कांस्य पदकों सहित कुल बीस पदकों के साथ चतुर्थ स्थान पर रहा। सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के बाद विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने विद्यालय प्रशासन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों को खेलों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने कहा कि खेल स्वस्थ शरीर और सकारात्मक मानसिकता का आधार हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य हिमांशु शेखर सतपथी ने आभार जताया।

## दुर्गेश मिश्र बने किसान कांग्रेस कमेटी गोला के ब्लॉक अध्यक्ष

**गोला, गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष राम भवन शुक्ला की संस्तुति पर किसान कांग्रेस कमेटी गोरखपुर के जिलाध्यक्ष पवन राय उर्फ मोनू द्वारा गोला ब्लॉक क्षेत्र के परसिया मिश्र गांव निवासी दुर्गेश कुमार मिश्र को किसान कांग्रेस कमेटी गोला ब्लॉक के ब्लाक अध्यक्ष पद की पुनः जिम्मेदारी सौंपी है। गोरखपुर जिला महामंत्री महेंद्र नाथ मिश्र द्वारा गोला ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश कुमार मिश्रा को नियुक्ति पत्र दिया गया। किसान कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर दुर्गेश मिश्र को पुनः दोबारा मनोनयन पर कांग्रेस नेता चंद्रभान पांडेय, गणेश शंकर, मनीष दत्त यादव, गणेश मिश्र, श्रवण कुमार यादव, डॉ शिव कांत यादव, धर्मेंद्र पांडेय, डॉ नागेंद्र तिवारी, डॉ जितेंद्र तिवारी, बबलू यादव, बुलेट तिवारी व सत्येंद्र तिवारी सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गणों ने बधाई दी।

## सर्विस रोड पर मिला महिला का शव, कॉल आने पर हुई पहचान

**जसवंतनगर, इटावा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित धौलपुर खेड़ा गांव के फ्लाईओवर ब्रिज की सर्विस रोड पर रविवार की अलख सुबह लगभग छह बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब राहगीरों ने एक महिला का शव और पास में पड़ा बैग देखा। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कमल भाटी के निर्देशन में उपनिरीक्षक आशीष कुमार व यशवीर तोमर पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से मिले मोबाइल फोन की जांच शुरू की। उसी दौरान फोन पर एक कॉल आई, जिसके आधार पर मृतका की पहचान हो सकी। कॉल करने वाले दीपक, निवासी दोदुआ गोपालपुर, ने बताया कि मृतका उसकी मौसी 45 वर्षीय गायत्री देवी पत्नी स्व. राजू निवासी ग्राम सायनो, जिला भिंड थीं। वह गुड़गांव में अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए किराए पर रहती थीं और वहीं एक कंपनी में कार्यरत थीं। दीपक ने बताया कि मौसा की मृत्यु के बाद गायत्री देवी दोदुआ में घर बनवाकर वहीं रहने लगी थीं। घर में बेटी के जन्मोत्सव व मूल शांति के पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह गुड़गांव के सेक्टर 37 से शनिवार की रात करीब 9 बजे बस में बैठकर निकली थीं। लेकिन रास्ते में उनके साथ क्या हुआ, इसकी कोई जानकारी परिजनों को नहीं मिल सकी। मृतका के दो बच्चें है जिसमें 22 वर्षीया पुत्री मनु और 20 वर्षीय पुत्र शिवमोहन है।

# मन की बात संग जनसमर्थन का उत्सव

एसपी सिंह परिहार

**श्रावस्ती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम मन की बात के 128वें संस्करण को श्रावस्ती विधायक राम फेरन पाण्डेय ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ संख्या 324, इकौना देहात पर कार्यकताओं के साथ श्रवण कर आत्मसात किया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, सहभागिता और जनसमर्पण से परिपूर्ण रहा। विधायक ने कहा कि मन की बात केवल एक संवाद नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना को जागृत करने वाला लोक-प्रबोधन, नवप्रेरणा, राष्ट्रभावना और सामूहिक संकल्प का महाअभियान है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा प्रसारित यह श्रृंखला हर नागरिक के हृदय में देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा, सृजनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की ज्योति जलाती है।



कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने स्वच्छता, आत्मनिर्भरता, नवाचार, सेवा एवं संवेदनशील प्रशासन को मजबूत बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण प्रेरक संदेश दिए। उन्होंने विशेष रूप से सहभागिता, सतत विकास, नवोन्मेष, कर्मठता, संकल्पशक्ति, राष्ट्रोदय, परिवर्तनशीलता और सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने की अपील की।

विधायक पाण्डेय ने प्रधानमंत्री के संदेशों को लोकउन्मुख, दृष्टिपूर्ण, युगानुकूल और राष्ट्रविकासकारी बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम भारत की आत्मा को एक सूत्र में पिरोने वाला अद्भुत जन-सम्वाद है, जो करोड़ों भारतीयों को राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय, जिम्मेदार और सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने कहा कि ह्लमन की बातह्व ने भारतीय समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है और यह कार्यक्रम जनता को अपनी क्षमता पहचानकर राष्ट्रहित में कार्य करने की उद्बोधन शक्ति प्रदान करता है। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में भारजपा के समर्पित कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मन की बात भारतीय जनमानस का प्रेरणा-स्रोत बन चुका है, जो राष्ट्र के प्रति समर्पण, सामाजिक जागरूकता और विकास की आकांक्षा को सशक्त करता है। कार्यक्रम के अंत में मंडल इकौना के नेतृत्व ने उपस्थित जन-समूह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की यह जन-चेतना यात्रा देश को वैश्विक पटल पर और अधिक मजबूत और गौरवशाली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# सीमा सुरक्षा सुदृढ़ और पुलिस एसएसबी का संयुक्त अभियान



**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती में इंडो-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देशन में पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीमें लगातार बॉर्डर क्षेत्रों में गश्त, चेकिंग एवं सतर्क निगरानी कर रही हैं। थाना मल्हीपुर पुलिस एवं एसएस बी द्वारा तिकोनी मोड़ (नेपाल बॉर्डर) पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन चेकिंग कर सुरक्षा तैयारियों का मौके पर परीक्षण किया गया। वहीं थाना सिरसिया पुलिस व रस्इ द्वारा सुइयां बॉर्डर एवं सीमावर्ती ग्राम मदारगढ़ में पैदल गश्त करते हुए आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई तथा सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया गया इसी क्रम में चौकी असनहरिया क्षेत्र के ग्राम शंकर नगर में पुलिस एवं रस्इ बल द्वारा लोगों की व्यवस्थित एवं सतर्कता-पूर्वक जाँच की गई, जिससे सीमा क्षेत्र की सुरक्षा और अधिक मजबूत हुई। जिले के सभी संवेदनशील स्थानों, बाजारों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी पुलिस टीमें सक्रिय रहकर सतर्क निगरानी, पैदल गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा लगातार जारी रखे हुए हैं। श्रावस्ती पुलिस आमजन से अपील करती है कि अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस अथवा डायल 112 पर दें।

संक्षेप

## लापता युवक घायल अवस्था में मिला

**भरथना, इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला मुलु बिबौली निवासी जितेंद्र दोहरे के परिजनों में रविवार की सुबह करीब 6 बजे उस समय कोहराम मच गया, जब बीते 15 घंटों से घर से अचानक लापता हुए उनके छोटे मंदबुद्धि पुत्र विपिन कुमार (22 वर्ष) दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक स्थित ग्राम कंधेसी पचार के समीप रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से घायल अवस्था में पड़ा होने की खबर मिली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजन गम्भीर घायल विपिन को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने विपिन को सैफई पीजीआई के लिए रिफर कर दिया। घायल विपिन के चचेरे भाई विकास दोहरे ने बताया सैफई के चिकित्सकों ने विपिन के घुटनों से नीचे के दोनों पैर काटकर शरीर से अलग कर दिए हैं। विकास के अनुसार मंदबुद्धि विपिन बीती शनिवार कि शाम करीब 4 बजे से अचानक घर से लापता हो गया था, परिजन विपिन की खोजबीन में लगे हुए थे। तभी पुलिस ने उक्त घटना की सूचना परिजनों को दी। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## युवक ने खाया जहर, भर्ती

**इकदिल, इटावा।** किसी बात से छुब्ध होकर एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। गांव कांकरपुर के रहने वाले रूप सिंह 26 वर्षीय दीपक ने रविवार दोपहर बाद किसी बात छुब्ध होकर एक जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते देख परिजन लोग उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल ले गए।

## टक्कर से 3 लोग घायल

**बकेवर, इटावा।** कस्बा बकेवर से खाद लेकर घर जा रहे साइकिल सवार किसान को बुलट मोटरसाइकिल सवार ने लखना रोड पर पेट्रोल पंप के पास साइकिल में टक्कर मार दी जिससे किसान सहित तीन लोग गंभीर रूप घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलो को इलाज के लिए एम्बुलेंस बुलाकर 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नगला शिव सिंह निवासी किसान अजब सिंह रविवार की दोपहर कस्बा बकेवर से साइकिल से खाद लेकर घर जा रहे थे जैसे ही वह लखना रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे कि तभी कस्वा लखना की ओर से तेज गति से आ रहे बुलट मोटरसाइकिल सवार चालक ने किसान की साइकिल में टक्कर मार दी जिससे किसान अजब सिंह व बुलट मोटरसाइकिल सवार अंकित कुमार व उनके पिता महावीर सिंह निवासीगण ग्राम लखनपुर थाना भरथना गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलो को इलाज के लिए एम्बुलेंस बुलाकर 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया। जहाँ स्थानीय चिकित्सक के द्वारा इलाज किया गया किसान अजब सिंह के पैर में चोट होने के चलते उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** राष्ट्रीय राजमार्ग से सिस हाट रोड के किनारे स्थित एक उत्सव गार्डन के पास शनिवार देर रात 2 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने हाइवे पर जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह मौके पर ही गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक युवक दम तोड़ चुका था। मृतक की पहचान जीतपाल पुत्र भजनलाल, निवासी बिहारी भटपुरा, थाना सैफई के रूप में हुई है। मौके पर पहुँचे सिटी इंचार्ज मनीष कुमार व ललित चतुवेर्दी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा किस वाहन से हुआ, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगालने के साथ राहगीरों से भी जानकारी जुटा रही है। मृतक युवक की माँ का नाम सुनीता देवी है यह युवक पिछले कई साल से अपनी माँ के साथ मामा के गाँव में ही नानी के साथ रह रहा था।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी एल.आई.सी. पॉलिसी संख्या 226827192 में त्रुटिवश मेरा नाम Ritika Singh दर्ज है जबकि मैने अपना नाम बदलकर Twinkle Singh रख लिया है जो मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी अभिलेखों में दर्ज है। मेरी पॉलिसी मे भी मेरा नाम Twinkle Singh ही दर्ज किया जाये। **टिंवकल सिंह पुत्री दिलीप सिंह नि.- एस एस-442, सेक्टर-एफ, एल.डी.ए. कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ।**

# गीडा के ट्रेड शो में झलक रही यूपी की औद्योगिक प्रगति



**गीडा, गोरखपुर।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 36वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय यूपी स्टेट ट्रेड शो में प्रदेश की औद्योगिक प्रगति झलक रही है। इस ट्रेड शो को लेकर उद्यमियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आमजन में खासा उत्साह और उल्लास दिख रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में बीते आठ साल से औद्योगिक विकास की नई इबारत लिख रहे गीडा में उद्योगों की सतत श्रृंखला खड़ी हो रही है। सीएम की मंशा के अनुरूप कुछ वर्षों से गीडा के स्थापना दिवस पर ट्रेड शो का भी आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष राज्य स्तरीय ट्रेड शो लगाया गया है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने इसका उद्घाटन किया था और यह सोमवार तक जारी रहेगा। ट्रेड शो के दूसरे दिन आए दर्शकों के रिस्पांस ने उद्यमियों को खूब उत्साहित किया। यहां गीडा में बने उत्पादों के साथ ही यूपी के विभिन्न जिलों के ओडीओपी प्रोडक्ट और नवाचार से बने उत्पाद सबका ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं। यहां लोगों को यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि पेप्सिको के कोल्ड ड्रिंक उनके जिले में ही बन रहे हैं और कोका कोला के भी जल्द ही बनने वाले हैं। गीडा की पुरानी यूनिट्स में से एक आईजीएल के स्टाल पर रखा पशु आहार देख लोगों को कौतुक हो रहा है। कारण यह कि हाई प्रोटीन वाला यह पशु आहार एथेनॉल बनाने में प्रयुक्त मक्के के अवशेष को प्रसंस्कृत कर इसे बनाया गया है। अभी टेस्टिंग फेज में इसे पशुपालकों में वितरित किया जा रहा है।

आजमगढ़ की ओडीओपी में शामिल ब्लैक पॉटरी को देखने के लिए भी भीड़ जुट रही है। रेडीमेड गारमेंट्स के स्टालों पर भी खरीदारों के आने का सिलसिला बना हुआ है। महिला दर्शकों में सिल्क साड़ियों का आकर्षण छाया हुआ है। सिद्धार्थनगर की ओडीओपी के मेसर्स बुद्धा डिलाइट के स्टाल पर भगवान बुद्ध के महाप्रसाद के रूप में प्रसिद्ध कालानमक चावल से बने बेकरी उत्पाद नवाचार से कारोबार का नया अध्याय बता रहे हैं। गाजीपुर की प्रेरणा राय एंटीक हैंडक्राफ्ट और गिफ्ट आइटम का उत्पादन करती हैं। वह दो दिन में बड़ी संख्या में दर्शकों के आगमन से काफी खुश हैं। उनके स्टाल के एंटीक वस्तुओं को सराहना मिल रही है। लखनऊ के हर्बल टी स्टाल पर कई तरह के फूलों से बनी चाय का स्वाद भी दर्शक ले रहे हैं।

# लोक जनशक्ति पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

● उमेश राम त्रिपाठी लोजपा के जिलाध्यक्ष मनोनीत

**सहरी, गोरखपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर गोरखपुर जिले के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर पार्टी के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया। साथ ही बिहार विधान सभा चुनाव में प्रचंड जीत का जमकर जश्न मनाया। लोजपा स्थापना दिवस पर शहर के द्वारिकापुरी कालोनी स्थित कैंप कार्यालय पर बैठक व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले पार्टी संस्थापक व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। तदुपरांत कार्यकर्ताओं से पार्टी में एक दूसरे के सहयोग व समर्पण के भाव से कार्य करने की बात कही।

कार्यकर्ताओं ने बिहार में पार्टी के प्रचंड जीत पर एक दूसरे को बधाई व मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल लोजपा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष चिंतामणि मिश्रा ने गोरखपुर के उमेश राम त्रिपाठी को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया।



कार्यक्रम में प्रदेश सचिव कमलेश पांडेय, नव मनोनीत जिलाध्यक्ष उमेशराम त्रिपाठी, देव भास्कर तिवारी, बृजेश मणि, अखिलेश सिंह, रतन श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार, मुन्ना पांडेय व राजमणि तिवारी सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वरदान वेलफेयर सोसायटी ने बीएलओ को किया सम्मानित



**इटावा।** एसआईआर प्रक्रिया में महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान देने पर वरदान वेलफेयर सोसायटी एवं बुनकर एकता समिति के तत्वावधान में कासिम अंसारी ने अपनी टीम के साथ बाह अड्डा स्थित कार्यालय पर दो बीएलओ को सम्मानित किया। वरदान वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष कासिम अंसारी ने अपनी टीम के साथ करनपुरा व बाह अड्डा के बीएलओ उग्रसेन तथा पुरोहितन टोला की बीएलओ विमला देवी को बुके देकर, पुष्प अर्पित कर और शाल उढ़ाकर सम्मानित किया साथ हो उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। कासिम अंसारी ने कहा दोनों बीएलओ क्षेत्र में कड़ी मेहनत कर लोगों तक एसआईआर फार्म पहुंचा कर फार्म भरने में काफी सहायता कर रहे हैं ताकि लोग फार्म भरने से छूट न जायें। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वह अपना एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ के पास अवश्य जमा कर दें और अगर फार्म भरने में कोई दिक्कत आए तो बाह अड्डा स्थित कार्यालय पर आकर अपनी समस्या का समाधान कराएं। बीएलओ उग्रसेन ने बताया कि करीब 900 फार्म वितरित हो चुके हैं और करीब 725 फार्म अपलोड हो चुके हैं। बीएलओ विमला देवी ने बताया कि अधिकांश फार्म वितरित हो चुके हैं और 800 फार्म अपलोड हो चुके हैं। इस अवसर पर दिव्यांशु, राजीव पाल, हाफिज मोहम्मद आबिद, मोहम्मद शाबान, जीशान अंसारी, शफीक अंसारी, इमरान खान, डा. मोहम्मद रफी, शावेज नकवी आदि उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से भाई की मौत, बहन घायल

**चकरनगर, इटावा।** खितौरा मंदिर से लौटने के दौरान थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी भाई बहन शनिवार शांम को सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। स्वजन घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सहसों थाना के गांव रानीपुरा निवासी सुधीर दोहरे का 18 वर्षीय पुत्र अतुल कुमार शनिवार संध्या समय लगभग सात बजे बाइक से अपनी बहन रैनू के साथ भरथना के समीप खितौरा मंदिर के पास से लौटकर घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान सहसों थाना के अंतर्गत फूप चैरेला मार्ग पर पसिया मोड़ के समीप में सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों भाई बहन गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे स्वजन दोनों घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने अतुल कुमार को मृत घोषित कर दिया। इस सूचना से स्वजन में मौके पर ही कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराते हुए शव को स्वजन के सुपुर्द कर दिया। अलमा अहिरवार, प्रभारी निरीक्षक सहसों ने बताया कि जानवर की टक्कर से युवक की मौत हुई है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## आग से झुलसी किशोरी ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**इकदिल, इटावा।** आठ दिन पहले घर मे खाना बनाते आग से झुलसी किशोरी ने इलाज दौरान दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। गांव नगला फुंदी के रहने वाले अमर सिंह की 17 वर्षीय बेटी तनु शनिवार देर शाम 21 नवंबर को घर में खाना बना रही थी। तभी ऊपर रखी डीजल की कट्टी गिरने से किशोरी आग की चपेट में आ गई। चीखने चिल्लाने की आवाज सुन परिजन लोग दौड़कर पहुंचे और शरीर में लगी आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन जबतक आग बुझाई गई तब तक किशोरी बुरी तरह जल जुकी थी। आनन फानन में परिजन लोग आग से झुलसी किशोरी को जिला अस्पताल ले गए वहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया वहां आठ दिन से जिंदगी और मौत से लड़ रही तनु ने शनिवार देर रात दम तोड़ दिया। मृतिका दो भाई दो बहनों में घर की लाडली थी इण्टर पास कर अपने घर मां फूल माला के साथ काम मे हाथ बटाती थी। बेटी के मौत के बाद मां फूलमाला, बड़ी बहन दो भाइयों अंशु, और टिंकू समेत परिजनों का रोरोकर बुरा है।

## ज्ञानस्थली में ग्रुप ऑफ स्कूल गेम्स का शुभारंभ

**इटावा।** ज्ञानस्थली विद्यालय में ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स गेम्स टूनामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसमें वॉलीवाल, खो-खो, कबड्डी व क्रिकेट को शामिल किया गया। जिसमें टूनामेंट का पहला क्रिकेट मैच ज्ञानस्थली कटरा शमशेर खां व ज्ञानस्थली कवाखेंडा.के बीच खेला गया। टूनामेंट 30 नवंबर से 30 दिसंबर तक रहेगा। विद्यालय प्रांगण आयोजित टूनामेंट में उपस्थित मुख्य अतिथि विद्यालय समिति के अध्यक्ष चेयरमैन शिवप्रसाद यादव व उपाध्यक्ष वाइस चेयरमैन विनीत यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मैदान में एक गेंद खेलकर शुभारंभ किया। मैच प्रारंभ होने से पहले चेयरमैन सर, प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी व शिवमंगल सर ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन सर ने कहा कि खेलों का महत्व शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए है, क्योंकि वे शरीर को स्वस्थ रखते हैं, तनाव कम करते हैं, अनुशासन सिखाते हैं और टीम भावना व नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। खेल से आत्मविश्वास बढ़ता है और एकाग्रता में सुधार होता है, जिससे समग्र व्यक्तित्व का विकास होता है। मैच में टॉस जीतकर कटरा शमशेर ने कवाखेंड़ा को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जिसमें मेजबान टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 164 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कटरा शमशेर खान की टीम 113 रन पर सिमट गई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रमुख शिवमंगल, नीरज त्रिपाठी तथा खेल विभाग प्रमुख वासिफ खान व विद्यालय परिवार के सभी अध्यापक गण मौजूद थे।



# चरगांवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर का हो रहा सौंदर्यीकरण




जिला संवाददाता (vol)

**चरगांवा, गोरखपुर।** गोरखपुर नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत स्थित महाराणा प्रताप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा के परिसर का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। अब पीएचसी परिसर में आगंतुकों को जल जमाव का दंश नही झेलना पड़ेगा।

● जल जमवा से मिलेगी निजात

पीएचसी चरगांवा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ० वी० के० चौधरी की पहल पर महापौर डा मंगलेश श्रीवास्तव ने पीएचसी परिसर की दुर्दशा का संज्ञान लेते हुए परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए धन अवमुक्त किया है। साथ ही अब सौंदर्यीकरण कार्य शुरू हो चुका है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर का इंटरलॉकिंग हो जाने के वजह से उप निदेशक कृषि विभाग के कर्मचारी गण को राजकीय कृषि विद्यालय में आने -जाने में सुविधा होगी।

# श्री श्याम देव दूत मानव सेवा संस्था ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल

**मझगांवा, गोरखपुर।** गगहा क्षेत्र के खखाईजखोर गांव में स्व राधेश्याम शुक्ला व रुधन्ती देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्री श्याम देव दूत मानव सेवा संस्था के तत्वाधान में कम्बल वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जहां संस्था के संस्थापक प्रशांत शुक्ला ने माता-पिता की पुण्य स्मृति में सैकड़ों जरूरतमंदों में कंबल वितरित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मदरिया मंदिर के महंत श्रीश दास व अतिथि गण कथावाचक आचार्य ब्रह्मानंद शास्त्री, जिपंस मायाशंकर शुक्ल, ब्लाक प्रमुख राम अशीष राय, राष्ट्रीय पहलवान साधु यादव, एनपीजी कालेज के प्रवक्ता सुरेश शुक्ला ने संस्था के संस्थापक द्वारा किए जा रहे इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि अपनो की याद में जरूरतमंदों की सेवा करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।



संस्था के महामंत्री अमित बशिष्ठ तिवारी ने बताया कि यह संस्था कई क्षेत्रों में कार्य कर रहा है जरुरतमंद को भी शिक्षा में सहयोग करने के साथ जरुरतमंदों व निराश्रितों का भी सहारा बनता है। संस्था के संस्थापक प्रशांत शुक्ला व प्रवीण शुक्ला ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन साजिद अंसारी ने किया।

संस्था ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले दुर्गावती अस्पताल के डाक्टर मनोज यादव के अनुपस्थित में मैनेजर मनोज तिवारी, अमित वशिष्ठ त्रिपाठी, अप्रवासी भारतीय हनुमान पाण्डेय, नितेश शुक्ला, डाक्टर मधुर शुक्ला, राजेन्द्र शुक्ल, गंगेश शुक्ला, दुर्गेश मदन पाण्डेय व पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोक गायक मनोज मधुर, अर्पित पाण्डेय, युगल किशोर तिवारी, चंचल पाण्डेय, ग्राम प्रधान अखिलेश दुबे, हृदय नारायण तिवारी, संस्था के संरक्षण अजय प्रताप तिवारी, सुरेन्द्र ओझा, राजबहादुर यादव, विजय प्रताप शुक्ला, रजत शुक्ला, योगेन्द्र नाथ शुक्ला, दुर्गेश मदन यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कसौधन समाज का प्रतिनिधिमंडल सीएमसे मिला



● कसौधन, कांदू समाज के अन्य पिछड़े वर्ग का प्रमाणपत्र निर्गत किए जाने व केन्द्रीय पिछड़े वर्ग की सूची में सम्मिलित कराने की मांग

**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास पर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महराज से शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में कसौधन समाज से जुड़े विभिन्न संगठनों का एक प्रनिधिमंडल संयुक्त रूप से मिला। जहां कसौधन समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को पीतल धातु की अति सुंदर 'राम दरबार' को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंटकर अभिनंदन किया। तथा कसौधन समाज से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। कसौधन समाज के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान कसौधन, काँदू समाज के अन्य पिछड़े वर्ग का प्रमाणपत्र निर्गत किए जाने, केन्द्रीय पिछड़े वर्ग की सूची में सम्मिलित कराने एवं इसमें सम्बंधित अधिकारियों द्वारा हीलाहवाली, अड़चनों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को इसकी पूरी जांच करवाकर प्रमाणपत्र निर्गत कराने का आश्वासन दिया। साथ ही आश्वस्त किया कि जाति प्रमाण पत्र बिना अवरोध के जारी करने के लिए प्रदेश के समस्त जिलों को दिशा निर्देश देकर इस कार्य को सरल बनाने के लिए प्रयास किए जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य जनार्दन गुप्ता व चिरंजीव चौरसिया, कसौधन महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जनपद बस्ती पवन गुप्ता, अखिल भारतवर्षीय कसौधन वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग बली गुप्ता, उत्तर प्रदेश व्यापार कल्याण बोर्ड सदस्य जवाहर कसौधन, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा-गोरखपुर शत्रुघ्न कसौधन, कसौधन वैश्य कल्याण समिति गोरखपुर के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, विशेष सलाहकार समिति सदस्य रमेश चन्द्र गुप्त, रामप्रीत गुप्ता, राजनेती कसौधन, फुलचंद कसौधन, गौरव कसौधन, विजय फौजी व अखिलेश कसौधन, आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी दोनों सजातीय, मनरेगा में बढ़ी धांधली

जिला संवाददाता (vol)

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** मनरेगा की धांधली ब्रम्हपुर ब्लाक का पर्याय बन चुका है। आकंठ भ्रष्टाचार में डुबे जिम्मेदारों द्वारा कोई कार्यवाही न होने से मनरेगा इस ब्लाक में कुबेर का खजाना साबित हो रही है।

● ब्रह्मपुर ब्लॉक के ग्राम सभा कैथवलिया का है मामला

भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण ब्रम्हपुर ब्लाक का ग्राम सभा कैथवलिया है। जहां पर 30 नवम्बर को 55 मजदूरों का फोटो मस्टरोल संख्या 2743से लगायत मस्टरोल संख्या 2748 तक मनरेगा पोर्टल पर अपलोड किया गया है। फोटो देखने से यह स्पष्ट हो रहा है कि सड़क पर काफी पहले मिट्टी का कार्य हुआ है। क्योंकि सड़क पर भरपूर मात्रा में घासें उगी हुई हैं। स्वयं ग्राम प्रधान कैथवलिया ने भी बताया कि यह सड़क काफी पहले फेंकी गई है। प्रधान का कहना है कि इस सड़क के चक्कर में लगभग डेढ़ लाख रुपए का बबार्दी हो चुका है। हाजिरी लगाकर केवल कोरम पूरा किया जा रहा है। काम तो इसपर काफी पहले कराया जा चुका है। ग्राम प्रधान का बयान अपने आप में साबित कर रहा है कि ब्रम्हपुर ब्लाक में मनरेगा कार्य में धांधली चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिम्मेदार भी जांच के बजाय भ्रष्टाचारियों का सहयोग करने में सहयोग करने में सहयोगी सिद्ध हो रहे हैं। स्थानीय कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस बार ब्लाक के जिम्मेदार तथा ग्राम प्रधान सजातीय हैं देखना है कि इस खबर को लेकर जिम्मेदार जांच करते हैं या ठंडे बस्ते में डाल देते हैं।

# सरकारी जमीन पर भूमाफिया कर रहे कब्जे का प्रयास

मुकेश कुमार गुप्ता

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भूमाफियाओं के खिलाफ चल रहे कड़े अभियान के बावजूद मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) के अधिकारियों की शह पर भूमाफियाओं द्वारा 40 करोड रुपए से अधिक की सरकारी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारी तथा इंजीनियर आंखों पर पट्टी बांधकर चुप बैठे देख रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मेरठ-- पौड़ी नेशनल हाईवे स्थित मवाना रोड पर मेरठ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन खंड डी4 क्षेत्र के विजय लोक कॉलोनी के सामने नेशनल हाईवे से जुड़ी खसरा नंबर 4अ, ब ग्राम रजपुरा की भूमि करीब 7733 वर्ग मीटर कंचन सिंह के नाम रिकॉर्ड में दर्ज थी बाद में जो सीलिंग में आ गई थी इस सीलिंग की जमीन को जिला प्रशासन ने मेरठ विकास प्राधिकरण की अभिरक्षा में वर्ष 1997 में लिखा पढी के बाद नियमा नुसार सौप दिया था, यदि सूत्रों की माने तो आज भी फरद में इस जमीन का मालिक उत्तर प्रदेश सरकार बताई जा रही है इसके बावजूद कई बार इस जमीन पर भूमाफियाओं की नजर रही है वैसे तो पहले भी इस सरकारी जमीन पर निर्माण कर कब्जा करने का प्रयास किया गया था लेकिन प्राधिकरण के तत्कालीन अधिकारियों ने उसे बुलडोजर से गिरा दिया था जो आज भी मौके पर गिरी हुई अवस्था में है वही इस सरकारी जमीन पर एक कार गेराज भी अवैध रूप से वर्षों से संचालित हो रहा है। सूत्र यह भी बताते हैं कि इस सरकारी जमीन को कुछ लोगों ने अपनी जमीन में भी मिला लिया है जो नाप के बाद ही जांच में सामने आ सकती है। यदि हम सूत्रों की माने तो अब इस सरकारी जमीन के भूमाफियाओं द्वारा फर्जी बेनामे कराने भी शुरू कर दिए हैं जो जांच का एक बड़ा हिस्सा है, यदि हम सूत्रों की माने तो एक नई काल्पनिक कॉलोनी का नाम रखकर आधा अधूरा खसरा नंबर डालकर रजिस्ट्री कार्यालय को भी गुमराह कर कई फर्जी रजिस्ट्री अभी तक इस जमीन की कर दी गई है, और प्राधिकरण के अधिकारियों को खबर नहीं लगी या फिर बड़ा खेल किसके इशारे पर चल रहा है यह तो जांच में ही सामने आ सकता है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि प्राधिकरण के कागजों में आज भी 40 करोड रुपए कीमत की यह सरकारी जमीन अभिरक्षा में है, इसके बावजूद कौन दबंग भूमाफिया फर्जी रजिस्ट्री कराकर योगी सरकार में 40 करोड रुपए की सरकारी संपत्ति हड़पने की हिम्मत जुटा रहा है। आखिर इस दबंग भूमाफिया पर किसका साया है यह भी एक जांच का हिस्सा है। भूमाफिया पर सवाल के साथ-साथ मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारी तथा इंजीनियर भी कटघड़े में खड़े होते नजर दिखाई पड़ रहे हैं, आखिर मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों इस सरकारी जमीन की तारबंदी, बाउंड्री वॉल कर पौधारोपण आज तक क्यों नहीं किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश, प्रदेश में वृक्षारोपण को लेकर काफी गंभीर है और समय-समय पर देश, प्रदेश की जनता को जागरुक कर बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलवाया भी जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की एक वृक्ष मां के नाम जैसी योजनाओं के बावजूद मेडा के अधिकारियों, इंजीनियरों ने इस सरकारी जमीन पर आज तक वृक्षारोपण क्यों नहीं किया इसके पीछे क्या कारण रहे हैं यह भी एक जांच का हिस्सा है। वह भी तब जब सरकार की 40 करोड रुपए की संपत्ति पर भूमाफियाओं का वर्चस्व होता दिखाई दे रहा है। मेरठ विकास प्राधिकरण ने कभी इतनी बड़ी सरकारी जमीन पर तारबंदी तक क्यों नहीं की, साथ ही विकास को लेकर कोई योजना बनाकर भी शासन को क्यों नहीं भेजी, जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विकास को लेकर लगातार खुद प्रत्यनशील रहते हैं ताकि प्रदेश का विकास हो सके और उत्तर प्रदेश की देश में अलग ही पहचान हो जबकि नेशनल हाईवे से जुडी सरकारी जमीन होने के बावजूद मेडा के अधिकारी आंख बंद कर क्यों बैठे हैं, वह भी तब जब उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भू माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर जेल में भेजने का काम कर रहे हो तब ऐसी स्थिति में मेडा के अधिकारी क्या कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस सरकारी जमीन का बाजार मूल्य ?50 हजार वर्ग मीटर से अधिक है इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस जमीन की कीमत 40 करोड़ से ऊपर की बताई जा रही है जिसे मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारी अपनी लापरवाही के चलते भूमाफियाओं की झोली में डाल रहे हैं ऐसा भी पहली बार नहीं हो रहा है इसी तरह मेरठ विकास प्राधिकरण के संरक्षण में ही कंकरखेड़ा स्थित मेडा के बड़े भूखंड पर अवैध रूप से निर्माण करा कर कब्जा करा दिया गया है जो अब प्राधिकरण के लिए भी खाली कराना असंभव सा दिखाई देने लगा है।

इस संबंध में मेडा का पक्ष जानने के लिए मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय कुमार मीणा से उनके कार्यालय में शुक्रवार तथा शनिवार को संपर्क कर जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया लेकिन उपाध्यक्ष के मीटिंग में व्यस्तता के चलते उनका पक्ष नहीं लिया जा सका, क्योंकि सचिव आनंद कुमार सिंह भी छुट्टी पर बताए गए हैं संबंधित अन्य अधिकारियों ने इस संबंध में जानकारी नहीं होने की बात कही।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी गांव मोड़ के सामने हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक रामू पुत्र सुनील (25) निवासी चंदरपुर, थाना सिविल लाइन इटावा ने बीती देर शाम इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना 24 नवंबर की है, जब रामू को ट्रक की टक्कर लगने से गंभीर चोटें आई थीं। राहगीरों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ डॉक्टरों ने उसे गंभीर स्थिति में इलाज के लिए भर्ती रखा। हालांकि गम्भीर चोटों के कारण उसकी हालत लगातार नाजुक बनी रही और अंततः देर शाम उसकी मौत हो गई। उपनिरीक्षक ललित चतुवेर्दी ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसा किस ट्रक से हुआ इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

संक्षेप

## श्री हरिद्वारी वैश्य समिति का चुनाव 10 को

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। श्री हरिद्वारी वैश्य समिति के अध्यक्ष और महामंत्री पद के चुनाव के लिए तैयारियॉं पूरी कर ली गई हैं। समिति के अनुसार आगामी 10 दिसंबर को हरिद्वारी वैश्य धर्मशाला में चुनाव की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। चुनाव से संबंधित विस्तृत जानकारी चुनाव समिति के पदाधिकारी वेद प्रकाश गुप्ता से प्राप्त की जा सकती है। यह जानकारी समिति के सदस्य अजय अविनाश गुप्ता ने साझा की। चुनाव की घोषणा के साथ ही वैश्य समाज में उत्साह देखने को मिल रहा है। सदस्यों का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न होने की उम्मीद है।

## मैरिज लॉन से युवक लापता

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। गोला बाईपास स्थित एक मैरिज लॉन में आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कैमहरा निवासी युवक लकी के अचानक लापता हो जाने का मामला सामने आया है। घटना शनिवार रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार लकी कार्यक्रम में मौजूद था, लेकिन कुछ देर बाद वह अचानक नजर नहीं आया। परिजन और परिचितों ने देर रात तक आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। परिवार का कहना है कि लकी बिना बताए कहीं नहीं जाता था, इसलिए उसके अचानक गायब होने को लेकर आशंका और चिंता बढ़ गई है। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को भी दे दी है।

## ओपेन जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप की तिथि टली

मीरजापुर। जिला ओलंपिक एवं वालीबाल संघ के महासचिव एसपी त्रिपाठी के अनुसार 2 से 3 दिसंबर तक महाशक्ति इंटर कॉलेज बिहसडा, छानबे में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता को अग्रिम सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। चैंपियनशिप की तारीख की शीघ्र ही घोषणा की जाएगी। फिलहाल अपरिहार्य कारणों से इसकी तारीख में परिवर्तन किया गया है। महासचिव एसपी त्रिपाठी ने एक विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि प्रादेशिक सीनियर वालीबॉल चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला की तारीख घोषित होने के पहले ही इस चैंपियनशिप का आयोजन कर लिया जाएगा। जिससे पुरुष एवं महिला खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकें। 29 नवंबर को महाशक्ति इंटर कॉलेज के सभागार में जिला वालीबाल संघ के पदाधिकारी एवं खेल एवं जन चेतना समिति जिगना के पदाधिकारी के साथ बैठक करके यह निर्णय लिया गया है। बैठक में सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## डीएम ने जेल का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा रविवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार मीरजापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार, कैदियों की बैरक, भोजनालय, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जेल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# जाम की खबर प्रकाशित होने के बाद विधायक ने अधिकारियों के संग की बैठक



खबर का असर

- खुटार और बांकेगंज रोड के गन्ना वाहनों को किया गया डायवर्ट

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को वॉयस ऑफ लखनऊ में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद शनिवार को विधायक अमन गिरि ने मामले का संज्ञान लेते हुए रविवार को शिवम कॉम्प्लेक्स में अधिकारियों के साथ बैठक बुलाई। बैठक में सीओ रमेश कुमार तिवारी, तहसीलदार भीमचंद, कोतवाल अम्बर सिंह सहित पुलिस और नगर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में बजाज चीनी मिल की ओर से जनरल मैनेजर अजीत तिवारी, केन हेड पीएस चतुर्वेदी तथा सिक्योरिटी हेड राम सिंह बघेल उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने शहर में विगत कई दिनों से बनी जाम की गंभीर स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बताया गया कि मोहम्मदी, खुटार रोड और विकास चैराहा जाम से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र हैं, जहां भारी वाहनों के कारण व्यापारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। स्कूल अवकाश के समय बच्चों की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही थी। बैठक में प्रशासन और मिल प्रबंधन ने संयुक्त रूप से विधायक के समक्ष आश्वासन दिया कि जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए तत्काल कदम उठाए जा रहे हैं। निर्णय लिया गया कि खुटार रोड और बांकेगंज रोड से आने वाले भारी वाहनों को तहसील के पीछे वाले मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा, जिससे मुख्य मार्ग पर पड़ने वाला वाहन भार कम होगा और यातायात सुचारू रूप से संचालित किया जा सकेगा। विधायक अमन गिरि ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता को राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें और यातायात व्यवस्था को पूरी गंभीरता के साथ सुधारें।

## सहकारी समिति की बैठक में दी योजनाओं की जानकारी




गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। क्षेत्र के ग्राम झाऊपर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमन गिरि शामिल हुए।

विधायक ने बैठक को संबोधित करते हुए, सरकार द्वारा सहकारी समितियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं, सुविधाओं और लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए बताया कि सहकारी समितियाँ ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि समितियों के सशक्त होने से किसानों को आर्थिक मजबूती मिलती है। बैठक में समिति से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई और भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, सचिन यादव, मिथिलेश यादव, प्रधान विपिन यादव, प्रधान आलोक जायसवाल, प्रधान राधेश्याम वर्मा, खेमलाल वर्मा, डॉ. राम सिंह सहित क्षेत्र के कई किसान और समिति सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक खेती का डीडी कृषि ने किया अवलोकन

लखीमपुर खीरी। निघासन से पलिया रोड 3 किमी दूर जनपद में आर्गेनिक खेती का जीवंत माडल सरदार हरप्रीत सिंह द्वारा 3.5 एकड़ में तैयार किया गया है। गन्ने की फसल के बीच में 9 फिट की जगह सहफसल के लिये छोड़ी गयी है। सहफसल के रूप में हल्दी, अदरक और आलू की फसल लगाई गई है। हरप्रीत सिंह ने बताया कि गन्ना घास कुल का पौधा है और एक बार गन्ने की फसल लगाने के बाद वर्तमान में खडी.फसल तीसरे वर्ष में है तथा 5 वर्ष तक आर्थिक रूप से




लाभकारी उत्पादन लिया जा सकता है। इस संदर्भ में गिरीश चंद्र कृषि उप निदेशक ने बताया कि प्राकृतिक विधि से खेती करते हुए इन्हें तीन वर्ष हो गए हैं। इनके द्वारा गन्ने के जूस को आम जन तक पूर्ण स्वच्छता के साथ पहुंचाने के लिए गुजरात से लगभग 2 लाख की गन्ने से रस निकालने वाली मशीन मंगाई गई है, जो जनपद में सर्वथा नवीन प्रयास है। गन्ने के रस से गुड़ तैयार कर 120 रु प्रति किलो की दर से (सादा) तथा 200 रू प्रति किलो की दर से (ड्राई फ्रूट) बेचा जा रहा है। इनके द्वारा जितना गुड़ रोज तैयार किया जाता है, उसकी रोज की रोज बिक्री हो जाती है। इनके द्वारा तैयार किए गया गुड़ कनाडा तक जाता है। हरप्रीत सिंह ने बताया कि गन्ने के साथ आलू की सहफसली खेती से यह फायदा होता है कि आलू में झुलसा की बीमारी नहीं आती है। उच्च गुणवत्ता का खाद्य तेल आम जन को उपलब्ध कराने के लिए उनके द्वारा लकड़ी के कोल्हू से तेल निकालने के लिए इकाई स्थापित किये जाने का विचार है।

## वन विभाग के पिजरे में कैद हुआ मादा तेंदुआ



धौरहरा खीरी। दुधवा बफरजोन की वन रेंज धौरहरा के गांव दुर्गा गौढ़ी प्रतापपुर में आतंक का पर्याय बना मादा तेंदुआ शनिवार रात वन विभाग के पिजरे में कैद हो गया। वन टीम उसे वन रेंज लाई जहां चिकित्सीय परीक्षण के बाद उसे अनुमति मिलने पर जंगल में छोड़ा जाएगा। धौरहरा वन रेंज में इन दिनों तेंदुओं की संख्या काफी बढ़ चुकी है, वन रेंज के प्रतापपुर दुर्गा गौढ़ी में करीब दो माह से तेंदुआ लगातार लावारिस पशुओं का शिकार कर रहा था।

एक माह पहले दुर्गा गौढ़ी गांव निवासी एक महिला और दस साल की एक बच्ची पर हमला कर घायल कर दिया था। इसके बाद वन विभाग ने नाइट विजन कैमरे और दुर्गा गौढ़ी में अनुमति के बाद पिजरा लगाया। शनिवार की रात मादा तेंदुआ जिसकी उम्र करीब दो बर्ष है पिजरे में कैद हो गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया पकड़े गए तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है, अनुमति मिलने पर उसे जंगल में रिलीज किया जाएगा।

# यातायात माह का हुआ समापन



लखीमपुर खीरी। यातायात माह नवंबर 2025 के समापन के अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक खीरी एवं अपर पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन खीरी में भव्य यातायात माह समापन समारोह का आयोजन किया गया।

यातायात जागरूकता माह नवम्बर के समापन पर पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के मार्गदर्शन में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), पवन गौतम तथा सहायक पुलिस अधीक्षक खीरी, विवेक तिवारी द्वारा यातायात जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी स्काउट्स एवं रिक्रूट आरक्षियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। तदोपरान्त सहायक पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों को यातायात माह के प्रति जागरुक कर उन्हें सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित यात्रा हेतु सदैव दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को बीआईएस मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट लगाने, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, शराब पीकर/नशे में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय फोन में बात तथा चैटिंग न करने, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहने, सदैव सुक्षित व सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की शपथ दिलाई गई। जनपद खीरी पुलिस द्वारा यातायात माह के अंतर्गत प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए कुल 12,425 चालान किए गए एवं विभिन्न स्कूलों एवं चौराहों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात जागरुकता अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन खीरी पवन भाटी, प्रभारी यातायात उ0नि0 सचिन गंगवार, व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एन्यूमरेशन अवधि चार से बढ़कर 11 दिसंबर हुई

जौनपुर ।जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण के साथ बैठक संपन्न हुई। निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी समय सारणी में परिवर्तन के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि पुनरीक्षण के अंतर्गत एन्यूमरेशन अवधि की तिथि बढ़ाकर 11 दिसंबर अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी कर दी गई है। जिलाधिकारी ने



राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण को विधानसभा वार गणना प्रपत्र के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन की प्रगति के संदर्भ में जानकारी दी। वर्तमान में 60 प्रतिशत से भी अधिक डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो गया है। जिलाधिकारी ने आज शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य करने वाली पूनम देवी, गीतांजलि, शशिकला, आशा देवी, पवन यादव सहित लगभग 52 बीएलओ को जिलाधिकारी के द्वारा अंगवस्त्रम, प्रशस्ति पत्र और मिष्ठान्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि बीएलओ के द्वारा लगन से कार्य करते हुए दिए गए कार्यों को समय से पूर्ण कर लिया गया है, अन्य बीएलओ इनसे प्रेरणा ले और कार्य को समय से पूर्ण करें। जनपद स्तर पर डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेन्टर की स्थापना कर दी गयी है, जिस पर 04 डीसीसी आपरेटरों की 24 घण्टे तैनाती करते हुए मतदाताओं द्वारा बताई जा रही कठिनाईओ का निराकरण किया जा रहा है। डीसीसी का नम्बर 025452-261950 तथा 05452-297950 है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चैहान, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नीलकण्ठ मैदान में गौ कथा व भंडारे का आयोजन



गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। पौराणिक शिव मंदिर के निकट स्थित नीलकण्ठ मैदान में रविवार को आयोजित गौ सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत गौ कथा और भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे श्रद्धाभाव के साथ धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। गौ कथा का आयोजन जिला गोला, अवध प्रांत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा किया गया। निर्धारित समयानुसार कथा आरंभ हुई, जिसमें वक्ताओं ने गौ सेवा, धर्म और समाज कल्याण से संबंधित विचार प्रस्तुत किए। कथा के समापन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम की संचालन व्यवस्था विनय सिंह भदौरिया, डॉ. पीयूष शुक्ला, सत्यप्रकाश अग्रवाल और विनोद कुमार भार्गव द्वारा सुचारू रूप से संभाली गई। जिला सह-संयोजक सौरभ सिंह चौहान ने बताया कि गौ सेवा को समर्पित यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा और भविष्य में भी इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजन निरंतर जारी रहेंगे।

## गौ सेवा गतिविधि में संगठन का विस्तार

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गौ सेवा गतिविधि के अंतर्गत रविवार को नीलकण्ठ मैदान में आयोजित कार्यक्रम में संगठन का विस्तार किया गया। इस अवसर पर विभाग संयोजक सीतापुर विनीत सिंह भदौरिया ने नगर स्तर पर कार्यों को सुदृढ़ करने हेतु कई नई जिम्मेदारियों की घोषणा की। घोषणा के अनुसार वैद्य रामजी रस्तोगी को गौ सेवा सहसंयोजक, विनोद सागर गौतम गौ सेवा प्रशिक्षण सहसंयोजक, गौरव जायसवाल गौ सेवा पंचगव्य चिकित्सा सहसंयोजक तथा नीलू सिंह को गौ सेवा मातृशक्ति संयोजिका का दायित्व सौंपा गया।

कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर सम्मान किया गया। संघ पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि नई टीम के साथ गौ सेवा गतिविधियों का विस्तार और अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

## एसआईआर प्रक्रिया का पालिका अध्यक्ष ने पोलिंग स्टेशन पर किया निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ने रविवार को त्रिलोक गिरि पोलिंग स्टेशन पहुंचकर एसआईआर और गणना फॉर्मों से संबंधित मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से लेकर संबंधित टीमों तक प्रत्येक स्तर पर प्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने अब तक वितरित किए गए फॉर्मों की समीक्षा की और शेष बचे फॉर्मों को समय पर भरवाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणना व एसआईआर फॉर्मों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि मतदाता सूची का सही अद्यतन लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, सभासदों, सफाई नायकों और सफाई कर्मियों से अपील की कि वे बूथ लेवल अधिकारियों का हर संभव सहयोग करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता फॉर्म भरने से वंचित न रह जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कार्य जनहित से जुड़ा है और इसमें लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं ने टीम को निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य पूरी सतर्कता, पारदर्शिता और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार किया जाए, ताकि नगर की मतदाता सूची शुद्ध और अद्यतन रूप में तैयार हो सके।

## जर्जर अवस्था में विद्यालय, कैसे हो पढ़ाई

खैराबाद देहात (सीतापुर)। विकासखंड बेहटा उच्च प्राथमिक विद्यालय धनपुरिया कई वर्षों से विद्यालय की रंगी पुताई नहीं हुई है। जिससे विद्यालय जर्जर अवस्था व खंडहर में तब्दील हो गया है। संबंधित अधिकारी सिर्फ कागज पर ऑडिट करते हैं लेकिन विद्यालयों का कोई ध्यान नहीं देता। विद्यालय के भवन की मरम्मत के नाम




पर आने वाली सरकारी रकम को शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी चूना लगा रहें। अब देखना यह है कि क्या संबंधित अधिकारियों को संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्रवाई करते हैं या मामले की लीपापोती कर देते हैं। कुल मिलाकर ग्रामीणों ने नवागत जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर से विद्यालय की मरम्मत कराने व दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# विद्यालय में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

पलियाकलां खीरी। सरस्वती शिशु व विद्या मन्दिर इण्टर कालेज पलिया कलां में मनाया गया सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम। विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित विद्यालय सरस्वती शिशु एवं विद्या मन्दिर इण्टर कालेज पलिया कलांखीरी में प्रांतीय निदेर्शानुसार मनाये जा रहे सप्त शक्ति संगम कार्यक्रमों की श्रंखला में कार्यक्रम उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता बीना गुप्ता एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नीतू वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के शुभावसर पर ज्योति वर्मा तहसीलदार पर्यावरण संरक्षण पर तथा डॉ. नीतू वर्मा ने कुटुंब प्रबोधन पर अपने विचार प्रस्तुत किये तथा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को सशक्त रूप में स्थापित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया इसके पश्चात अतिथि परिचय, स्वागत एवं सम्मान विद्यालय की आचार्या बहिन शिल्पी नाग, कुमारी नैना, तथा रोशनी के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना चाँदनी के द्वारा की गई छात्राओं द्वारा रानी लक्ष्मीबाई, देवी सरस्वती, भगिनी निवेदिता, अहिल्याबाई होल्कर आदि के रूप में आकर्षक रूप-सज्जा प्रस्तुत की गई, इन बहिनों की सुन्दर प्रस्तुति ने मातृशक्ति व अतिथियों को अत्यंत प्रभावित किया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन आचार्या बहिन सिद्धि मिश्रा के द्वारा किया गया, जिसमें मातृ शक्तियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की आचार्या बहिन कुमारी सिद्धि, कुमारी चांदनी, शिल्पी नाग, कुमारी नैना, कुमारी माला, रोशनी, रुक्मणी, पूजा जोशी आचार्या बहिन शिल्पी नाग ने कार्यक्रम में सहभाग करने वाली सभी मातृ शक्तियों का आभार ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय की आचार्या बहिन कुमारी नैना द्वारा कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

# एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विधायक ने बूथों का किया निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। रविवार को विधायक अमन गिरि ने लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज स्थित मतदान केंद्र पर बूथ संख्या 217 से 226 तक पहुंचकर चल रही एसआईआर प्रक्रिया एवं मतदाता पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को गणना फार्म वितरित किए और अब तक अपलोड किए गए फार्मों की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विधायक ने उपस्थित बीएलए संयोजकों और बूथ अध्यक्षों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक मतदाताओं से समय पर फार्म भरवाए जाएं, ताकि एसआईआर एवं पुनरीक्षण प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में सुचारू रूप से पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का सटीक व अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, संयोजक कैलाश गुप्ता, बाल गोविंद वर्मा, सभासद दानिश राईन, बूथ अध्यक्ष ऋषि गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 15 दिन पहले पिंजरे में कैद होने के बाद भी किसानों ने बाघ देखने किया दावा



- ग्रामीणों के अनुसार बाघ के साथ एक शावक भी है

महोली (सीतापुर)। महोली इलाके के मुसब्बरपुर गांव में हिंसक वन्यजीवों का आतंक जारी है।

15 दिन पहले तेंदुए के पिंजरे में फंसने के बावजूद, शनिवार को किसानों ने बाघ देखने और उसकी गर्जना सुनने का दावा किया है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ के साथ एक शावक भी है, जिसके पगचिह्न खेत में मिले हैं। सरदार गगन सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह वह अपने खेत में थे, तभी गन्ने के खेत से एक बाघ निकला और जुते हुए खेत से गुजरते हुए दूसरे खेत में घुस गया। उन्होंने तुरंत घर जाकर ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। गांव के कल्लू और धर्मेंद्र ने बताया कि शुक्रवार रात पानी लगाते समय टॉर्च की रोशनी में उन्हें गन्ने के खेत के बाहर बाघ दिखाई दिया था। जिसके बाद वे बाइक से भाग गये। आमेंद्र ने भी शनिवार को करीब डेढ़ दर्जन लोगों के साथ गन्ना छीलते समय बाघ की गर्जना सुनने और उसे एक खेत से दूसरे खेत में जाते देखने का दावा किया। ग्रामीणों में अनहोनी की आशंका के बीच खेती-किसानी करने को मजबूर हैं। सरदार मंगल सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी ने भी जंगल में बाघ को देखा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाघ की मौजूदगी की सूचना के बावजूद वन विभाग की टीम अभी तक गांव नहीं पहुंची है। इस संबंध में फॉरेस्टर विनीत कुमार ने बताया कि उन्हें बाघ की मौजूदगी की सूचना मिली है। एक ग्रामीण ने पगचिह्न की फोटो भी भेजी है। उन्होंने कहा कि रविवार को इलाके में कांबिंग की जाएगी।

संक्षेप

## हत्या कर चारागाह में फेका युवक का शव

जौनपुर। पवांरा थाना क्षेत्र के सहनी गांव के चारागाह में रविवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। उसके शरीर में कुछ जगहों पर चोट के निशान मिलने की वजह से हत्या की आशंका जतायी जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया, उसकी पहचान नहीं हो सकी। रविवार की सुबह पवांरा के सहनी गांव के कुछ ग्रामीण टहलने निकले थे तभी चारागाह में पडा शव दिखा। सूचना थाने पर दी गई। थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों के मुताबिक युवक के हाथ-पैर बंधे हुए थे जिससे हत्या की आशंका जतायी जा रही है। माना यह जा रहा है कि युवक की हत्या कर लाश यहां पर फेंक दी गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और मुखबिरों से जानकारी जुटा रही है। सीओ प्रतिमा वर्मा ने कहा कि तमाम पहलुओं पर पुलिस जांच कर रहीं हैं।

## बच्ची का अपहरण भाग रहे आरोपी को पकड़ा

अपहरण जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को पांच वर्षीय बच्ची के अपहरण का प्रयास विफल हो गया। ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की तत्परता से आरोपी को पकड़ लिया गया, जिसे बाद में जेल भेज दिया गया। यह घटना नगर पंचायत रामपुर के वार्ड नंबर-1 में हुई। वार्ड नंबर-1 के सभासद सनोज कुमार ने रामपुर थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उनकी भतीजी घर के पास खेल रही थी, तभी एक संदिग्ध युवक उसे उठाकर भागने लगा। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग सतर्क हो गए और पीछा कर कुछ दूरी पर युवक को पकड लिया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नीरज कुमार गौड उर्फ लवकुश, पुत्र शिवकुमार गौड निवासी ग्राम जीतापुर बनीडीह, थाना रामपुर, जौनपुर बताया। आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने विधिक प्रक्रिया पूरी कर बच्ची को सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली।

## दो बहने छत से गिरी हालत गंभीर

जौनपुर। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के राजा साहब पोखरा के पास रविवार को दो सगी बहनें सात वर्षीया नेहा और पांच वर्षीया नैना पुत्री राजेंद्र गौतम लाइन बाजार थाना क्षेत्र के चैकिया देवचंद की मूल निवासी हैं। राजा साहब पोखरा के पास किराए के मकान पर रहकर मजदूरी का काम करते है। राजेंद्र सुबह अपने काम के लिए निकल गए घर में केवल उसकी मां पूनम और छोटा बेटा शिवांश एक वर्षीस घर पर में मौजूद थे। बच्ची खेलते खेलते छत पर चली गई छत पर रेलिंग ना होने के कारण दोनों बच्चिया एक साथ नीचे गिर गई जिसमें नेहा की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है जबकि नैना का बांया पैर टूटा है जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

## चालकों का किया नेत्र परीक्षण

जौनपुर। यातायात माह के अंतर्गत नगर वाजिदपुर तिराहा पर एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया , शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा बस, पिकअप, टैक्सी, ऑटो एवं ई-रिक्शा के चालकों, परिचालकों तथा यातायात पुलिस के अधिकारीध्कर्मचारियों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य अतिथि अजीत कुमार रजक, क्षेत्राधिकारी केराकत तथा सुशील कुमार मिश्र, प्रभारी यातायात उपस्थित रहे। इस अवसर पर चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सुरक्षित वाहन संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्रदान की गईं।

# एसपी ने उत्कृष्ट कर्मियों व 24 गुड-सेमेरिटन को किया सम्मानित

- यातायात जागरूकता माह नवम्बर का भव्य हुआ समापन
- यातायात अभियान में 32,457 चालान, शमन शुल्क रू 4,51,44,700

जिला संवाददाता(vol)




सोनभद्र। रामलीला मैदान डाला में रविवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर,2025 के समापन समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आदित्य बिरला इंटर कॉलेज एवं पीएमश्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों के पालन हेतु उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया। समारोह में यातायात माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों एवं सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाकर मानवता का परिचय देने वाले 24 ह्लगुड सेमेरिटनह्व (नेक आदमी) को हेलमेट व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी को भविष्य में भी इसी प्रकार समाजसेवा हेतु प्रेरित किया।

इसके साथ ही जनपद के विभिन्न विद्यालयों/कॉलेजों में आयोजित क्विज/निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक चोपन कुमुद शेखर सिंह, चैकी प्रभारी डाला आशीष पटेल, यातायात प्रभारी के.के. शुक्ला सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। जनवरी से नवम्बर तक हुए करवाई मे कुल चालान 1,00,832 वाहन सीज 296 जुर्माना (शमन शुल्क) रू 1,37,70,700 यातायात माह नवम्बर मे हुई करवाई जिसमे कुल चालान 32,457 शमन शुल्क रू 4,51,44,700 जनपद की थाना पुलिस श्रेणी मे उपनिरीक्षक संतोष सिंह, चौकी प्रभारी रेनुसागर 805 चालान (प्रथम) उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र द्विवेदी, थाना दुद्धी 572 चालान (द्वितीय) उपनिरीक्षक मायाशंकर सिंह, थाना अनपरा द 377 चालान (तृतीय) यातायात पुलिस सबसे जादा चालान करने वाले टीम मे टीएसआई भरत राय, यातायात 2263 चालान (प्रथम) मुख्य आरक्षी सूर्य प्रकाश गुप्ता, यातायात 1497 चालान (द्वितीय) मुख्य आरक्षी सुनील कुमार यादव, यातायात 1099 चालान (तृतीय) सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता पर 7 पुलिस कर्मियों मे मुख्य आरक्षी मनोज, रामप्रवेश यादव, आरक्षी चालक सुरेश यादव, अरुण कुमार, चन्दन यादव, चालक सत्य प्रकाश विश्वकर्मा, आरक्षी सुनील कुमार, 24 लोग गुड सेमेरिटन सम्मानित नागरिक सम्मानित हुए। जिसमे ओमप्रकाश गुप्ता, लक्ष्मण कुमार गुप्ता, संजय कुमार, नीरज अग्रहरी, विकास द्विवेदी, अमित मिश्रा, प्रदीप चैबे, मुनि महेश शुक्ला, दिनेश पाण्डेय, रोहित कुमार, सूरज मिश्रा, सीताराम शर्मा, अंशु पटेल, अविनाश देव पांडेय, पिन्टू पाल, राजेन्द्र बंसल, विनीत पाण्डेय, गोविन्द राजभर, राजेश कुमार पटेल, सुरेश कुमार निषाद, असलम अंसारी, रेखा यादव, बन्दना सिंह, राकेश कुमार सिंह आदि रहे।

## मोडिफाइड 86 साइलेंसर को निकाल बुल्डोजर से किया नष्ट



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। यातायात माह के तहत चलाये गए अभियान के क्रम में रविवार को मोडिफाइड 86 साइलेंसर यातायात पुलिस एवं थाना पुलिस द्वारा जांच कर करवाई हेतु जब्त किया गया था उसे नगर स्थित बढ़ौली चैराह पर यातायात माह के समापन पर यातायात क्षेत्राधिकार डॉक्टर चारु द्विवेदी की मौजूदगी में जिले भर के एकत्रित मोडिफाइड 86 साइलेंसर को जेसीबी से नष्ट कराया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया की यातायात माह में थाना पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न चेकिंग स्पाटों पर चेकिंग के माध्यम से एकत्रित किए गए मोडिफाइड 86 साइलेंसर को नष्ट किया गया। साथ ही हिदायत दी गई कि इस तरह के साइलेंसर युक्त वाहन चलाते हुए पाए गए तो आगे भी कार्रवाई की जाएगी। यातायात सीओ डॉ0चारु द्विवेदी जिले भर के यातायात पुलिस एवं प्रभारी को कड़े दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि इस तरह के साइलेंसर युक्त दिखें और सुनायी दें तो तुरंत निकलवाते हुए संबंधित चालान की कार्रवाई की जाए। इस मौके पर यातायात प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार शुक्ला, टीएसआई भरत कुमार राय राम सिंह, सुनील यादव, संगम सिंह, जमील अहमद आदि मौजूद रहे।

## नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव विवेक सिंह का हुआ स्वागत




सोनभद्र। समाजवादी लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव विवेक सिंह पटेल का रविवार को प्रथम जनपद आगमन पर सपा कार्यालय में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूँ।

लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव का भी धन्यवाद, जिन्होंने एक साधारण कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मैं पूर्ण निष्ठा, लगन और ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करूँगा। 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य है। वार्ता में पटेल ने कहा कि लोहिया के सिद्धांतों और नेताजी मुलायम सिंह यादव के सपनों के अनुरूप प्रदेश को विकसित बनाने के लिए संगठन पूरी शक्ति से कार्य करेगा। कहा 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगा और अखिलेश यादव निश्चित रूप से मुख्यमंत्री बनेंगे। पीडीए संकल्प पर जोर उन्होंने पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) को एकजुट कर समता, समानता, न्याय और संविधान की रक्षा के लिए आंदोलन चलाने की प्रतिबद्धता दोहराई। मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर स्पष्ट रणनीति विवेक सिंह पटेल ने संघन मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर अभियान को बूथ स्तर पर मजबूती से संचालित करने और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की बात कही। किसानों और मजदूरों के मुद्दों को लेकर संघर्ष का ऐलान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसानों की सिंचाई समस्याओं को दूर करने के लिए तालाब, नहरों, पोखरों और बांधों की सफाई के लिए संघर्ष किया जाएगा। धान खरीद में स्थानीय स्तर पर हो रही गड़बड़ियों पर कार्रवाई के लिए सहकारी समितियों तक आवाज उठाई जाएगी। मजदूरों को उचित दाम दिलाने और युवाओं को शिक्षा व रोजगार के प्रति जागरूक करने की भी रणनीति उन्होंने साझा की। मौके पर उपस्थित-जितेश गौतम,पिंटू पटेल, अमित मौर्या, कृष्णा यादव, इमरान अहमद, आशीष पटेल, रितेश पटेल, संतोष सिंह, सैफ कुरैशी, मनोज आदि मौजूद रहे।

## नील गाय के धक्के से पिकअप और ट्रक के टक्कर

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। सुल्तानपुर राजमार्ग पर रविवार की रात दो बजे उस समय थे अचानक नीलगाय के आने से दोनों गाडयिों के चालक वाहन पर निरंतरण खो बैठे और आपस में टकरा गये। दुर्घटना में ट्रक के आगे का हिस्सा बुरी



अफरा तफरी का माहौल बन गया जब ब्लॉक बक्सा थाना क्षेत्र के नौपेडवा बाजार के निकट हाईवे पास अचानक नीलगाय के आने से पिकअप बेकाबू होकर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोर थी हादसे के बाद तेज आवाज हुई और लोग वहां पहुंच गये।

बताया जा रहा है कि ट्रक और पिकअप दोनों एक ही तरफ से आ रहे तरह क्षतिग्रस्त हो गया हेडलाइट सीसा दब गया। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच पडताल शुरू कर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को सडक किनारे हटवा कर यातायात सुचारु कराया हादसे के कारण कुछ समय तक राजमार्ग पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। घायल चालक को सदर अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है।

## बारातियों पर हमला कर ढाई लाख की लूट

जौनपुर। जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में बारात से लौट रहे लोगों पर हमला किया गया। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने ढाई लाख रुपए नकद और दो सोने की चेन लूट लीं। घटना में दो बाराती घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए ले जाया गया। पीडित पक्ष ने रामपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।यह घटना नेवढिया क्षेत्र के उत्तरपट्टी गांव के उदयराज मिश्रा के बेटे की बारात से लौटते समय हुई। बारात 29 नवंबर को दुबेपुर गांव गई थी। रविवार सुबह बाराती कार्यक्रम संपन्न होने के बाद अपने गांव लौट रहे थे। पीड़ितों के अनुसार जब उनकी गाडी दुबेपुर के पास पहुंची, तो पीछे से आ रहा एक वाहन लगातार हॉर्न बजाकर साइड मांग रहा था। बाजार में रास्ता सकरा होने के कारण ड्राइवर ने जगह मिलते ही गाडी को साइड दे दी। इसके बावजूद, सामने से आई एक स्कॉर्पियो में सवार युवक ने ओवरटेक कर बारातियों की गाडी के सामने अपना वाहन खडा कर दिया। आरोप है कि उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की धमकी दी। जैसे ही बारातियों की गाडी दुबेपुर चैराहे के पास पहुंची, वहां पहले से लाठी-डंडों से लैस 8-10 लोग मौजूद थे। इन लोगों ने बारातियों को घेरकर हमला कर दिया, जिससे दो लोगों को गंभीर चोटें आईं। घायलों का स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया है। पीडित पक्ष ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान उनकी गाडी में रखे बैग से ढाई लाख रुपए नकद और दो सोने की चेन छीन ली गईं। इस संबंध में पीडित ने नंदलाल उर्फ नन्हे यादव, महेंद्र यादव , महेश यादव पुत्र रामदेव, अनिल यादव सहित कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रामपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाता है इग्नू: अरविन्द

जौनपुर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के अध्ययन केंद्र तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बनस्पति विज्ञान विभाग में परिचय समारोह आयोजित किया गया। केंद्र के समन्वयक प्रो. (डॉ.) अरविंद कुमार सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने इग्नू द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न कोर्सों, शैक्षणिक अवसरों तथा उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इनका पूर्ण रूप से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। संचालन डॉ. हरिवंश सिंह, सहायक समन्वयक, अध्ययन केंद्र 48017 ने किया। उन्होंने



नवप्रवेशित विद्यार्थियों को सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) तैयार करने की प्रक्रिया, प्रश्नपत्र प्राप्त करने के उपाय तथा अध्ययन सामग्री से संबंधित संभावित कठिनाइयों के समाधान के बारे में उपयोगी निर्देश प्रदान किए। अध्यक्षता करते हुए प्रो. (डॉ.) अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि इग्नू दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने वाला संस्थान है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विविध कार्यकम विद्यार्थियों को उनकी रुचि व आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्रदान करते हैं। डॉ. सिंह ने इस अध्ययन केंद्र को क्षेत्रीय विद्यार्थियों के लिए एक महत्त्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से युवा रोजगार, कृषि और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में बेहतर संभावनाओं का निर्माण कर सकते हैं। द्वितीय सत्र नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के प्रश्नोत्तर के रूप में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्न्रों के समाधान डॉ. मनोज कुमार , आशीष कुमार दुबे राजेश बहादुर सिंह तथा डॉ. विजयलक्ष्मी सिंह ने प्रस्तुत किए। डॉ. सत्यम प्रजापति, प्रमोद कुमार सिंह, महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक, कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक से गीता जयंती का आयोजन

सोनभद्र। माघशीर्ष मास की कृष्ण पक्ष की मोक्षदा एकादशी एक दिसम्बर को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के जयप्रभा मंडपम (ब्रह्मबाबा की गली) में गीता जयंती समारोह का आयोजन दोपहर 1 बजे से डॉक्टर बी सिंह, डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव के संयोजकत्व में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मानव जीवन में धर्म ग्रंथ गीता की उपयोगिता विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर गीता के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पांच विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी समिति के स्वागताध्यक्ष जगदीश पंथी एवं स्वागत सचिव अरुण कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से दी है। भक्तगणों से अनुरोध किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने।

## आम जनमानस के साथ सुना मन की बात

सोनभद्र। देश के प्रधानमंत्री की मन की बात विधानसभा घोरावल के ग्राम लोढ़ी के बूथ संख्या 428 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम जिला प्रभारी अनिल सिंह के साथ आम जनमानस के साथ सुना गया। जिसमें प्रधानमंत्री ने देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, खेलों में भारत की उपलब्धियों और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की ऊंची उड़ान आदि मुद्दों पर अपने विचार रखे। खेलों के लिहाज से भी यह महीना भारत के लिए सुपरहिट रहा। पहले महिला टीम ने वर्ल्ड कप जीता। कुछ दिनों पहले ही बधिर ओलंपिक में 20 मेडल जीते। हमारी महिला टीम ने कबड्डी वर्ल्ड कप जीता। वर्ल्ड बॉक्सिंग में भी हमारे खिलाडियों ने 20 पदक जीते। इस टीम का हौसला और जज्बा हमें बहुत कुछ सिखाता है। यह जीत हर भारतीय को प्रेरित करती रहेगी। मुझे खुशी है कि वोकल फॉर लोकल की भावना को देशवासियों ने अपना लिया है। हाल के त्योहारों की खरीद में लोगों ने मन से भारत के उत्पादों को चुना। इस बार युवाओं ने भी वोकल फॉर लोकल के अभियान को गति दी। आगामी क्रिसमस के समय भी वोकल फॉर लोकल की भावना का ध्यान रखे। पीएम ने मन की बात कार्यक्रम में कहा, खेलों की दुनिया में भी भारत का परचम लहराया है। कुछ दिन पहले ही भारत को राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलने का भी एलान हुआ। यह उपलब्धियां देश की हैं, देशवासियों की है। इस मौके पर समशेर बहादुर सिंह, अमरीश पांडे, लव कुश, अनीता भारती, सुनीता पासवान, संजू केसरी, अमित, सूरज प्रसाद, संजय कुमार, आत्माराम, आशा देवी, सुनीता आदि मौजूद रहे।

## युवक की ईट पत्थर से हत्या



जौनपुर। केराकत थाना क्षेत्र के बेलाव गांव के पास एक युवक की ईंट-पत्थर से पीटकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान बेलाव निवासी 30 वर्षीय रोहित यादव पुत्र शिवशंकर यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रोहित एक टावर कंपनी में कार्यरत था।बताया गया कि कुछ दिन पहले रोहित का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## चोरों की आहट से भेड़ पालकों की उड़ी नींद



मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान तहसील क्षेत्र में इन दिनों चोरों की आहट बढ़ने से ग्रामीणों की नींद उड़ गई है। खासकर पशुपालकों का और भी बुरा हाल हो उठा है। चोरों के निशाने पर पशु हैं। बताया जा रहा है कि संतनगर थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव में बीती रात आधा दर्जन बदमाशों ने असलहे के बल पर चार दर्जन भेड़ उठा ले गए। सूचना होने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

बताते चलें की कुशियारा मजरा गांव निवासी शिवनाथ पाल पुत्र थारसू पाल व शिव बली पाल पुत्र महाबली पाल ने बताया कि बीते शुक्रवार, शनिवार की रात भेड़ों के पास वह मड़हा लगाकर सोए थे कि रात तकरीबन 2 बजे के करीब वाहनों के साथ आधा दर्जन बदमाशों ने जाली के अंदर घुसकर भेड़ों को वाहन पर लादने लगें, विरोध करने पर असलहा लहराने के साथ चुप रहने की धमकी देते हुए उन्हें चारपाई से बंधक बना दिये और भेड़ों को लाद कर चलते बने हैं। बदमाशों के जाने के बाद शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचकर उन्हें बंधक से मुक्त कराया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची संतनगर पुलिस जांच में जुटी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते दो हफ्तों से लगातार भेड़ चोरी की घटनाएं हो रही है। पशु चोरों की बढ़ती सक्रियता से ग्रामीणों और पशुपालकों में दहशत देखा जा रहा है। संतनगर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया की आस-पास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, भेड़ चोरों का बहुत जल्द पदार्फाश होगा।

## साहित्य समाज व संस्कृति का संरक्षण करता है : सोहनलाल




मीरजापुर। आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन, कवि गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संगीता पाल की पुस्तक बचपन की पचपन कविताएं का विमोचन मुख्य अतिथि सोहनलाल श्रीमाली, अध्यक्ष भोलानाथ कुशवाहा और मंचासीन अतिथियों ने किया।

मंच पर कवि व लेखक डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव (गाजियाबाद), कवि रविपाल खामोश (इटावा), कवयित्री सुशीला पाल (बलिया), राकेश चंद्र शुक्ल, लालव्रत सिंह सुगम, रविन्द्र पाण्डेय सरल, मुहिब मिजार्पुरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आनंद अमित और अनिल कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सोहन लाल श्रीमाली व अन्य अतिथियों ने सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य समाज और संस्कृति को संरक्षित करता है। डॉ संगीता पाल ने अपनी कविताओं के माध्यम से बच्चों को संस्कृति से जोड़ा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने कहा कि डॉ संगीता पाल ने बच्चों के लिए उपयोगी पुस्तक का सृजन किया है। कविताओं के माध्यम से संगीता पाल ने बच्चों का मार्गदर्शन किया है। डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा बच्चों के लिखना कठिन कार्य है। डॉ. संगीता पाल ने बच्चों के लिए अच्छी कविताएं लिखी हैं। रवि खामोश ने कहा- डॉ संगीता पाल की पुस्तक में बचपन का पूरा सारांश है। सुशीला पाल ने कहा कि डॉ संगीता की कविताओं में प्रवाह है। मुहिब मिजार्पुरी, रविन्द्र कुमार पाण्डेय, लालव्रत सिंह सुगम और अर्चना द्विवेदी ने अपने वक्तव्य में डॉ पाल की कविताओं की प्रशंसा की। डॉ संगीता पाल ने अपनी मधुर आवाज में रचनाएं सुनाकर सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। डॉ. संगीता पाल, रवि खामोश, सुशीला, अर्चना, मुहिब मिजार्पुरी, विजय कुमार श्रीवास्तव, गुमनाम मिजार्पुरी, नंदलाल सिंह, डॉ नीरज पांडेय, हौसला प्रसाद मिश्रा, अमरनाथ व अन्य कवियों ने काव्य पाठ किया। आचार्य राम चंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान की ओर से त्रिवेणी, महिला काव्य मंच, साहित्य चेतना समाज और हिन्दी श्री संस्थाओं को सम्मानित किया गया। डॉ संगीता पाल को हिंदी श्री साहित्य संस्थान की ओर से देव साहित्य श्री सम्मान प्रदान किया गया। सभी कवियों व अतिथियों को अंग वस्त्र और सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

## मक्का लादकर ट्रेलर पलटा चालक व खलासी सुरक्षित




हलिया, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर रविवार शाम पांच बजे के करीब ब्रेक फेल होने से मक्का लादकर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया।

मध्यप्रदेश के जबलपुर से मक्का लादकर बिहार के आरा जिला जा रहा ट्रेलर जैसे ही ड्रमंडगंज के बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचा तो अचानक ब्रेक फेल हो गया जिससे ट्रेलर अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलट गया। ट्रेलर पर लदा मक्का सड़क पर बिखर गया हादसे में ट्रेलर चालक सतीश व खलासी रवि निवासी चुनार बाल बाल सुरक्षित बच गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने घटना की जांच कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिखरे मक्का को हटवाकर सुरक्षित कराया। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि मक्का लादकर बिहार जा रहे ट्रेलर का ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित ट्रेलर घाटी में पलट गया। चालक खलासी सुरक्षित हैं। पलटे ट्रेलर को हटवाया जा रहा है।

संक्षेप

## आप कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में की श्रद्धांजलि सभा

**अयोध्या।** राज्यसभा सांसद व आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह के आह्वान पर रविवार को गांधी पार्क, सिविल लाइंस में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन सभी बीएलओ को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिन्होंने चुनावी कार्यों के अत्यधिक दबाव और प्रतिकूल परिस्थितियों में अपनी जान गंवा दी। आम आदमी पार्टी यह मानती है कि लोकतंत्र की जड़ें उन्हीं कर्मचारियों से मजबूत होती हैं जो प्रतिबद्धता के साथ अपना दायित्व निभाते हैं। ऐसे समर्पित कर्मियों की असामयिक मृत्यु अत्यंत दुःखद और चिंताजनक है। जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापतिह्न ने कहा कि मानवता के नाते हम इन पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। चुनावी कार्य में लगे साथियों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकार सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है और यह आवाज हम सड़क से सदन तक मजबूती से उठाएंगे।

# भाजपा नेताओं ने सामूहिक रूप से सुना मन की बात



**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम को भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने रविवार को महानगर के सभी 400 बूथों पर सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के दौरान जनसंपर्क, संगठन विस्तार और आगामी चुनावी रणनीतियों को लेकर कार्यकताओं ने चर्चा भी की। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने नया पुरवा रेतिया स्थित बूथ नंबर 40 पर कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री और जनता के बीच आत्मीय संवाद का सेतु है। इससे प्रेरणा मिलती है और राष्ट्र निर्माण की दिशा स्पष्ट होती है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने रिकाबगंज कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हर संदेश जनता के हित से जुड़ा होता है। कार्यकताओं को सरकार की उपलब्धियां गांवह्नगांव तक पहुंचाना होगा। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने मणिराम दास छावनी वार्ड के तिवारी मंदिर बूथ पर पहुंचकर कार्यक्रम सुना और कहा कि प्रधानमंत्री ने भारतवासियों में आत्मविश्वास जगाया है। आज स्वावलंबन और राष्ट्रप्रेम के संदेश को हर नागरिक आत्मसात कर रहा है।

पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने विद्याकुंड में कार्यकताओं के बीच कार्यक्रम सुना और कहा कि मन की बात सिर्फ संवाद नहीं, बल्कि देश की सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत है। वहीं भाजपा महानगर अध्यक्ष ने बूथ नंबर 206 डॉ. बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में कार्यकताओं संग कार्यक्रम सुना। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम संगठन की मजबूती और कार्यकताओं के मनोबल को निरंतर बढ़ाने का माध्यम बन गया है।महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, मुकेश तिवारी, कपिल देव वर्मा, सहित अन्य पदाधिकारियों ने महानगर के विभिन्न बूथों पर सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर घर-घर करें सम्पर्क



**अयोध्या।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत भाजपा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने शनिवार को मनोहर लाल स्थित बूथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान सूची अद्यतन प्रक्रिया की प्रगति को नजदीक से देखा और बूथ स्तर अधिकारी से आवश्यक जानकारी लेकर अब तक की कार्यवाही की समीक्षा की। दिवाकर सिंह ने उपस्थित बूथ पदाधिकारियों और कार्यकताओं से कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए और इस अभियान का उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना है। उन्होंने कार्यकताओं को निर्देशित किया कि वे घर-घर संपर्क करें, नये मतदाताओं के नाम जोड़ें और पुराने गलत विवरणों को सुधारने में लोगों की मदद करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहाकृमतदाता सूची सिर्फ कागज नहीं, लोकतंत्र की बुनियाद है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे। भाजपा कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और सुनिश्चित करें कि हर नागरिक को मतदान का अधिकार मिले। यह सिर्फ चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। मौके पर तेजिंदल पाल टिंकल, राजकुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सरयूपारीण ब्राह्मण परिषद के तहत गीता प्रश्नावली आयोजित



**देवरिया।** सरयूमारीण ब्राह्मण परिषद, देवरिया के बाथान तत्वावधान में गीता जयन्ती की पूर्व सन्ध्या पर गीता आधारित प्रश्नावली अन्त्याक्षरी, निवन्ध, भाषण प्रतियोगिता एवं श्लोकों का सस्वर गायन आयोजित किया गया, जिसमें विद्या धर्म संजीवन संस्कृत महाविद्यालय, देवरिया, सरस्वती विया मंदिर, देवारा एवं महाराजा अग्रसेन बालिका विद्यालय, देवरिया के 52 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। विद्यामंदिर के प्रांशु मिश्रा एवं संस्कृत विद्यालय के सत्यम तिवारी एवं कुलदीप तिवारी की प्रस्तुति सराहनीय रही। प्रतियोगिता आयोजन की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष डॉ० मधुसूदन मणि मियानी एवं संचालन उमेश मिस ने किया। अब उक्त अवसर पर परिषद के पूर्वअध्यक्षत आद्याप्रशुक्ल, मंत्री कौशल कुमार मि रमेश मिश्य, शिव सहाय माण, खीन्द्रनाथ तिवारी, हरेराम दीक्षित, प्राचार्य प्रमोद कुमार मिश्र, डॉ. अक्षयवर पति त्रिपाठी रानी दुर्गावती, दीक्षा द्विवेदी, मधुलता दूबै दीपक प्रजापति मनीष पति त्रिपाठी चन्द्रभूषण पाण्डेय, मधुसूदन उपाध्याय एवं सिंगासन पाण्डेय को गरिमामयी उपस्थिति रही।

## अग्निवीर मे चयनित बेस्ट कैडेट्स को कालेज ने किया सम्मानित

**भटनी (देवरिया)।** बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कालेज मे आयोजित रक्तदान शिविर में कालेज के बेस्ट एन सी सी कैडेटस के अग्निवीर मे चयनित होने पुरस्कृत भी किया गया ।रक्तदान शिविर में य पी-52बटालियन के कैडेटस ने बढ चढ कर हिस्सा लिया ।संस्था प्रमुख कैप्टन जयराम यादव प्राचार्य डाँ महेश कुमार गोंड सीटीओ संदीप कुमार जायसवाल पीसी मिश्रा की पुरी टीम प्रशिक्षण टीम से शिवम यादव 45कैडेटस एस डी -33एस डब्लू उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैडेटसो का मनोबल व उत्साह को बढाना है ।जिससे उनके अन्दर कुछ करने की जज्बा सहित रक्तदान करने से हमेशा स्वस्थ रह सके ।

## बुद्ध पीजी कॉलजे में एनसीसी दिवस पर कार्यक्रमआयोजित




**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी दिवस के अवसर पर बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर में एनसीसी दिवस पर सम्मान समारोह, साईकिल रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर साईकिल रैली भी निकाली।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि विगत वर्षों में एनसीसी और सेना में जाने के प्रति युवाओं में रुझान और उत्साह बढ़ा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का निर्माण करती है। डॉ.गौरव तिवारी ने कहा कि एनसीसी की स्थापना भारतीय सशस्त्र सेना के यूथ विंग के रूप में हुई है। स्वागत उद्बोधन में डॉ. सौरभ द्विवेदी किया।अग्निवीर योजना में चयनित महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स सूरज प्रजापति, अंकित कुशवाहा, सतीश गुप्ता, शिवम यादव, विकास गुप्ता, नीरज कन्नौजिया, शैलेश यादव को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने चयनित कैडेट्स को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समन्वयन डॉ. सौरभ द्विवेदी व संचालन वासु प्रसाद गौड़ ने किया। कैडेट प्रीति, सेजल, सूरज, अजय, मोहित ने देशभक्ति गीतों पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कैडेट सृष्टि ने कविता और कैडेट चांदनी ने भाषण प्रस्तुत किया। एनसीसी बी से सी प्रशिक्षण में प्रोन्नत होने वाले कैडेट्स मोहित, अजय सूरज, प्रिया, कुसुम को सीनियर रैंक प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण कुमार जायसवाल, डॉ. पारसनाथ, डॉ. राकेश चतुर्वेदी, डॉ.राकेश सोनकर उपस्थित रहे।

## दिवंगत एबी ज्ञानेश्वर महाथेरो की श्रद्धांजलि सभा में हुआ संघदान एवं भोजन दान




**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित म्यांमार मंदिर में दिवंगत एबी ज्ञानेश्वर महाथेरो के चित्त विमुक्ति हेतु संघदान एवं श्रद्धांजलि सभा व भोजन दान का आयोजन किया गया।

रविवार की सुबह भिक्षु संघ कुशीनगर के नेतृत्व में भिक्षुओं ने मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया तथा बोधि वृक्ष पर जल दान किया, सामूहिक महापरितपाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि भंते ज्ञानेश्वर ने शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए। उनकी इच्छा और निर्देशों का सम्मान है। बीपीजी के प्राचार्य डॉ विनोद मोहन मिश्रा ने कहा कि गुरु जी ने जन सेवा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया और बौद्ध साहित्य, दर्शन को बढ़ावा देने के लिए पाली भाषा के अध्ययन के लिए पाली भवन बनकर तैयार है और विषय की मान्यता भी मिल गई है। सपा नेता राजेश प्रताप राव ने कुशीनगर के विकास में उनके योगदान की चर्चा की। प्रो. वीरेंद्र कुमार ने भंते ज्ञानेश्वर के जीवन और उनके गुरु भिक्षु चंद्रमणि द्वारा धर्म और कुशीनगर के विकास, इतिहास पर चर्चा की। संचालन भंते डॉ नन्द रतन ने किया।

इस दौरान भिक्षु ऊ नंदा, भिक्षु के उत्तराधिकारी ऊ नंदका, भिक्षु शील प्रकाश, भंते डॉ नंद रतन, भंते अशोक, भंते महेंद्र, भंते भिक्षुणी धम्म नैना, भंते यशपाल, भंते उपाली, भंते कंचुक लामा, भंते सगरा, पी सों क्रान, डॉ कितिफान, भंते आलोक, भंते उत्तरानंद आदि भिक्षुओं के अलावा डॉ राघवेंद्र पटेल, एड जितेंद्र पटेल, डीपी बौद्ध, डॉ राजकुमार त्यागी, राम नगीना, टीके राय, सीताराम मौर्या, ओमप्रकाश कुशवाहा, विनोद जायसवाल, पप्पू गुरु जी सहित भिक्षु और उपासक शामिल रहे।

## ग्रापए के प्रदेश प्रभारी का सोनुघाट में पत्रकारों ने किया स्वागत



**देवरिया।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रभारी डॉक्टर के एन राय का आज सोनू घाट चौराहे पर ग्रा प ए के पदाधिकारियों ,सदस्यों ,शिक्षकों, ने जोरदार स्वागत किया । श्री राय वाराणसी से कुशीनगर जाते हुए यहां सोनू घाट चौराहे पर पहुचे थे। यहां ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पौहारी शरण राय ,जिला महासचिव डॉक्टर हरिश्चंद्र मिश्र ,जिला कोषाध्यक्ष आनंद मोदनवाल, विजय यादव इश्तियाक अहमद आदि पत्रकारों स्थानीय जनप्रतिनिधियों, इंद्रजीत यादव पूर्व प्रधान ,व्यापारियों ने श्री राय को फूल माला पहनकर स्वागत किया । डॉ राय ने जिले के पदाधिकारियों,सदस्य साथियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि इसवर्ष ग्रा प ए की बेबसाइट पर सभी सदस्यों की सूची अपलोड हो रही है और दिसम्बर माह में सदस्यता अभियान पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ।उन्होंने जिले में गहन सदस्यता अभियान चलाकर निर्धारित अवधि में इसे पूरा करने को कहा ।

## कुडे की ढेर से लगी आग के धुंऐ से एक तिहाई नगर की आबादी प्रभावित,लड़की हुई बेहोश

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत के रामलीला मैदान मे कुडे के ढेर में लगी आग से रामलीला मैदान सहित गाँन्धी चौक के अलावे अन्य मुहल्ला धुंऐ के आगोश मे मची अफरा तफरी ।भगदड जैसा माहौल बन गया ।इसी बीच 15वर्षीय युवती धुंऐ से दम घुटने के कारण बेहोश हो गयी ।किसी तरह से जान बच गयी ।

बताया गया है कि नगर के रामलीला मैदान के पश्चिमी छोर पर कुडे का अम्बार लगा हुआ है ।उस स्थान पर कुडे के साथ आयी आग के चिनगारी से आग लग जाती है तो कही कोई आग लगाकर जला देता है ।लेकिन शनिवार के दोपहर से ही कुडे मे धीरे धीरे आग सुलग रही थी ।धुंआ निकल रहा था ।शायद किसी ने नही देखा देखा भी हो तो अनदेखी कर गया ।देखते ही देखते सूर्यास्त होने के बाद विकराल रुप धारण कर लिया नगर के लगभग 35प्रतिशत आबादी को धुंआ अपने आगोश में ले लिया ।जिससे लोगों का दम घुँटने लगा लोग भागने लगे ।भगदड जैसी माहौल बन गया ।नगर मुख्य बाजार गाँन्धी चौक में भी धुआँ फैलता जा रहा था ।पुलिस भी सूचना पर मौके पर आ गयी ।इसी बीच अपने मौसी के घर ग्राम मुडाडीह पश्चिमी चम्पारण बिहार सेपढने के लिए आयी 15वर्षीय रीतिका गुप्ता पुत्री विपिन गुप्ता धुँआ के आगोश में बूरी तरह फंस गयी ।दम घँटने से बेहोश हो गयी ।किसी तरह से अस्पताल ले जाकर लोगो ने लड़की की जान बचाई ।इस सम्बन्ध मे व्यापार मण्डल अध्यक्ष अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्त ने बताया कि इस घटना के सम्बन्ध मे पहले भी लिखित देकर नगर पंचायत के अध्यक्ष व अधिशासी को अवगत करा दिया था ।लेकिन समाधान नही हो पाया ।जिससे भयंकर घटना लोगों के सहयोग से बच गयी ।अगर इसका समाधान दो दिन के अन्दर नही हुआ तो हम व्यापारी नगर पंचायत का घेराव किया जायेगा ।अधिशासी अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि कुडा ढोने वाले वाहन में आग आ गया हो ।कोई आग लगाता नही ।

### जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का मनाया सातवां स्थापना दिवस

अयोध्या। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी ने रविवार को जिला अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह जेडी की अध्यक्षता मे पार्टी का सातवां स्थापना दिवस पदाधिकारियों संग केक काटकर धूमधाम से मनाया व पार्टी के नये दिशा निदेर्शों से अवगत कराया। स्थापना दिवस के इस अवसर पर के कुछ नये पदाधिकारियों का भी चयन किया गया , जिसमे अभिषेक सिंह मारवा को व्यापार प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष, पूरन चंद्र सोनी को महानगर महासचिव नियुक्त किया गया है।

## अमरनाथ तिवारी मानस बने बेसहारा परिवारों के सहारा



**अयोध्या।** जनपद के समाजसेवी अमरनाथ तिवारी ह्यमानसह्न इन दिनों अपनी निस्वार्थ सेवाओं और मानवीय द्दष्टिकोण के कारण क्षेत्र में चर्चा का प्रमुख विषय बने हुए हैं। जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्परता और पीड़ित परिवारों तक तत्काल पहुंचने की प्रवृत्ति ने उन्हें आम जनमानस के बीच विशेष पहचान दिलाई है। समाजसेवी मानस का स्पष्ट कहना है कि सेवा भाव ही जीवन की सच्ची साधना है।

इसी सोच के साथ वे वर्षों से सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित हैं। खास बात यह है कि वे अपनी सहायता राशि का कभी प्रचार नहीं करते, जबकि उनकी उदारता के किस्से मदद पाने वाले परिवार स्वयं क्षेत्र में बताते हैं। बताते चलें कि धमथुआ गांव में बिजली करंट लगने से रामकेवल यादव की मौत के बाद परिवार पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। पांच बच्चों और पत्नी की दारुण स्थिति देख समाजसेवी मानस ने आर्थिक सहयोग देकर परिवार को मजबूती प्रदान की। रसूलपुर लिलहा गांव के योगेंद्र कोरी की दो माह पूर्व आकस्मिक मृत्यु के बाद परिवार भोजन तक के संकट से जूझ रहा था। सूचना मिलते ही मानस भैया ने विधवा पत्नी आशा को आर्थिक सहायता दी और आगे भी सहयोग देने का आश्वासन दिया। खेमापुर निवासी कृष्ण कुमार महरा की दुर्घटना में मौत के बाद समाजसेवी मानस ने उनके परिवार को आर्थिक मदद देने के साथ ही अंतिम संस्कार की आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई। स्थानीय लोगों ने उनके इस कदम की सराहना की। ग्राम आदिलपुर पूरे सुकई में लगातार बारिश से ढहा मकान चार अनाथ भाइयों के लिए संकट बन गया था। खुले आसमान के नीचे रह रहे इन बच्चों की पीड़ा को समझते हुए मानस ने आर्थिक सहायता दी और सुरक्षित आवास की व्यवस्था कराने का भरोसा दिलाया। लुधियाना में घायल होकर हुई अरविंद पाण्डेय की मृत्यु के बाद उनका परिवार तेरहवीं संस्कार कराने की स्थिति में भी नहीं था। मानस भैया ने स्वयं पहुंचकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया, जिसके बाद परिवार अंतिम संस्कार कर सका। पीड़ित और उपेक्षित परिवारों की लगातार सहायता करने के चलते मानस भैया क्षेत्र में मानवता के मसीहा के रूप में उभर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना दिखावे के समाज सेवा करने वाले व्यक्तित्व आज बहुत कम मिलते हैं, मानस उन चुनिंदा लोगों में से एक हैं।

## एनसीसी दिवस पर साइकिल रैली आयोजित




**कसया, कुशीनगर।** महानिदेशालय एनसीसी नई दिल्ली एवं निदेशालय एनसीसी लखनऊ के आदेश पर 50 यूपी बटालियन के करनाल हरिश्चंद्र के निर्देश पर विश्व के सबसे बड़े सैन्य छात्र संगठन राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी की स्थापना दिवस पर रविवार को एनसीसी दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बुद्ध इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट ने साइकिल रैली में भाग लिया। साइकिल रैली का आयोजन बुद्ध इंटर कॉलेज कुशीनगर प्रांगण से होकर थाई मंदिर कुशीनगर तक गई पुनः वहां से बुद्ध इंटर कॉलेज प्रांगण में आकर समाप्त हुई साइकिल रैली को चौकी इंचार्ज कुशीनगर ने राष्ट्रीय ध्वज देखें रवाना किया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन वेद प्रकाश मिश्रा एवं सीनियर केडेट नंदिनी, कुमकुम, श्वेता, निक्की, आयुष, सोनू, बिट्टू, कृष्ण, अवनीश, बाबूलाल, राजू, शिवम आदि कुल 120 छात्र एवं क्रेडिट उपस्थित रहे।

## नासूर बनी पड़री मल्ल से देवरिया वाई पास रोड

**देवरिया।** जनपद के पूर्वी क्षेत्र व बिहार को जिलामुख्यालय से जोड़ने वाली 4 किमी सड़क विभागीय उपेक्षा व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण मुख्यालय आने वाले दोपहिया, चारपहिया ,सायकिल ,ई रिक्शा चालकों के लिये नासूर साबित हो रही है ।मरम्मत के अभाव में सड़क पर बने गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। बिहार ,आजमगढ़, बलिया वाराणसी से आने वाले सैकड़ो भारी वाहन सोनुघाट से इस वाईपास रोड से कुशीनगर ,पडरौना आदि के लिए पड़री मल्ल चौराहे से नहर के किनारे बनी डबल लेंन सड़क से कसया रोड होकर गुजरते हैं ।पूर्व सांसद श्री कलराज मिश्र द्वारा कस्य रॉड के भीमपुर से नहर के किनारे की सड़क को बिहार सिमा के मधवापुर तक डबल लें बनवाया गया था ।पिछले अक्टूबर माह में मधवापुर से पड़री मल्ल तक सड़क के मरम्मत करने के बाद पड़री मल्ल से भीमपुर तक की सड़क को वैसे ही छोड़ दिया गया जबकि सड़क का यही भाग सबसे खराब है ।सड़क न बने से जगह जगह बने गड्ढे से रोज रोज दुर्घटनाएं हो रहीं हैं,ई रिक्शा पलटने ,दोपहिया वाहनों के गिरने पड़ने से लोग चोटिल हो रहे हैं ।इस सड़क से गुजरने वाले विभाग और जनप्रतिनिधियों को कोस रहे हैं ।विदित हो कि पूर्वी क्षेत्र के सैकड़ों गांवों, बिहार को जोड़ने वाली सड़क पर प्रतिनदिन भारी संख्या में वाहन जिलामुख्यालय आते जाते हैं , ।खराब सड़क को लेकर लोंगों में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है ।

## विवादों में घिरी अयोध्या छावनी परिषद की नियुक्ति प्रक्रिया



**अयोध्या।** अयोध्या छावनी परिषद में नियुक्ति प्रक्रिया पर विवादों से घिर गयी है। सफाई कर्मियों ने ठेकेदार और उससे जुड़े लोगों पर ज्वाइनिंग के नाम पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि लगभग 180 सफाई कर्मियों की भर्ती में से 17 कर्मियों से 10-10 हजार रुपये लिए गए। इस कथित वसूली के विरोध में आज सफाई कर्मचारी राजकीय इंटर कॉलेज के पीछे स्थित मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और विरोध दर्ज कराया। विवाद बढ़ने पर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। इसी दौरान कर्मचारियों ने बिहार निवासी रत्नेश नाम के व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोप है कि वही भर्ती के नाम पर रुपये वसूल रहा था। जांच में रत्नेश के पास से 10,000 रुपये बरामद होने की बात भी सामने आई है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। पुलिस अब पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है। छावनी परिषद प्रशासन से नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज और तथ्य मांगे जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि अवैध वसूली में किन-किन लोगों की संलिप्तता है। फिलहाल सफाई कर्मियों में रोष व्याप्त है और वे निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

- सफाई कर्मियों ने ज्वाइनिंग के लिए लगाया अवैध वसूली का आरोप

# लेखपाल की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

जिला संवाददाता

- परिजनों और लेखपाल संघ का आरोप-वर्कलोड के दबाव में हुए मौत
- पांच करोड़ मुआवजा एवं सरकारी नौकरी की मांग
- मौके पर एसडीएम रोती नजर आई

**देवरिया।** जिले के सलेमपुर तहसील में कार्यरत लेखपाल आशीष कुमार की बीती रात गोरखपुर जनपद के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार की सुबह मृतक लेखपाल का शव गांव पहुंचा तो परिजनों और लेखपाल संघ के अन्य साथियों ने घर पर ही शव रखकर हंगामा किया। उनकी मांग है कि मृतक के परिवार के दो बच्चों को शिक्षा का प्रबंध किया जाए और 5 करोड़ रूपया इनको अनुदान में दिया जाए।

इस दौरान एसडीएम सलेमपुर एसडीएम बरहज सहित तमाम अधिकारी पहुंचे और परिवार वालों के मनुअल में जुट गए। परिवार के लोगों का आरोप है कि एसआईआर के दबाव में यह काम कर रहे थे। जिसकी वजह से उनकी मौत हुई। वही जिला प्रशासन ने अपना पक्ष जाहिर किया है। उसमें बताया गया है कि यह पथरी रोग से ग्रसित है और गोरखपुर के एक निजी अस्पताल इलाज के दौरान उनकी मौत हुई है। वही मौके पर मौजूद एसडीएम सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव हंगामे के दौरान रोती हुई नजर आई। वही अगर पूरी घटना की बात करे तो सलेमपुर तहसील के लेखपाल की शुक्रवार को इलाज के दौरान गोरखपुर स्थित एक नीजी अस्पताल में मृत्यु हो गई। शुक्रवार की रात में अचानक तबियत खराब होने के चलते देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया था।

इसको लेकर लेखपालों ने एसडीएम व तहसीलदार पर एसआइआर फार्म भरे जाने के लिए दबाव बनाने के चलते हार्ट अटैक होने का आरोप लगाया है। लार थाना क्षेत्र के धनगड़ा गांव के पलानी टोला निवासी आशीष कुमार 35 वर्ष पुत्र बाबूलाल प्रसाद सलेमपुर तहसील में लेखपाल के पद पर कार्यरत थे। उनकी वर्तमान में तैनाती बलिया उत्तर गांव पंचायत में थी। शनिवार की रात साढे दस बजे अचानक उनकी तबियत घर पर ही खराब हो गई। इसके बाद स्वजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सक मेडिकल कालेज रेफर कर दिए। मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने भी गोरखपुर मेडिकल के लिए रेफर कर दिया।

रात होने के चलते स्वजन उन्हें एक नीजी अस्पताल में भर्ती कराए। जहां इलाज के दौरान शनिवार की दोपहर में उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना पर तहसील के लेखपालों तहसील प्रशासन के विरूद्ध आक्रोश जताया और इसके लिए सीधे एसडीएम व तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को जिम्मेंदार बताते हुए एसआइआर कार्य में दबाव बनाने के चलते हार्ड अटैक होने का आरोप लगाया है। वही एसआइआर कार्यों को लेकर बीएलओ व लेखपालों पर काफी अधिक दबाव है।

इसको लेकर तहसील संघ के अध्यक्ष लकमुद्दीन अंसारी का आरोप है कि मृतक लेखपाल आशीष कुमार ने 24 नवंबर को अपने क्षेत्र में एसआइआर से संबधित ड्यूटी की। रात में एसडीएम ने मीटिंग में उनको बुलाई वे मीटिंग में भी उपस्थित थे। इसके बावजूद उसी दिन एसडीएम ने तहसील के वाट्सप ग्रुप पर आशीष कुमार सहित 21 लेखपालों को बीएलओ के कार्यों में सहयोग न करने तथा फिडिंग के लिए बुलाई गई बैठक में न आने पर एक दिन का वेतन बाधित करने की नोटिस दी गई थी।

इससे आहत होकर आशीष की तबियत उसी दिन से खराब चल रही थी। इस तरह का बार-बार एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार के दबाव के चलते उनका हार्ट अटैक हुआ है।

उन्होंने इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## भाजपा नेता राकेश जायसवाल व सरोज जायसवाल पर केस दर्ज

**अयोध्या।** क्षेत्रीय प्रर्वतन अधिकारी खनन अनंत कुमार सिंह की तहरीर पर भाजपा नेता राकेश जायसवाल तथा सरोज जायसवाल सहित 15 अज्ञात लोगों पर धमकी देना, मारपीट का केस कैंट थाने में दर्ज किया गया है। विवाद खनन से जुड़ा हुआ है। मामले में बीती रात कैंट थाने में आरोपियों व उनके सर्मथकों ने खनन विभाग के अधिकारियों के साथ गाली गलौच व तथा पुलिस कमियों के साथ अभद्रता की थी। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। दर्ज केस के अनुसार क्षेत्रीय प्रर्वतन अधिकारी खनन में ओवरलोडिंग की जांच करने सोहावल तहसील के फतेहपुर सरैया गांव गए थे। जहां जांच में एक बालू लोड ट्रक में 16 धन मीटर बालू अधिक मिला। जिसका चालान तकनीकी समस्या के कारण मौके पर नही हुआ। चालान की जानकारी वहां मौजूद लोगों को देकर वापस आते समय खनन विभाग के अधिकारी एक जगह रूके।

## संक्षेप

### बुजुर्ग लापता परिजन परेशान

मौरावां, उन्नाव (वीओएल)। मौरावां क्षेत्र से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग के लापता होने का मामला सामने आया है। बेनीगंज कस्बे के कोके मोहल्ला निवासी झींगुर रावत जो अपने घर से 18 नवंबर 2025 की शाम लगभग 5 बजे खेत की ओर गए थे, उसके बाद से वापस नहीं लौटे। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया। बुजुर्ग के पुत्र पंकज ने बताया कि उनके पिता रोजाना की तरह शाम को खेत की ओर गए थे, लेकिन देर रात तक घर न लौटने पर परिजन चिंतित हो गए। काफी तलाश के बाद भी जब जानकारी नहीं मिली तो उन्होंने थाना मौरावां पुलिस से संपर्क कर लिखित सूचना दी। गायब होने के समय झींगुर रावत हरे रंग का लोअर, लाल शर्ट और लाल रंग की जैकेट पहने हुए थे। उनकी लंबाई करीब 5 फुट, रंग सांवला और चेहरा गोल बताया गया है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के गांवों में भी खोजबीन की, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिली। थाना अध्यक्ष मौरावां को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों का कहना है कि अचानक इस तरह गायब हो जाने से परिवार में चिंता और तनाव का माहौल है।

### प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम

उन्नाव। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्र ने रविवार को उन्नाव पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने उप मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अमित मिश्रा संगठन के सैकड़ों सदस्यों के साथ ब्रजेश पाठक से मुलाकात के लिए पहुंचे, जहां उन्होंने शहर की विभिन्न व्यवसायिओं व व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। साथ ही उप मुख्यमंत्री को संगठन की ओर से शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। इसी क्रम में उन्नाव में आयोजित मन की बात कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को सुना।

### पुलिस चौकी पर बैठक आयोजित

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली थाने के अंतर्गत चौकी कुंवरगढ़ी पर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ रहे साइबर अपराध, ठगी और चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को जागरूक करना था। बैठक में चौकी इंचार्ज बिहारी लाल, हेड कांस्टेबल रजनीश यादव और करुण शंकर मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मी तथा क्षेत्र के सामाजिक लोग उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को साइबर ठगी से बचने के महत्वपूर्ण उपाय बताए। चौकी इंचार्ज बिहारी लाल और हेड कांस्टेबल रजनीश यादव ने विशेष रूप से बताया कि यदि किसी व्यक्ति को बैंक खाते संबंधी जानकारी मांगने वाली कोई संदिग्ध कॉल आती है, तो उसे तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करना चाहिए। उन्होंने रात्रि में पुलिस की सहायता करने का भी आग्रह किया ताकि चोरी जैसी वारदातों को रोका जा सके। सिधौली कोतवाल बृजेंद्र सिंह ने चौकी प्रभारी को इस मामले पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो।

### 12 और संदिग्ध दवा कंपनियों पर मुकदमा

जौनपुर। कोडिन युक्त कफ सिरप तस्करी मामले में खाद्य एवं औषधि विभाग ने 12 और संदिग्ध दवा कंपनियों के खिलाफ वाराणसी में मुकदमा दर्ज कराया। खाद्य एवं औषधि विभाग के निरीक्षक जनाब अली ने बताया पिछले 15 नवंबर को 26 कंपनियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था तथा उस समय 12 और कंपनियां संदिग्ध पाई गई थीं। उन्होंने बताया कि जब इन कंपनियों की जांच करने के लिए टीम मौके पर पहुंची तो कंपनी या तो बंद मिली या उस पते पर कोई और दुकान मिली। उन्होंने बताया कि इन दवा कंपनी के संचालकों को नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया था। जब इन दवा कंपनियों के मालिकों ने अपना जवाब दाखिल नहीं किया, तो उनके खिलाफ कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है माइनर सिल्ट सफाई कार्य



परसेण्डी (सीतापुर)। विकासखण्ड परसेण्डी की धीरपुर माइनर सिल्ट सफाई का कार्यमानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। जिससे किसानों में नाराजगी है। जिसको लेकर नाराज किसान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करेंगे।

परसेंडी विकास क्षेत्र के अंतर्गत धीरपुर माइनर सफाई का कार्य जेसीबी के द्वारा कराया जा रहा है। जिससे नहर में लगी झाड़ी जंगल आज भी लगा हुआ है ना तो नहर की पटरियां बनाई जा रही हैं और ना ही नहर की मिट्टी मानक के अनुरूप नहीं उठाई जा रही है। जिससे किसान नाराज हैं किसानों के खेतों तक नहर का पानी नहीं पहुंच पाएगा। सरकार के द्वारा नहीं सफाई के कार्य में लाखों रुपये खर्च करने के बाद नहर की सुविधा का लाभ नहीं मिल पाएगा। अमोरा बेनीराम से निकलने वाली नहर अमौरा, वेनीरामा ग्राम पंचायत गोरिया झालग्राम, पंचायत धोधी, ग्राम पंचायत रौरापुर, सिकंदरा, भौनहापुर, पारासराय, चांदपुर राही हिलालपुर, जानीपुर, उमरिया सहित दर्जनों गांव लाभान्वित होंगे मांग करने वालों में मनोज त्रिवेदी जिला सहसंयोक मीडिया भाजपा ओम प्रकाश शुक्ल प्रधान राही, मनजीत सिंह प्रधान अरुण सिंह, प्रधान संतोष वर्मा, प्रधान चेतराम, प्रधान देवेंद्र सिंह, प्रधान सहित दर्जनों लोगों ने नहर सफाई की मांग की है।

# 83 जोड़े दाम्पत्य सूत्र बंधन में बंधे



सफीपुर, उन्नाव (वीओएल)। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 83 जोड़ो दाम्पत्य सूत्र बंधन में बंधे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, एसडीएम, वीडियो ने सभी को सुखमय जीवन जीने का आशीष दिया। ब्लॉक परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 80 हिंदू जोड़ों का विधि विधान से पूजा अर्चना कर विवाह सम्पन्न कराया गया। वहीं दो मुस्लिम जोड़ो का काजी ने निकाह संपन्न कराया। जिसमें सफीपुर विकास खण्ड के 44 मियागंज के 26, नगर पंचायत ऊगू के 4, हैदराबाद 5 एवं रसूलाबाद के एक जोड़े ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा, खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, चेयरमैन प्रतिनिधि अनुज दीक्षित, नईमुद्दीन, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) छोटेलाल, एडीओ समाज कल्याण सुनील कुमार, भगवान शंकर द्विवेदी समेत ग्राम पंचायत अधिकारियो ने वर वधू को आशीर्वाद प्रदान कर उपहार भेंट किया एवं उनके सुखमय जीवन की कामना की।

# जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं ने सुना मनकी बात का128वां संस्करण



फतेहपुर ।के सभी 2144 बूथों पर जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव सहित भाजपाइयों द्वारा मन की बात कार्यक्रम को सुना गया ,मंलवा में जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव व स्थानीय विधायक जयकुमार सिंह जैकी सहित पार्टी के महामंत्री पुष्पराज पटेल, विवेक श्रीवास्तव, पंकज त्रिवेदी, रमनजीत सिंह, ओम मिश्रा, स्वरूप राज सिंह जूली,पंकज शुक्ला, आशुतोष अवस्थी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मनकीबात कार्यक्रम का 128वां संस्करण रोचकता से सुना ।

जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम उपरांत कहा कि आज के संस्करण में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सांस्कृतिक, आर्थिक व तकनीकी विकास पर प्रेरणादायक विचारों को देशवासियों के मध्य साझा किया गया है, जिसमें अयोध्या राममंदिर में धर्म ध्वजारोहण, कुरूक्षेत्र के ज्योतिश्वर में पांच्यजन्य स्मारक का अनावरण जैसे सांस्कृतिक सम्पन्नता को लोगों के बीच रखा गया वहीं हैदराबाद में एमआरओ की सुविधा उपलब्ध होने की बात कही गई, मोदी द्वारा देश वासियों को कृषि क्षेत्र में 357मिलियनटन उत्पादन के साथ ही बीते दस वर्षों में रिकार्ड 100मिलियनटन की बढ़ोतरी की खुशखबरी दी गई है,देश के आन्तरिक कड़ियों में वन्देमातरम्के 150वर्ष पूर्ण होने देश में राष्ट्रीय अखंडता को को बल मिला है, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 128वां संस्करण प्रसारित हुआ है जिसमें जिले के सभी 1244 बूथों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं द्वारा सुना गया है, मनकी बात कार्यक्रम की जिले में संयोजक के रूप में महामंत्री नीरज सिंह द्वारा टोली लगा कर पर्यवेक्षण किया गया है।

# अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या, आरोपी पति थाने पहुंचा

जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। जनपद के राधानगर थाना क्षेत्र के झाऊपुर में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां पति-पत्नी के बीच हुआ विवाद हत्या में बदल गया। जानकारी के अनुसार, रमवा गांव निवासी अजय सिंह अपनी पत्नी शिखा सिंह के साथ पिछले दो महीने से झाऊपुर में किराए के मकान पर रह रहा था। बताया जाता है कि दंपति के बीच आए दिन विवाद होता था।

शुक्रवार सुबह विवाद इतना बढ़ गया कि अजय ने पत्नी पर अवैध संबंधों का शक जताते हुए लोहे की सम्बल से हमला कर दिया। वारदात में शिखा की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी की हत्या करने के बाद अजय सीधे राधानगर थाने पहुंचा और पुलिस कर्मियों को पूरी घटना की जानकारी दी। अचानक हुए इस खुलासे से थाने में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत आरोपी को हिरासत में ले लिया ।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लिया गया और पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक अजय और शिखा के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जो शुक्रवार को हत्या तक पहुंच गया ।इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के बेटे युवराज और अनुज का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल बना हुआ है ।क्षेत्राधिकारी के अनुसार इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जाफरगंज दुर्गेश दीप ने बताया कि पति अजय सिंह ने अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या करने के बाद स्वयं थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रीय महिला परिषद के संगठन का हुआ विस्तार



फतेहपुर ।जिले में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अनुषांगिक संगठन राष्ट्रीय महिला परिषद की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिला स्तरीय बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी पहुंचे फतेहपुर विभाग अध्यक्ष गुड़िया सिंह चौहान की ओर से आए हुए अतिथियों को पटका पहनते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने हिंदुत्व को लेकर चर्चा की और साथ ही साथ संगठन का विस्तार किया गया कार्यक्रम का आयोजन गुड़िया सिंह चौहान विभाग अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला परिषद फतेहपुर की ओर से किया गया मुख्य अतिथियों व नवनियुक्त पदाधिकारी को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया संगठन का उद्देश्य हिंदुत्व की अलख जगाना व हिंदू भाइयों को धर्म के प्रति जागरूक करना है।

# मनीराम द्विवेदी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। नवीन जी ने अपनी कविता के माध्यम से देश और समाज को नई चेतना प्रदान की उन्होंने अपनी कविता में सामाजिक कुरीतियों की जमकर निंदा की और समाज के दबे कुचले वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

उक्त उद्गार डॉक्टर गणेश लाल शुक्ला ने तहसील क्षेत्र के ग्राम नैकामऊ में कवि मनीराम द्विवेदी नवीन की 120 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह के अवसर पर व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी कविता हमें जीवन के सत्य से अवगत कराती है वह मानवीय चरित्र व्यक्तियों का अंकन करने में सदा सफल रही है। संघर्षों के बीच जीवन को किस तरह से जिया जाए इसका जीवंत सत्य नवीन जी की कविता में मिलता है। कार्यक्रम को विष्णु मोहन सिंह, तेज बहादुर सिंह सुंदरलाल बाजपेई, डॉक्टर साहब व अन्य लोगों ने संबोधित किया और उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा की तथा अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अतिथियों द्वारा उनकी जन्मस्थली पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कवि नरेंद्र सिंह आनंद उम्मीद की वाणी वंदना से हुआ। कवि रामकुमार यादव, सम्पति कुमार मिश्र, राज बक्स सिंह आदि ने कविता पाठ के साथ नवीन जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में समरेंद्र बहादुर सिंह, योगेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, रज्जन तिवारी, मनमोहन द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ गणेश नारायण शुक्ला तथा संचालन शिक्षक शिवनाथ सिंह ने किया। कवि नवीन के पुत्र आनंद मोहन द्विवेदी द्वारा सभी के सहयोग व श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित होने पर सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया और अपनी वचनबद्धता दोहराई।

# विश्व में भारत हो नम्बर वन बनना, बस इसी प्रयास में हैं मोदीः अचिन मेहरोत्रा

जिला संवाददाता

सीतापुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वक्त देश और देशवासियों के उत्थान के बारे में ही प्रयास रत रहते हैं। प्रधानमंत्री ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ते जब देश को मजबूत करने और विश्व में नंबर वन रखने की बात हो। यह बात भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 128वें संस्करण को सुनने के दौरान कही। भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा सीतापुर विधानसभा के नगर 1 मंडल के शक्ति केंद्र तामसेनगंज की बूथ संख्या 243 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुन रहे थे। उन्होंने कहा है कि हाल के कई घटनाक्रम भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दशार्ते हैं।

आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एमआरओ सुविधा का उद्घाटन हो या आईएनएस माहे का भारतीय नौसेना में शामिल होना या फिर देश में स्काईरूट के इनफिनिटी परिसर की शुरूआत, ये सभी इसी बात के प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 35 करोड़ 7 लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, जो कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि भारत का अनाज उत्पादन पिछले 10 वर्ष में 10 करोड़ टन बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये देश और देशवासियों की उपलब्धियां हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह महीना कई प्रेरणाएं लेकर आया है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ की शुरूआत देशव्यापी कार्यक्रमों के साथ हुई। उन्होंने कहा कि इस महीने की 25 तारीख को अयोध्या के राम मंदिर में धर्मध्वजा फहराई गई और उसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का उद्घाटन किया गया। श्री मोदी ने कहा कि यह महीना भारत में खेलों के लिहाज से बेहद सफल रहा है। भारतीय महिला टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ही टोक्यो में डेफलिंपिक्स में भारत ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20 पदक जीते। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला खिलाड़ियों ने कबड्डी विश्व कप जीतकर इतिहास रचा और देश की खिलाड़ियों ने विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 20 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। श्री मोदी ने बताया कि भारतीय महिला टीम ने एक भी मैच हारे बिना दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय खेल इतिहास की यह सबसे बड़ी जीत है, जो हर भारतीय को प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर उपस्थित हरि कृष्ण मिश्रा, अनुराग महेंद्र, सुबोध मिश्रा, विष्णु कुमार राठौर, अंकुर तिवारी, गुड्डू आदि लोंग उपस्थित रहे।

# एसआईआर में लापरवाही पर बीईओ के विरूद्ध केस दर्ज

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। एसआईआर को लेकर आयोजित जिला प्रशासन की समीक्षा बैठक के दौरान एसआईआर कार्यों में प्रगति न मिलने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई।

डीएम राजा गणपति आर. के निर्देश पर एसआईआर के कार्यो में गम्भीर लापरवाही बरतने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर कुलदीप कुमार के खिलाफ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। डीएम द्वारा की गई समीक्षा में बूथ संख्या 50 से 150 तक एसआईआर संबंधित कार्यों में कोई भी प्रगति नहीं पाई गई। कई बार निर्देश देने के बाद भी रिपोर्ट न देने और अभियान में रुचि न दिखाने पर बीईओ की भूमिका संदिग्ध मानी गई। यही नहीं बैठक के दौरान उनका मोबाइल फोन बंद पाया गया और कई बार निर्देश के बावजूद लापरवाही पर चुनावी कार्य प्रभावित हुआ। प्रशासन का कहना है कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील होता है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है। बीईओ को एसआईआर के कार्य में नियुक्त

- **लापरवाही बरतने पर डीएम के आदेश पर हुई कार्रवाई**

किया गया था। लेकिन लगातार लापरवाही और जवाबदेही न निभाने के कारण उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई। शहर कोतवाली में दर्ज किए गए इस मुकदमे के बाद संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारियों और निष्पादन की भी जांच की जाएगी। मामले को लेकर शिक्षा विभाग और प्रशासनिक महकमों में चर्चा तेज है। चुनावी तैयारियों के बीच एक अधिकारी के खिलाफ की गई सख्त कानूनी कार्रवाई से अन्य विभागीय कर्मियों को भी आवश्यक सतर्कता बरतने का संकेत दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में लापरवाही बरतने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

# डीएम को उन्नाव का इतिहास पुस्तक भेंट की



पाटन, उन्नाव। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गणेश नारायण शुक्ल ने जिलाधिकारी गौरांग राठी से मिलकर उन्हें अपनी चर्चित पुस्तक उन्नाव जनपद का इतिहास भेंट की। इस पुस्तक का विमोचन पिछले दिनों हरिवंश लाल शुक्ला इंटर कॉलेज ऊँचगांव में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पद्मश्री हृदय नारायण दीक्षित और हिंदी साहित्य के शिखर समीक्षक प्रोफेसर सूर्य प्रसाद दीक्षित के हाथों हुआ था, इस पुस्तक में डॉ. शुक्ल ने उन्नाव के प्रागैतिहासिक काल से लेकर आधुनिक काल तक के इतिहास का प्रामाणिक विवरण दिया है, उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में उन्नाव जनपद के योगदान की विस्तार से चर्चा की है, पुस्तक में उन्नाव जनपद के सामाजिक सांस्कृतिक और साहित्यिक योगदान पर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। जिलाधिकारी से भेंट करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार स्तंभकार अरुण कुमार दीक्षित, साहित्यकार डॉ रामनरेश, डॉ आनंद वर्धन शुक्ल प्रमुख रहे।

## सेवा निवृत्त होने पर कंपनी कमांडर को भावभीनी विदाई दी



पाटन, उन्नाव। होमगार्ड के कंपनी कमांडर रामसेवक यादव निवासी बाबू खेड़ा थाना बिहार को उनके सेवा काल के 35 वर्ष पूरे होने के पश्चात रविवार को भावभीनी विदाई दी गई जो वर्तमान समय में थाना बारा सगवर में कार्यरत रहे। इस अवसर पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि रामसेवक यादव ने 1984 में होमगार्ड के पद पर भर्ती हुए थे इन्होंने अपने 35 साल के नौकरी के दौरान पुलिस विभाग को शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर सेवा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि इनकी बेबाक बणी व निर्भीकता के लिए पुलिस विभाग हमेशा इनका अनुसरण करता रहेगा। विदाई कार्यक्रम को अन्य होमगार्ड साथियों ने भी संबोधित किया तथा उनके सेवाकाल की बातों को साझा किया तथा उनसे प्रेरणा लेने का सभी साथियों से आग्रह किया। इस मौके पर अरविंद लोधी,समय बहादुर सिंह, रामनरेश यादव, गनेश प्रताप, रायबहादुर, देवेंद्र सिंह, अंजनी सिंह, अश्वनी सिंह, बाबू यादव, राधेश्याम यादव सहित अन्य पुलिस कर्म चारी मौजूद रहे।

## अवैध अस्पताल के खिलाफ चलाया अभियान, दो नर्सिंग होग सील

उन्नाव। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार को परियर क्षेत्र स्थित पावा रोड पर अवैध रूप से संचालित हो रहे दो नर्सिंग होम पर छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई की। जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभाग लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में पावा मेडिकल सेंटर तथा शाह हॉस्पिटल पर जांच की गई, जहाँ कई गंभीर अनियमितताएँ मिलने पर दोनों संस्थानों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। छापेमारी के दौरान पाया गया कि नर्सिंग होम बिना किसी मान्यता या पंजीकरण के चल रहे थे। न तो प्रशिक्षित अटेंडेंट स्टाफ मौजूद था और न ही योग्य चिकित्सक। इसके बावजूद मरीजों का उपचार किया जा रहा था, जो गंभीर लापरवाही और नियमों का खुलेआम उल्लंघन है। एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम ने आवश्यक दस्तावेजों को भी जब्त किया। दोनों ही संस्थानों को तत्काल बंद कर सील करने का काम किया गया। एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया, दोनों नर्सिंग होम पूरी तरह अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। न पंजीकरण था, न योग्य डॉक्टर। मरीजों की जिंदगी से इस तरह का खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## विधायक आवास के पास चल रहे बाला जी जच्चा बच्चा केन्द्र में हुई जच्चा की मौत

रेउसा (सीतापुर)। रेउसा कस्बे में विधायक आवास के बगल में चल रहे बाला जी जच्चा बच्चा केंद्र व हॉस्पिटल में जच्चा की मौत हो गयी। क्षेत्र में प्राइवेट झोलाछाप डॉक्टरों का कहर थम नहीं रहा है आए दिन हो रही मौत और इन फर्जी हॉस्पिटलों पर कार्रवाई तब तक नहीं होती। जब तक किसी की मौत नहीं होती। आखिर स्वास्थ्य विभाग इतना लापरवाह क्यों है जिसको लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ताजा मामला जनपद सीतापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा के अंतर्गत संचालित बालाजी हॉस्पिटल का है। जहां पर प्रसव पीड़ा के दौरान डिलीवरी कराने आई महिला की मौत हो गई ।मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और संबंधित अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। बता दें कि मृतक गायत्री पत्नी गया प्रसाद निवासी ग्राम चिरैया को प्रसव पीड़ा के दौरान घर के परिजनों के द्वारा रेउसा कस्बे में संचालित बालाजी हॉस्पिटल में ले गये। जहां पर झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से गायत्री की मौत हो गई। मौत के बाद भड़के घर के परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया और अस्पताल के कार्यकर्ता मौके से फरार हो गये। यह बालाजी हॉस्पिटल सेवता विधायक ज्ञान तिवारी के आवास के जस्ट बगल में फर्जी तरीके से संचालित है। जिसका परिणाम आज गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल में गायत्री की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और झोलाछाप डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक गायत्री के शव को घर ले गये। हालांकि सूचना मिलते ही स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर बालाजी हॉस्पिटल पहुंचे। जहां पर हंगामा कर रहे ग्रामीणों को शांत किया और पुलिस भी मामले को शांत करने में जुट गई। फोन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा के अधीक्षक अनंत मिश्रा को सूचना दी गई है। परंतु खबर लिखे जाने तक अधीक्षक अनंत मिश्रा मौके पर नहीं पहुंचे।

## आबादी की जमीन को लेकर हुआ विवाद, दबंगों ने एक परिवार का जलाया घर

सीतापुर। जनपद के थानगांव थाना क्षेत्र में रविवार को आबादी की जमीन को लेकर हुए विवाद में 7-8 लोगों ने एक परिवार का घर जला दिया। विरोध करने पर एक महिला के साथ मारपीट भी की गई। पीड़ित रामकिशुन पुत्र मयाराम और रामसागर पुत्र महादेव ने आरोप लगाया है कि गांव के अंदर स्थित आबादी की जिस जमीन पर उनके पुरखों का कब्जा था, वहीं उनका झोपड़ीनुमा घर बना था। वे परिवार सहित वहीं जीवन यापन कर रहे थे। रविवार को दबंगों ने उनके घर को जलाकर नष्ट कर दिया। जब रामसागर की पत्नी कुसमा (45 वर्ष) ने इसका विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर थानगांव पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष थानगांव विमल गौतम ने बताया कि चोटिल महिला का मेडिकल कराया जा रहा है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह घटना थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महेशपुर के मजरे लोनियनपुरवा गांव में हुई।

# राष्ट्रमंडल खेल की मेजबानी

भारत के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। एक बार फिर देश में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन होगा। इससे देश में न सिर्फ खेल संस्कृति का विकास होगा बल्कि खेल से संबंधित बुनियादी ढांचे का भी विकास होगा। इस तरह देश को 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिली है। यह भारत की आर्थिक उन्नति, आधारभूत ढांचे, खेल की व्यवस्थाओं की बड़ी सफलता की शुरूआत है। यदि गुजरात के अहमदाबाद में 2030 के राष्ट्रमंडल खेल कामयाबी से सम्पन्न हो गये, तो 2036 के ओलिंपिक की मेजबानी का भारत का दावा काफी मजबूत होगा। ओलिंपिक जैसे विराट आयोजन से हमारी अर्थव्यवस्था एक ऊंची छलांग लगा सकती है। बहरहाल राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत से पहले हरियाणा में बास्केटबॉल के दो होनहार, राष्ट्रीय खिलाड़ियों की त्रासदी सवाल भी पैदा करती है और चुनौती भी है। हम किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकते। बास्केटबॉल का उल्लेख होता है, तो महान खिलाड़ी शाक्विले ओ नील की याद ताजा हो जाती है। एनबीए के कई बार चैम्पियन रहे नील का वजन, खिलाड़ी होने के बावजूद, 140 किग्रा से अधिक था। उन्होंने 19




साल के अपने करियर में 2626 बार गेंद हवा में उछाल कर बास्केट में जोर से पटकी। एक किस्म के गोल किए, लेकिन न तो कभी बास्केट का फ्रेम टूटा और न ही पोल गिरा। एनबीए खिलाड़ियों का औसत वजन 98 किग्रा होता है। उन्होंने हर सीजन में करीब 11,000 बार गेंद बास्केट में डाली है और गोल किए हैं, लेकिन कभी त्रासद दुर्घटना नहीं हुई। तो हरियाणा में अमन कुमार और हार्दिक राठी बास्केटबॉल के फ्रेम के नीचे दबकर कैसे मर गये? ऐसे ही एक घटना लखनऊ में हुई जब एक छात्र की मौत स्कूल में खेलते हुए हो गया। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी थे और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीत सकते थे। वे किसी दिन नील के स्तर तक भी पहुंच सकते थे। उसे सिर्फ 'घटना' करार देकर अथवा खिलाड़ियों के परिजनों को मुआवजा देकर शांत नहीं किया जा सकता। उनकी मौत मानवीय एजेंसी के क्षेत्र के पार मानी जा रही है। अर्थात हालात मानवीय नियंत्रण के पार थे। क्या फ्रेम इसलिए गिरे, क्योंकि उसके स्टील पोल्स अत्यधिक जंग खा चुके थे, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थे? यह संभव हो सकता है, लेकिन यह फ्रेम और पोल्स के गिरने तक सीमित है। आखिर अमन और हार्दिक की मौत कैसे हुई? यही व्यवस्था का सवाल है, जो राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के दौरान बार-बार उठेगा, क्योंकि यह भारत की जिम्मेदारी और जवाबदेही होगी। हरियाणा के उस क्षेत्र में खेल-व्यवस्था क्या अंधी-बहरी थी, जो फ्रेम, पोल्स की जर्जर अवस्था देख नहीं सकी? उसे बार-बार आगाह किया गया, लेकिन व्यवस्था नजरअंदाज करती रही, लिहाजा खेल अधिकारियों का निलंबन ही पर्याप्त नहीं है। यदि हरियाणा सरकार खेल के प्रति गंभीर और संवेदनशील है, तो उस इलाके के सभी जिम्मेदार अफसरों को बर्खास्त किया जाये और जांच भी उच्चस्तरीय की जाए। हाल ही में भारत की दृष्टि बाधित महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने पहली बार विश्व कप जीता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें अपने आवास पर बुला कर न केवल प्रोत्साहित किया, बल्कि अपने हाथों से मिठाई भी खिलाई। उन खिलाड़ियों को जो नकद पुरस्कार मिलेंगे, वे अलग हैं। दृष्टिबाधित खिलाड़ी और क्रिकेट जैसे खेल का विश्व कप, सचमुच असंभव, अकल्पनीय लगता है, लेकिन खिलाड़ियों का हर स्तर पर पालन-पोषण करना पड़ता है, तब वे देश के लिए पदक और ट्रॉफी जीत सकते हैं। बेशक रोहतक में जिस तरह हार्दिक पर फ्रेम गिरा था, उसके वीडियो ने देश को खौफजदा कर दिया होगा! बास्केटबॉल को अहमदाबाद राष्ट्र मंडल खेलों में शामिल करने पर गंभीर विचार जारी है, लेकिन अब हमारी पदक दावेदारी कमजोर होगी।

### विचार

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

-चाणक्य.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

# शहरों की आबोहवा शुद्ध करने का लें संकल्प



मनोज बाजपेयी

> वायु प्रदूषण की चुनौतियों के दीर्घ कालिक और स्थायी समाधान हेतु इसके विभिन्न उपायों को संयोजित करने वाली एक समेकित बहुआयामी रणनीति आवश्यक है।



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का प्रदूषण गंभीर स्वास्थ्य समस्या तो है ही लेकिन साथ ही देश की बदनामी का कारण भी बन गया है। उत्तर भारत के अधिकांश शहर वर्षा ऋतु खत्म होते ही धूल और धुंध में ऐसे घिर जाते हैं कि सांस लेना दूभर हो जाता है। दम निकालती धुंध में लोगों को गंभीर स्वास्थ्य संकट से गुजरना पड़ता है। एयर क्वालिटी इंडेक्स दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में तो 400 या इससे भी ऊपर रहती है। यह इतना जहरीला है कि कोई भी बीमार पड़ सकता है। दिल्ली में दम निकालती धुंध के कारण लोगों की जीवन प्रत्याशा प्रभावित हुई है। इसलिए यह जरूरी है कि बढ़ते औद्योगीकरण के इस दौर में शहरों की आबोहवा को शुद्ध रखने के लिए गंभीर प्रयास किये जायें। छह-सात वर्ष पूर्व भारत सरकार ने शहरों की हवा को दुरुस्त रखने के लिए 'नेशनल क्लीन एयर मिशन' शुरू किया था लेकिन अब तक इसके क्या परिणाम रहे, इस संदर्भ में कोई ठोस आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। लेकिन शहरों का जो हाल है उससे स्पष्ट है कि स्थिति में कोई सुधार नहीं है। इस बीच पहले से ही वायु प्रदूषण से ग्रस्त 18 शहरों के अलावा देश के 52 दूसरे शहरों की हवा बुरी तरह से बिगड़ गई जिसमें यूपी, बिहार, उड़ीसा, बंगाल के कई शहर शामिल हैं। साल दर साल वायु प्रदूषण से त्रस्त और ग्रस्त होने वाले नये शहरों में लगातार इजाफा होता जा रहा है, जबकि इसके मूल और बड़े कारक वही जाने पहचाने पुराने ही हैं। नये कारक, कारण बहुत कम ही जुड़ रहे हैं। वाहनों, कारखानों, पराली जलाने, ईंट भट्टे से निकली गैसें, धुआं, परिवहन प्रसूत या फिर भवन अवसंरचना से निकलने वाली धूल तथा दो चार दिन के लिए दीवाली के पटाखे।

कुछ क्षेत्र विशेष या शहर ऐसे भी है जहां इन धूल, धुएं गैसों का प्रकार परिमाण, स्त्रोत किंचित बदल जाता है पर ऐसा नहीं है कि हर साल दो चार प्रदूषणकारी तत्व या कारक इसमें और जुड़ रहे हों। हां, उन्हीं प्रदूषणकारी तत्वों की मात्रा और अनुपात हमारी हवा में बढ़ता जा रहा है इसका साफ मतलब यह है कि प्रदूषण के स्त्रोतों, कारकों, उनके आशंकित सक्रियता या प्रस्फोट के समय, परिमाण तथा हवा में उनके अनुपात को हम ठीक तरह से पहचान चुके हैं। पर उनको नियंत्रित नहीं करते, यदि स्त्रोतों पर पहले ही प्रभावी रोक लगा दें, उनके उचित विकल्प और पर्याप्त निराकरण की व्यवस्था करें तो बहुत संभव है कि प्रदूषण का स्तर उस स्तर तक काबू में आ जाए कि वह नागरिकों के जानमाल, सेहत के लिए अत्यंत घातक की श्रेणी में न आए। पर हम इस सालाना अल्पकालिक आपदा का महज तात्कालिक, अस्थाई इलाज ही ढूंढ़तें हैं, स्थाई अथवा टिकाऊ नहीं, जबकि अब इसी की आवश्यकता है। वायु प्रदूषण एक प्राकृतिक आपदा है। लेकिन यह न तो बिजली गिरने, भूकंप आने सरीखी आकस्मिक है, जिसके बारे में पूवार्नुमान न लगे और न ही बाढ़ सरीखी वेगवान जिसे रोकना कतिपय कठिन हो। प्रश्न यह है कि जब हमें पता है कि यह हर साल आने वाली आवर्ती आपदा है, तो फिर इसका मुकम्मल इलाज क्यों नहीं करते? जैसे प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ तथा सूखे का मौसम तय है, ठीक उसी तरह वायु प्रदूषण का समय भी। इसके वैज्ञानिक कारण और जलवायुवीय रहस्य का भी पता 70 साल पहले लगाया जा चुका है। फिर भी यह हर साल अपने पुराने रूप स्वरूप से अधिक व्यापक, घातक चेहरे के साथ सामने आता है। हम कुछ नए पुराने टोटके आजमाते है, शर्तिया फेल हो चुके कुछ विवादित तरीकों का इस्तेमाल करते हैं, कुदरत और भगवान से वर्षा, तेज हवा की गुहार लगाते हैं। मौसम बदलता है और अगले वायु प्रदूषण के दौर तक के लिए फिर सबकुछ भूल जाते है। सरकारी संस्थान इसके मैकेनिज्म या तौर तरीके को भलीभांति समझ चुके हैं। वायु प्रदूषण किस क्षेत्र, राज्य शहर में किस कारण से क्यों और किस हद तक बढ़ता है, इतने सालों में वे देख और आंक चुके हैं। इनके विविध तथा पर्याप्त आंकड़े भी उनके पास हैं। इसे यूं भी कह सकते हैं कि मौसम विभाग के पास इनके तमाम कारकों, कारणों को विश्लेषित कर खतरे के प्रति पहले से आगह करने की सलाहियत है।

## वायु प्रदूषण

पूवार्नुमान पश्चात किस स्थान या क्षेत्र विशेष के लिए कौन से ठोस, टिकाऊ और स्थाई कदम उठाए जा सकते हैं, जिससे सालभर वायु प्रदूषण न्यूनतम रहे और विशेष कालखंड में यह सामान्य से ऊपर या खतरनाक के स्तर तक न पहुंचे, यह तय करना तब मुश्किल नहीं। मगर यह अबूझ है कि इस दिशा में किसी स्थायी समाधान तक न पहुंचने के पीछे क्या कारण हैं?

वायु प्रदूषण की चुनौतियों के दीर्घकालिक और स्थायी समाधान हेतु इसके विभिन्न उपायों को संयोजित करने वाली एक समेकित बहुआयामी रणनीति आवश्यक है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 2018 में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु समयबद्ध रणनीति के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को अखिल भारतीय स्तर पर लागू किया। सभी के लिए स्वच्छ हवा को एक आंदोलन बनाया। केंद्र सरकार ने पांच साल के लिए राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन सम्बंधी जो लक्ष्य रखा था, वह भी पूरा हो गया। इस कार्यक्रम के तहत राज्य और शहर प्रशासन को स्थानीय स्तर पर वायु प्रदूषण से प्रभावी और कुशल तरीके से निपटने के लिए वैज्ञानिक व्यवहारिक रणनीति बनाने और उपाय करने में मदद करना के अलावा उन्हें इस क्षेत्र में तकनीकी और वैज्ञानिक सलाह भी दी गयी। लक्ष्य था कि 2024 तक वायु प्रदूषण के स्तर में 30 फीसदी की कमी लाने के साथ आगे के लक्ष्य के लिए रोडमैप तैयार करना। इसकी केंद्र स्तरीय संचालन समिति, निगरानी समिति और कार्यान्वयन समिति की कार्य प्रगति की समय समय पर सामूहिक समीक्षा की जाती रही है। कहना न होगा कि देश के शहरों की हवा साफ करने की यह सरकारी कवायाद कितनी सफल रही है, इस अभियान ने भविष्य में शहरों को वायु प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिए कैसा रोडमैप तैयार किया होगा। इसके दूरदर्शितापूर्ण ठोस प्रयासों को सरकारी दस्तावेजों में भले ही देखा जा सके लेकिन जमीन पर परिणाम हवा-हवाई ही रहे।

हालांकि कुछ काम हुए हैं जो दिखाये भी दे रहे हैं। इसमें बड़े शहरों में सार्वजनिक परिवहन में ई-बसों को शामिल कर ऐसा सुधार करना कि लोग इसे अपनाएं, सख्त उत्सर्जन मानकों को लागू करना, बिजली चालित वाहनों पर जोर, सीएनजी स्टेशनों, चार्जिंग प्वाएंट्स बढ़ाना, कारपूलिंग का कल्चर विकसित करना, जन-जागरूकता बढ़ाने जैसे काम सरकार कर तो रही है, लेकिन प्रयास लचर दिखते हैं। सरकारें परिवहन में अत्यंत विकसित और सुरक्षित ईंधन का इस्तेमाल तथा कैटालिस्ट कन्वर्टर्स, पार्टिकुलेट फिल्टर वाली न्यूनतम उत्सर्जन वाले उन्नत इंजन प्रौद्योगिकियों को अपनाने की ओर बढ़ती नहीं दिखती। जैव, हाइड्रोजन, रीन्यूबल ईंधन जैसे विकल्पों की ओर गति भी पर्याप्त तेज नहीं है। सौर ऊर्जा का अधिकतम प्रयोग हो या फिर स्वच्छ हवा एजेंडा 2030 को लागू करने के प्रावधानों पर अमल, सिग्नल फ्री सड़कें बनाना, अच्छे फुटपाथ और साइकिल लेन बनाकर साइकिलिंग और पैदल चलने को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना कहीं नहीं दिखता। इस सरकारी विफलता से जनता की निराशा का प्रमाण उसके द्वारा वायु प्रदूषण के वैयक्तिक समाधान स्वरूप बड़े शहरों में एयर प्योरीफायर की मांग बढ़ी है। वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या है और इसका कोई व्यक्तिगत समाधान नहीं हो सकता है। इसलिए सरकार और समाज को भी संकल्प के साथ आगे आकर शहरों की आबोहवा के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया



गीडा के 36वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महायोगी गुरु गोरख नाथ जी की पावन धरा गोरखपुर में 408 करोड़ की 114 परियोजनाओं का लोकार्पण, शिला-न्यास किया। सीएमयोगी.



मतलब निकल गया तो पहचानते नहीं, भाजपा के लिए अब गली गली ये गीत गाया जायेगा और उनके दस हजार का हिसाब मांगा जायेगा। देखते हैं भाजपाई कैसे बचते हैं। अखिलेश



रामराज्य का ध्वज कभी अयोध्या में फहराता था और संपूर्ण विश्व में अपने आलोक में सुख शांति प्रदान करता था। वो ध्वज आज फिर से शिखर पर विराजमान हुआ। केशवप्रसाद

# भोग प्रधान संस्कृति

### अंतर्दृष्टि

भोग प्रधान संस्कृति के जो दास बन चुके हैं और वासनाओं ने मनोमस्तिष्क पर कब्जा कर लिया है, उनका चरित्र और व्यक्तित्व इससे बहुत प्रभावित होता है। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्वप्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# एक कुत्तान्वेषी से मुलाकात

### व्यंग्यलोक

बड़े दिनों से मन कर रहा था कि आदमियों से अलग होकर कुछ दिन किसी अच्छे से कुत्ते के साथ जी लिया जाए। इसे ऑफ जस्ट फॉर चेंज ही समझिए। इसी चेंज के लिए कहां-कहां सस्ते और अच्छे और सस्ते कुत्ते के लिए नहीं भटका? जिसने भी जहां बताया कि उसकी कुतिया ने बच्चे जने हैं, वहां वहां नंगे पांव दौड़ पड़ा। पर वहां जाकर देखा तो कहीं वे मन को पंसद नहीं आए तो कहीं जेब को पसंद नहीं आए। तब पता चला कि आजकल आदमियों के बच्चों से महंगे कुत्तों के बच्चे हो चले हैं। तय मानिए, जो अच्छा होता है वह सस्ता नहीं होता, और जो सस्ता होता है वह अच्छा नहीं होता। गलती से कोई अच्छा सस्ते में दे रहा हो तो वह बात जुदा है। ऐसे में वह या तो देशी पर इम्पोर्टिड का ठप्पा लगाकर उल्लू बना रहा है या फिर नंबर दो का माल दे रहा है पर मैं इस समाज के उस वर्ग से संबंध रखता हूं जो हर समय सस्ते और अच्छे की ताक में रहता है। मेरे जैसा बंदा सस्ती और अच्छी सब्जी के चक्कर में दो किलोमीटर बाजार तक मजे से घूम लेता है भीड़ में धक्का मुक्की करता हुआ और बाद में सड़ा सब्जी को ही ताजा मान अच्छे रेट में उसे खरीद घर आता है। सच पूछो तो यहां वोट के सिवाय कुछ भी सस्ता और अच्छा नहीं।



राम विलास जॉगिड़

इसी सस्ते और अच्छे के पाटों में पिसते सस्ते और अच्छे कुत्ते की ताक में अमेजन, फ्लिपकार्ट से लेकर हर धोखाधड़ी वाली साइट पर बहुत विचरण किया, पर मुझे सस्ता और अच्छा कुत्ता कहीं नहीं मिला। अरे बाजार को यह क्या हो गया? कहीं भी सस्ता और अच्छा कुत्ता नहीं। शर्ट देखो तो बाय वन एंड गेट फ्री फाइव! पतलून देखो तो बाय वन एंड गेट टेन फ्री। वे कुत्ता मर्मज्ञ हैं। कुत्तों की नस्लों और उनके स्वभाव के बारे में उन्हें अजब का ज्ञान है। वे कुत्तों के सिवाय किसी और में कतई भी दिलचस्पी नहीं रखते। वे किसी भी ऑफिस के गेट पर खड़े हों वहां के कुत्तों के पैरों के निशान देखकर ही मजे से बता सकते हैं कि वहां किस किस किस्म के कुत्ते हैं। वे सड़क से गुजरते हुए सड़क में कुत्तों के पंजों को देखकर सौ प्रतिशत सही बता सकते हैं कि अभी अभी जो यहां से गुजरा है वह किस किस्म का कुत्ता था। मैंने आदमियों से तंग आकर उन्हें सस्ता और अच्छा कुत्ता खरीदने की अपनी इच्छा जताई तो उनकी मुझमें दिलचस्पी जगी। ह्यगुड! कुत्ते के साथ रहना चाहते हो? सही सोच रहे हो। बंधु! कुत्ते के साथ रहने में जो आनंद है, वह समझदार से समझदार आदमी के साथ रहने में भी नहीं।

# आयुर्वेद चिकित्सा के जरिए एड्स का इलाज



विश्व एड्स दिवस

पंकज श्रीवास्तव

संपूर्ण विश्व में आयुर्वेद सदियों से ना केवल प्रत्येक मानव के सद्भाव एवं सहयोग का पक्षधर रहा है बल्कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की विशेष परिकल्पना के रूप मे भी यह मानव के हित में कार्यरत रही है। जब कभी भी मानव जीवन को रोग रूपी समस्या का सामना करना पड़ा तब तब आयुर्वेद चिकित्सकों ने अपनी सीमा से परे जाकर मानव स्वास्थ्य की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व निछावर कर दिया है। सदियों से ऐसा होता आया है। दशकों पूर्व ऐसी ही एक विकराल समस्या महामारी के रूप में सामने आ चुकी है। जिसको हम एड्स / एच आई वी के नाम से जानते हैं।

एड्स अपने आप में स्वयं ही रोगों का समूह है। इसका पूरा नाम एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम है। जो कि एच आई वी विषाणु से पैदा होता है। यह बीमारी आज के आधुनिक आपाधापी भरे जीवन में किसी न किसी रूप में समाज को अपनी जकड़ में रखने के लिए अपना विकराल रूप दिखा रहा है। वैज्ञानिक रूप से यह केवल एक रोग नहीं है, बल्कि यह एक रोगों का समूह माना गया है। वास्तविकता तो यह है कि इस एक रोग से ग्रस्त होने पर ही मनुष्य को किसी भी अति साधारण रोग से ही मृत्यु के द्वार पर पहुंचना सुनिश्चित हो जाता है। अर्थात यह रोग अत्यंत ही घातक सिद्ध होता है।

**एड्स रोग में आयुर्वेद की उपयोगिता**

आयुर्वेद में बरसों पुरानी संहिताओं में अलग-अलग प्रकार से ना केवल इस रोग का हेतु निदान व चिकित्सा बताई गई है वरन इस रोग की भयावहता पर संपूर्ण नियंत्रण रखने में सक्षम होने का विशेष लक्षण सिर्फ आयुर्वेद में ही बताया गया है। आयुर्वेद के अनुसार मानव शरीर में एक विशेष जीवनीय शक्ति होती है जिसे हम ओज के नाम से जानते हैं। यह ओज पर और अपर ओज के रूप में दो प्रकार से होता है। यह पर ओज शरीर में 8 बिंदु होता है तथा अपर ओज आधी अंजुली होता है। जब शरीर में विरुद्ध आहार विहार का समावेश होता है तो इस ओज का क्षय हो जाता है। तब इसे हम ओजोक्षय कहते हैं और यह ओजोक्षय ही एड्स के नाम से जाना जाता है। यदि कोई आयुर्वेद चिकित्सक एड्स रोगी की चिकित्सा ओजोक्षय रोगी की चिकित्सा के अनुरूप करता है। तो निश्चित रूप से इस रोग से रोगी को मुक्त कर सकता है।

**एड्स के बारे में भ्रांतियां:** एड्स के फैलाव के कारण -

1- एचआईवी ग्रस्त व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाना।

2- एचआईवी ग्रस्त व्यक्ति के द्वारा प्रयोग की गई नीडिल सीरींज अथवा गोदने की सुई का प्रयोग करना।

3- एचआईवी एड्स ग्रस्त व्यक्ति के संक्रमित खून को स्वस्थ व्यक्ति के शरीर मे चढ़ाना।

4- एचआईवी ग्रस्त गर्भवती महिला से जन्म के समय उसके शिशु को एचआईवी का विषाणु स्थानांतरित हो सकता है।

**एड्स किस प्रकार नहीं फैलता**

1- एचआईवी संक्रमित होने पर उन रोगियों के साथ उठने, बैठने, खेलने, संपर्क में आने पर, हाथ मिलाने पर, शौचालय का प्रयोग करने पर, साथ खाना खाने पर, साथ पानी पीने पर एचआईवी एड्स नहीं फैल सकता।

2 - एचआईवी एड्स व्यक्ति के कपड़े, बर्तन व फोन के इस्तेमाल से भी यह रोग नही फैलता।

3- एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के थूक से, लार से, पसीने और आंसुओं से, एचआईवी एड्स ग्रस्त व्यक्ति को काटे हुए मच्छर, कीड़े आदि द्वारा स्वस्थ व्यक्ति को काटने पर एचआईवी एड्स नहीं फैल सकता।

4- हल्का व मृदु ओष्ठ चुंबन, गाल पर चुंबन, आलिंगन से, साथ लेटने एवं हाथ मिलाने से एड्स नहीं फैलता। एचआईवी को लेकर सबसे बड़ी भ्रांति- यदि किसी व्यक्ति के शरीर में एचआईवी वायरस है तो यह आवश्यक नहीं कि उसको एड्स रोग हो। यदि ऐसा व्यक्ति अपने खानपान यानि आयुर्वेद आहार-विहार औषधि का पालन करता है तो वह भी सामान्य व्यक्ति के जैसा जीवन यापन कर सकता है। आज के वातावरण में हमें एचआईवी ग्रस्त मरीजों के साथ किसी भी प्रकार से भेदभाव नहीं करना चाहिए क्योंकि भेदभाव करने से न केवल उनके मन में इस रोग से लड़ने के लिए आत्म बल की कमी होगी बल्कि उनका आत्मविश्वास भी डगमगा जाएगा।

## आप की बात

### दुनिया में बढ़ता तनाव

नाटो का लगातार हो रहा है विस्तार एक और शीतयुद्ध का खतरा पैदा कर रहा है। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला इसलिए किया था ताकि यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनने से रोका जा सके। रूस का तर्क था कि अगर यूक्रेन नाटो का सदस्य बनता है, तो नाटो रूस की सीमा तक पहुंच जायेगा और यह रूस की सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा है। जिस नाटो को रूस की सीमा से दूर रखने के लिए पुतिन ने यूक्रेन पर हमला किया। एक प्रगति शील देश को तबाह कर दिया। लाखों लोगों की जान ले ली। बड़ी संख्या में पलायन हुआ। मानवता को गहरा जख्म दिया। युद्ध से दुनिया भर की अर्थव्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई। उस काम को फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन ने चुटकियों में कर दिया। रूस की आये दिन परमाणु धमकियों और बात-बात पर दूसरे देशों पर हमला करने की पुतिन की फितरत को नेस्तनाबूत करने के लिए फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन ने नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाइजेशन अर्थात नाटो का सदस्य बनने का फैसला किया और एक साल के अंदर नाटो के सभी 30 सदस्य देशों ने आपसी संवाद के जरिए मतभेदों को हल कर फिनलैंड को नाटो में शामिल कर लिया। अब बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में नाटो मुख्यालय पर 31 सदस्य देशों का झंडा फहरा रहा है और इसमें सबसे नया अर्थात 31वां सदस्य देश है फिनलैंड। फिनलैंड की करीब डेढ़ हजार किमी सीमा रूस से लगती है और इस तरह नाटो रूस की सीमा तक पहुंच गया है। अब अगर नाटो देश चाहें तो रूस के एकदम बॉर्डर पर अपने अत्याधुनिक तोप, आर्टिलरी, मिसाइल डिफेंस से लेकर न्यूक्लीयर स्ट्राइकर तक तैनात कर सकते हैं। कुल मिलाकर नाटो को रूस की सीमा तक आने से रोकने के लिए पुतिन यूक्रेन से लड़ते रहे और नाटो पुतिन की धमकियों को नजरअंदाज कर रूस की सीमा तक पहुंच गया।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### संसाधनों का वितरण

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। इसमें हमे समावेशी नीति अपनाने की जरूरत है ताकि प्रगति के लाभों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके।

**मधुकर वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## एसआईआर फॉर्म भरवाने में बीएलओ का किया सहयोग

**अयोध्या।** एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया इस समय बहुत जोरों पर है लेकिन वहीं पर समय कम होने का और बीएलओ को प्रशिक्षण ना देकर मैदान में उतारने के बाद आपा धापी मची है इसी क्रम में सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपने-अपने बीएलए बीएलओ के सहयोग में उतारे हैं ताकि किसी का वोट छूटने न पाए और कटने ना पाए इसी क्रम में कांग्रेस सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा ने भी कौशल पुरी वार्ड ग्रामर एकेडमी स्कूल कौशलपुरी में बीएलओ के सहयोग करते हुए आज कई लोगों का एसआईआर फॉर्म भरवाया जिनको फॉर्म भरने में दिक्कतें आ रही थी इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग फार्म लेने और भरने पहुंचे थे जहां पर कांग्रेस सेवा दल के महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा ने बीएलओ और फॉर्म भरने आने वाले लोगों का पूरा सहयोग कर उनके फार्म को भरने में सहयोग किया क्योंकि बहुत से ऐसे लोग हैं जिनको फॉर्म भरने में कठिनाई हो रही है और उनको समझ में नहीं आ रहा है ऐसे में कांग्रेस के बसंत मिश्रा ने कौशलपुरी के ग्रामर एकेडमी स्कूल पहुंचकर सबका सहयोग किया।

# ग्रामीण क्षेत्र में तैयार हो रहा अत्याधुनिक बालिका विद्यालय



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण परिवेश की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठा रही है।इसी क्रम में हैरिंग्टनगंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पलिया लोहानी (पूरा पंडरी) में प्रस्तावित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। यह विद्यालय क्षेत्र की गरीब, वंचित और समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी बालिकाओं के लिए शिक्षा का नया द्वार खोलने जा रहा है।सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बनने वाले इस विद्यालय पर कुल 4.18 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग को सौंपी गई है।शुरूआतः 12 नवंबर 2024,लक्ष्य पूर्णताः 11 दिसंबर 2025 सबसे बड़ी बात यह है कि सिर्फ एक वर्ष में ही 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जो सरकार की तेज गति से विकास कार्य कराने की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है।नये केजीबीवी भवन में बेटियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है।एकेडमिक ब्लॉक में शामिल होंगी मुख्य सुविधाएंः विशाल पुस्तकालय सह गतिविधि कक्ष,अत्याधुनिक कम्प्यूटर लैब,विज्ञान लैब एवं प्रयोगात्मक सामग्री,व्यावसायिक प्रशिक्षण कक्ष,भोजन कक्ष एवं स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, आधुनिक शौचालय,पर्यावरण के अनुकूल खुले और सुरक्षित अध्ययन स्थल,छात्रावास भवन में सुरक्षित एवं स्वच्छ आवास व्यवस्था,बालिकाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समुचित सुविधाएं। इन सभी सुविधाओं का उद्देश्य ग्रामीण बालिकाओं को शहर जैसा बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराना है।

- पलिया लोहानी में 4.18 करोड़ से बन रहा केजीबीवी, 70 प्रतिशत निर्माण पूरा
- आधुनिक लैब, पुस्तकालय और छात्रावास से लैस होगा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
- 500 से अधिक बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षा देगा नया केजीबीवी

विद्यालय निर्माण के प्रति ग्रामीणों में काफी उत्साह है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेटियों को दूर के स्कूलों में भेजना पहले जोखिम भरा और कठिन था, लेकिन अब गांव में ही सुरक्षित आवासीय विद्यालय बन जाने से उनकी बेटियां आत्मनिर्भर बन सकेंगी और उच्च शिक्षा हासिल कर पाएंगी।यह नया केजीबीवी कक्षा 6 से 12 तक की 500 से अधिक बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करेगा। इससे न सिर्फ उनकी पढ़ाई सुगम होगी, बल्कि उनकी ऊर्जा, आत्मविश्वास और भविष्य को नई दिशा मिलेगी।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचन्द्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का तेजी से निर्माण एवं उन्नयन कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि योगी सरकार बेटियों की शिक्षा को केवल नारा भर नहीं मानती, बल्कि इसे जमीन पर उतारकर ग्रामीण बेटियों को मुख्यधारा से जोड़ रही है।

## समाजसेवा भारतीय संस्कृति की परंपराः गिरीशपति त्रिपाठी

**अयोध्या।** भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री ने सोहावल क्षेत्र स्थित अपने पैतृक आवास भैरव तिवारी का पुरवा, कोटहीदसरैया में जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमद् भागवत कथा पाठ के समापन के बाद हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी और भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय ह्यखुन्नूह्न शामिल हुए।ठंड को देखते हुए समाज के गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए।इस अवसर पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि समाजसेवा भारतीय संस्कृति की परंपरा है। धर्म, सेवा और सहयोग एक ही सूत्र में बंधे हैं।ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना सिर्फ सामाजिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि मानव धर्म है। सरकार गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और पार्टी कार्यकर्ता इसी भावना से समाज के बीच काम कर रहे हैं। वहीं कार्यक्रम के आयोजक सुनील तिवारी शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा केवल पूजा का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सेवा का संदेश देती है। उसी भाव से आज जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए हैं।

## एसपी के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जागरूकता निकाली गयी



**बहराइच।** निदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, उ.प्र., लखनऊ के निर्देशों के क्रम में यातायात माह-2025 के अन्तर्गत जनपद बहराइच में यातायात जागरूकता रैली निकालकर यातायात माह का समापन किया गया। यातायात कार्यालय परिसर से रैली को पुलिस अधीक्षक बहराइच महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।रैली पुलिस लाइन तिराहा से प्रारम्भ होकर अस्पताल चौराहा, छोटी बाजार, घंटाघर चौक, छावनी चौराहा, डिगिहा तिराहा होते हुए पुनः अस्पताल चौराहा के मार्ग से यातायात कार्यालय पर आकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से आमजनमानस को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा के प्रति सजगता तथा दुर्घटना-रहित यात्रा के उद्देश्य से जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा, सड़क संकेतों तथा जिम्मेदार ड्राइविंग की अपील की गयी।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राज सिंह यादव, क्षेत्राधिकारी नगर श्री नरायणदत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नानपारा श्री पहुप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात श्री रामप्रकाश सहित यातायात पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वाहनों की स्पीड जांची गयी



**बहराइच।** सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के दृष्टिगत यातायात पुलिस द्वारा की गयी प्रभावी कार्यवाही। शासन के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मृत्यु की संख्या में 50% की कमी लाए जाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस बहराइच द्वारा जनपद में लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक लखनऊ - बहराइच राजमार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान स्पीड राडार यंत्र द्वारा वाहनों की गति की जाँच की गई। निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाते पाए गए कुल 30 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गई तथा उन पर कुल ?60,000/- रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। यातायात पुलिस बहराइच आमजन से पुनः अपील भी की गयी कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा एवं यातायात नियमों का पालन करें, सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है तथा नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

## निमंत्रण खाने को लेकर मारपीट, तीन गिरफ्तार

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्ती चैरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत महोली में निमंत्रण नहीं खाने को लेकर उठे विवाद और मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्जकर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोप है कि बीते 25 नवंबर को ग्राम महोली निवासी वीरेंद्र सिंह के लड़के सूरज सिंह की तिलक थी। उसी दिन अश्वनी कुमार दूबे के घर के सामने रहने वाले ननकू राम यादव के यहां प्रीतभोज का भी कार्यक्रम था। दोनों परिवार के लोगों ने अश्वनी दूबे के परिवार को निमंत्रण दिया था। दूबे परिवार वीरेंद्र सिंह के यहां निमंत्रण खाने चला गया।इसके बाद भोजन करके रात लगभग 11 बजे दूबे परिवार जब अपने दरवाजे पर आया।उसी समय ननकू राम यादव, शिव प्रसाद यादव पुत्रगण आज्ञा राम व मुलायम यादव, नीलेश यादव, सुरेश यादव रमेश यादव पुत्रगण ननकू राम यादव यह कहते हुए कि दरवाजे के सामने निमंत्रण छोड़कर वीरेंद्र सिंह के यहां भोजन करने क्यों चले गए। ये कहते हुए एकराय होकर लाठी डंडे लोहे की राड व ईंट गुम्मे से ब्राह्मण परिवार पर प्राण घातक हमला कर दिया गया।

हमले में अनुराग दूबे पुत्र श्रीकांत दूबे, अश्वनी कुमार दूबे पुत्र प्रिय दत्त दूबे के सिर में गंभीर चोट आई। आरोपियों पर जानलेवा हमला करके मरणासन्न कर देने का आरोप भी लगाया गया था। घटना को लेकर ब्राह्मण परिवार आहत है। वहीं घायल अनुराग दुबे की हालत गंभीर है। जिनका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

पीड़ित अनूप कुमार का कहना है कि मारपीट में शामिल अन्य आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल नहीं भेज रही है। जिसके चलते आरोपी जानमाल की धमकी दे रहे। रौनाही थाना प्रभारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मारपीट में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# एएनएम व जीएनएम की छात्राओं ने मानव सेवा की ली शपथ




**अयोध्या।** शहर के नाका स्थित चिरंजीव नर्सिंग इंस्टीट्यूट में ए.एन.एम. व जी.एन.एम. की छात्राओं द्वारा फ्रेशर पार्टी एवं लैंप लाइटिंग ह्नशपथ ग्रहण समारोहह्न का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नानक सरन व सहायक प्रधानाचार्य सुंदर लाल रामा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बैठे दर्शकों ने खूब सराहा।इसी क्रम में ए.एन.एम. एवं जी.एन.एम. की नवीन छात्राओं द्वारा लैंप लाइटिंग व शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम भी किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा अपने कार्य के प्रति मानव सेवा का भाव रखने हेतु शपथ ली गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में नर्सिंग छात्राओं से कहा कि आपने

- चिरंजीव नर्सिंग इंस्टीट्यूट में फ्रेशर पार्टी व लैंप लाइटिंग शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

अम्बेडकरनगर डॉ सुधीश, चिरंजीव नर्सिंग इंस्टिट्यूट के चेयरमैन डॉ. उमेश चैधरी एवं निदेशिका डॉ. जयन्ती चैधरी द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ नानक सरन का स्वागत नर्सिंग इंस्टिट्यूट के चेयरमैन डॉ. उमेश चैधरी के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया, इस अवसर पर नर्सिंग की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें वहां शिक्षा का जो क्षेत्र चुना है वह शिक्षा की सभी विधाओं से ऊपर है क्योंकि इसमें मानव सेवा शामिल है। प्रशासनिक, सिविल, इंजीनियरिंग सेवा व सरकारी कर्मचारी तो हर व्यक्ति बनना चाहता है, मानव सेवा में वही लोग आते हैं जो जीवन में कुछ अलग हटकर करना चाहते हैं, क्योंकि मानव सेवा ईश्वर की सेवा से भी कठिन है। कार्यक्रम के अंत में इंस्टिट्यूट की निदेशिका डॉ. जयन्ती चैधरी ने अपने सम्बोधन में सभी नर्सिंग की नवीन छात्राओं का स्वागत किया एवं उन्हें पूरी श्रद्धा, समर्पण एवं गरिमामयी तरीके से नर्सिंग क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण यात्रा को पूर्ण करने हेतु शुभकामनाये दी। इसी क्रम में नर्सिंग इंस्टिट्यूट के चेयरमैन ने अपने संबोधन में नवीन छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे डॉ ए. कुमार, डॉ. विक्रांत यादव ने अपने उदबोधन में कहा कि नर सेवा नारायण सेवा से भी बड़ी है कार्यक्रम का समापन हमेशा की तरह राष्ट्रगान कर किया गया। इस दौरान डॉ. अविनाश साहू, चिरंजीव नर्सिंग इंस्टिट्यूट के प्रशासनिक अधिकारी रविमणि चैधरी प्रबन्धक श्री के.पी. मिश्र, प्रधानाचार्य विशाल अलवर्ट, उप-प्रधानाचाया रिंकीशुक्ला, रोहित, दीप सिखा, विजेंद्र प्रताप, अनुराधा, सुचिता, शिवम, सुषमा अंकिता, प्रीति, प्रियम्वदा आदि उपस्थित रहे।

## छात्रा ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत में एक 17 वर्षीय छात्रा ने शनिवार रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कक्षा 11 की छात्रा थी। घटना के समय छात्रा की मां घर पर अकेली थीं, जबकि परिवार के अन्य सदस्य एक निमंत्रण में गए हुए थे। परिजनों को घटना की जानकारी होने पर उन्होंने कुमारगंज पुलिस को सूचित किया। परिवार के सदस्य छात्रा को आनन-फानन में स्थानीय सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्यवाही शुरू की। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। हालांकि, परिवार के सदस्यों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, सुसाइड नोट में छात्रा ने पढ़ाई जारी न रखने की इच्छा व्यक्त की थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे।

# टीईटीअनिवार्यता पर पुनर्विचार की मांग,महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



**बहराइच।** रुपईडीहा बहराइच राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बहराइच जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को बहराइच मा.सांसद बहराइच डा. आनन्द कुमार गोंड को सम्बोधित ज्ञापन कार्यालय प्रभारी बैजनाथ रस्तोगी को 1 सितंबर 2025 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए सेवारत शिक्षकों को टेट अनिवार्यता पर विधायी हस्तक्षेप एवं आवश्यक संशोधन किए जाने हेतु दिया गया। दूरभाष पर जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र से वार्ता के क्रम में मा.सांसद डा आनन्द कुमार गोंड ने कहा कि, उपरोक्त प्रकरण को यशस्वी प्रधानमंत्री,केंद्रीय शिक्षा मंत्री व केंद्रीय कैबिनेट के समक्ष रखकर देश के सभी शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्त रखने हेतु पूरा प्रयास किया जाएगा।जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने बताया है कि, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील संख्या 1385 / 2025 में निर्णय देते हुए कहा 1-8 तक कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए नियुक्त वर्ष चाहे जो भी हो टेट अहर्ता अनिवार्य कर दिया गया है,शिक्षकों की जब नियुक्ति हुई थी तो उस समय की सभी अर्हता पूरी करते थे। कई वर्षों बाद आए टेट की अहर्ता को पूर्ववर्ती रूप से लागू किया जाना उचित नहीं है, भविष्यलक्षी रूप से लागू होना चाहिए।इस निर्णय से प्रदेश सहित देश के लाखों शिक्षकों की सेवा,सुरक्षा, आजीविका और पदोन्नति पर गंभीर संकट उत्पन्न कर रहा है।प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी, विनोद कुमार त्रिपाठी, शिव शंकर पाठक, धनंजय कुमार पांडेय, रूपाली शरण श्रीवास्तव, प्रतिमा पांडेय, अमिताभ श्रीवास्तव, मिथिलेश मिश्र, मनोज गुप्ता, संजीव कुमार मिश्र, सौरभ मिश्र, अमित तिवारी, रवि प्रकाश शर्मा, हिमांशु शुक्ला,शेखर पवार, राजकुमार सिंह आदि उपस्थिति रहे।

# कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**अयोध्या।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), उत्तर प्रदेश तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस राज्यस्तरीय प्रशिक्षण में अयोध्या जनपद से 10 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह प्रशिक्षण 5 दिवस ऑफलाइन,फिर 7 हफ्तों तक ऑनलाइन तत्पश्चात 2 दिनों के फॉलो अप तक चला। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को आधुनिक डिजिटल तकनीकों, कंप्यूटर संचालन, ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म, डेटा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और एआई आधारित शैक्षिक उपकरणों की गहन समझ प्रदान करना तथा जूनियर कक्षाओं के विज्ञान विषय के नवीन पाठ्यक्रम में जोड़े गए कंप्यूटर आधारित विषयों जैसे एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल,पायथन,स्क्रैच आदि के शिक्षण की कठिनाइयों को सुगम बनाना था। आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा संचालित कार्यशालाओं में प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल सेशन, तकनीकी डिमॉन्स्ट्रेशन और इंटरैक्टिव चचाओं के माध्यम से नवीनतम आईसीटी कौशलों से प्रशिक्षित किया गया। एससीईआरटी ने इस पहल को शिक्षकों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अयोध्या के प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण की उच्च गुणवत्ता, तकनीकी वातावरण और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के लिए एससीईआरटी तथा आईआईटी कानपुर के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस संयुक्त पहल से प्रदेश में डिजिटल शिक्षण को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## पत्रकार के ऊपर लोहे की रॉड व लाठी डंडों से जानलेवा हमला-केस दर्ज, जांच शुरू



**अयोध्या।** शनिवार की देर शाम स्थानीय दैनिक अखबार में कार्यरत पत्रकार राम मूर्ति यादव पर हुए जानलेवा हमले के मामले में केस दर्ज किया गया है। उनके भाई बृजेश कुमार यादव की तहरीर में 8 से 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाया गया है जिसमें भारतीय न्याय संहिता 191 (2) 191 (3) और 191 (1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में शनिवार की देर शाम कार्यालय से निकलते वक्त कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पत्रकार राम मूर्ति के ऊपर लोहे की रॉड व लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था। कार्यालय में कार्यरत अन्य लोगों द्वारा उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद रात में जिला अस्पताल में सपा नेताओं व उनके शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय, राघवेन्द्र प्रताप सिंह अनूप सहित अन्य सपा नेता जिला चिकित्सालय पहुंच कर उनका हालचाल लिया। यह दुसाहसिक घटना शहर की कानून व्यवस्था पर एक प्रश्न चिन्ह है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडे ने बताया कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं जल्द ही हमलावरों की गिरफ्तारी होगी।

## इस्माइल नगर सिंहोरा की बीएलओ को अधिकारयों ने किया सम्मानित



**सोहावल-अयोध्या।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत दोस्तपुर रग्घू के बूथ संख्या 70 इस्माइल नगर सिंहोरा की बीएलओ सरिता तिवारी को अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के चलते एडीएम प्रशासन अनुरुद्ध कुमार सिंह व एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी ने उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से सम्मानित बीएलओ ने खुशी का इजहार किया। इस दौरान बीएलओ सरिता तिवारी ने बताया कि उनको बीते 4 नवंबर को एसआईआर की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।उन्हें इस्माइल नगर सिंहोरा के बूथ संख्या 70 के सभी 559 लोगों का एसएआर फार्म भरवाकर जमा करना था। सरिता देवी ने बताया कि उन्होंने समय सीमा के अंदर अपना कार्य पूरा किया। एसआईआर फार्म भरवाने के साथ आन लाइन अपडेट करवाकर अपनी जिम्मेदारी का पूरा निर्वाहन अंदर कर दिया। सरिता तिवारी ने बताया कि वह दिन में फार्म भरवाती थीं।रात में साइड चलने के बाद फार्म अपडेट करती थी। एस डी एम सोहावल सुश्री सविता देवी ने बताया कि तहसील क्षेत्र में 410 बीएलओ कार्यरत है। जिन्हें एसआईआर फार्म भरवाकर आन लाइन अपडेट करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें सबसे पहले बीएलओ सरिता तिवारी ने अपना कार्य पूरा कर लिया है।जिसके चलते वह सम्मानित की गई हैं।

# सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई डैशबोर्ड व आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा बैठक



**बहराइच।** शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए रैंक में सुधार लाये ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न होने पाये। सीडीओ ने कहा कि निचले स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारण की गुणवत्ता में उदासीनता व लापरवाही बरते जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाय।

सीडीओ श्री चन्द्र ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी माह के अन्त तक सीएम डैशबोर्ड का अवलोकन करते हुए विभाग से सम्बन्धित रैंक में अपेक्षित सुधार लायें ताकि जिले की ओवर आल रैंकिग और बेहतर हो सके। इसी प्रकार आईजीआरएस से सम्बन्धित सन्दर्भों का भी गुणवत्तापरक निस्तारण कराएं ताकि असंतुष्ट निस्तारण की स्थिति में सुधार आ सके। सीडीओ ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि सन्दर्भ प्राप्त होते ही सम्बन्धित फरियादी से वार्ता भी कर लें ताकि वह भी कार्यवाही से संतुष्ट हो जाय। ग्रेडिंग की समीक्षा के दौरान सीडीओ द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन विभागों की श्रेणी ह्यएह्न है, ऐसे विभाग ह्यएह्न प्लस श्रेणी में आने का प्रयास करें और ह्यएह्न प्लस वाले यथास्थिति को बनाये रखें।

सीडीओ ने निर्देश दिया कि आवास की स्थिति, भवन निर्माण की प्रगति, दिव्यांग पेशन छात्रवृत्ति, आधार सीडिंग प्रकिया पीएम पोषण निधि, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि 30 दिवस के अन्दर 536 आवेदन के फलस्वरूप प्रगति में सुधार लाया जाय। जबकि जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा द्वारा सीडीओ को अवगत कराया कि कन्या सुमंगला योजना अन्तर्गत 1297 आवेदन लम्बित है जिसका शीघ्र निस्तारण कराया जायेगा। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी दशा में आईजीआरएस संदर्भों का निस्तारण 70 प्रतिशत से कम संतुष्टि नहीं होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि 70 प्रतिशत से कम संतुष्टि वाले विभाग विशेष प्रयास कर सुधार लायें।

इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, डीआईओएस सर्वदानन्द, बीएसए आशीष कुमार सिंह, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## बिजली उपभोक्ताओं के लिए लागू हुई बिल राहत योजना



**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ द्वारा 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक एलएमवी-1 (घरेलू) अधिकतम 02 किलोवाट भार तक तथा एलएमवी-2 (वाणिज्यिक) 01 किलोवाट भार के नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिलों में तथा विद्युत चोरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतु ह्यह्यबिजली बिल राहत योजना 2025-26ह्नह्न लागू की जा रही है। पात्र उपभोक्ताओं द्वारा इस योजना में पंजीकरण कराने हेतु तीन चरण निर्धारित किये गये हैं। प्रथम चरण में 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025, द्वितीय चरण में 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 व तृतीय चरण में 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक पंजीकरण कराया जा सकता है।

डीएम द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विभिन्न माध्यमों से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय। ग्रामीण अंचलों के विद्युत उपभोक्ताओं लिए गांव-गांव में मुनादी करायी जाय जिससे अधिक से अधिक संख्या में उपभोक्ताओं को इस योजना के सम्बन्ध में जानकारी मिल सके ताकि वह बिजली बिल राहत योजना का अधिकाधिक लाभ उठा सके। विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि मा. जनप्रतिनिधियों तथा जिले के अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को भी योजना की जानकारी दी जाय।

वर्तमान ह्यबिजलीव्यवस्था की गयी है, जिसे नेवर पेड उपभोक्ताओं एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं से भुगतान प्राप्त करने पर दिया जायेगा। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि समस्त कलेक्शन एजेन्सीज यथा जनसेवा केन्द्र, विद्युत सखी, फिनटेक कम्पनियों के प्रतिनिधि एवं मीटर रीडर्स/कराया जाये साथ ही उन्हें नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं की सूची भी उपलब्ध करा दी जाये।

संक्षेप

## विधायक खेल स्पर्धा का हुआ समापन

सुल्तानपुर। युवा कल्याण व प्रादेशिक विकास दल की ओर से रविवार को आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत विधानसभा इसौली में विधायक खेल स्पर्धा का समापन हुआ। कुड़वार के बीपी इंटर कॉलेज मैदान में प्रतियोगिता के दूसरे दिन लंबी कूद सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में अभय सिंह प्रथम स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग में ध्रुव मिश्रा प्रथम व श्याम कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में गोला फेंक प्रतियोगिता में अनूप यादव पहला व चंद्रशेखर दूसरा स्थान मिला। जूनियर वर्ग बालिका में गोला फेंक प्रतियोगिता में अंशिका यादव प्रथम व विनीता यादव द्वितीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के समापन पर पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी आरबी पांडेय ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किया।

## फोन पर गाली-धमकी देने का आरोप

लंभुआ, सुल्तानपुर। राजकीय बीज भंडार पर बीज सप्लाई करने वाले एक कर्मी को फोन पर गाली और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित कर्मी ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बेलदाडी निवासी श्याम बहादुर राजकीय बीज भंडारों पर परिवहन के माध्यम से बीज की सप्लाई करते हैं। उनका आरोप है कि लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के धनुपुर निवासी सुभाष मिश्रा ने फोन पर जातिसूचक शब्दों की गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने फोन पर दी गई धमकी को रिकॉर्ड भी कर लिया है। पीड़ित श्याम बहादुर की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

## जूनियर शिक्षक संघ का धरना 9 से

रायबरेली। चयन वेतनमान और विद्यालयों में व्याप्त परिवर्तन लागत की कमी की समस्या को लेकर जूनियर शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को अवगत कराया है। अगर शिक्षकों का चयन वेतनमान और एमडीएम की परिवर्तन लागत नहीं भेजी जाती है तो फिर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के बैनर तले जिले के सैकड़ों शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के सामने नौ दिसंबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए स्पेशल भर्ती हुए, गणित व विज्ञान के शिक्षक अपनी सेवा के दस वर्ष सितबंर महीने में ही पूरा कर चुके हैं।

## एसआईआर अभियान के तहत कैंप आयोजित

बछरावां, रायबरेली। बछरावां नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में आज अपरजिलाधिकारी गौतम सिंह के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के तहत कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बछरावां नगर पंचायत की बीएलओ प्रीति चैधरी, छाया वर्मा, धर्मावती, पवन शुक्ला सहित सभी 11 बीएलओ मौजूद रहकर नागरिकों के समस्याओं का निराकरण कराया व गणना प्रपत्र भराए व जमा कराए गए।

# सदर विधायक के प्रयासों से मिलीं 491.99 लाख की परियोजनाएं



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह की सक्रिय पहल और जनहित के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है कि रायबरेली नगर क्षेत्र के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक साथ कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दिखा दी है। कुल 491.99 लाख रुपये की स्वीकृत परियोजनाओं से शहर की जल निकासी, सड़कें, स्ट्रीट लाइट और कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार आने की उम्मीद है। साथ ही 1216.53 लाख रुपये के अतिरिक्त प्रस्ताव भी अंतिम स्वीकृति के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। स्वीकृत प्रमुख विकास कार्य में सीवरेज एवं जल निकासी योजना अनुमानित राशि ?225.91 लाख शहर के प्रमुख मोहल्लों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या अब जड़ से खत्म होगी। नई ड्रेनेज लाइनें और नालों का पुनर्निर्माण किया जाएगा, जिससे मानसून के दौरान होने वाली परेशानी से हजारों परिवारों को स्थायी निजात मिलेगी।

पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत 10 कार्य योजना में राशिरू ?200.00 लाख जर्जर सड़कों का सीमेंट कंक्रीट रोड में पुनर्निर्माण और स्ट्रीट लाइटों की नई व्यवस्था प्रमुख है। रात में सुरक्षित आवागमन के साथ-साथ शहर का सौंदर्य भी निखरेगा। वहीं पी डब्ल्यू डी राज्य सड़क निधि योजना में राशि रु.166.08 लाख से डीह-परसदेपुर मार्ग से जैतपुर को जोड़ने वाली सड़क का पुनरोद्धार होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों का शहर से सीधा संपर्क मजबूत होगा और स्थानीय व्यापार-परिवहन को नई गति मिलेगी। वहीं शीघ्र स्वीकृति के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं में डूडा विभाग राशि रु.751.53 लाख शहर के 42 मार्गों का निर्माण एवं चौड़ीकरण प्रस्तावित हैं जिससे लगभग सभी वार्डों तक पक्की सड़कें पहुँच जाएंगी। यह अब तक का सबसे बड़ा एकल प्रस्ताव है। त्वरित आर्थिक विकास योजना राशि रु. 465.00लाख 5 महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण प्रस्तावित, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को सीधे लाभ पहुँचाएगा। अदिति सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि परियोजनाओं की स्वीकृति मिलने पर सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि हमारी प्राथमिकता हमेशा जनता की मूलभूत सुविधाएँ और शहर का संतुलित विकास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मिली स्वीकृतियाँ इस दिशा में एक बड़ा कदम हैं। सड़क, सीवरेज, जल निकासी और प्रकाश व्यवस्था में आने वाला सुधार आम नागरिक की जिंदगी को आसान बनाएगा। मैं सभी संबंधित विभागों को निर्देश दे चुकी हूँ कि निविदाएँ शीघ्र जारी हों और कार्यों का निष्पादन उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से हो। उन्होंने कहा, रायबरेली के हर वार्ड को उसका हक का विकास मिलेगा। आने वाले दिनों में विकास की गति और तेज होगी।

# दुर्घटना मुक्त जिला बनाने में हर नागरिक को देना होगा सहयोग

रायबरेली। रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को पूरे नवंबर माह में चले यातायात माह का पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने विधिवत समापन किया। समारोह में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों, अधिकारियों एवं विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं देश की सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी हैं और इनमें 90 प्रतिशत से अधिक दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण होती हैं। उन्होंने आमजन से कड़ी अपील की कि मोटरसाइकिल चलाते समय हमेशा हेलमेट और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल, गलत दिशा में वाहन चलाना, स्टंटबाजी, प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर जैसी जानलेवा आदतों से बचने की सलाह दी। साथ ही चैराहों पर बायें-दायें देखकर ही आगे बढ़ने और हमेशा अपनी लेन में रहकर वाहन चलाने पर जोर दिया। एसपी ने सभी उपस्थित लोगों से संकल्प दिलाया कि आने वाले वर्षों में यातायात नियमों का पूर्ण पालन करते हुए रायबरेली को सड़क दुर्घटना मुक्त जिला बनाने में हर नागरिक अपना पूर्ण सहयोग देगा।

### 13 हजार से अधिक बिना हेलमेट वालों के कटे चालान

रायबरेली। यातायात माह के दौरान रायबरेली पुलिस ने नियम उल्लंघन करने वालों पर कड़ा प्रहार किया। पूरे माह में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर के 13,140 चालान, सीट बेल्ट न लगाने पर के 695 चालान, दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राइडिंग के 1,426 चालान, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर के 1,232 चालान, बिना बीमा के वाहन चलाने पर के 247 चालान, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 722 चालान, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल प्रयोग के 57 चालान, काली फिल्म लगाने पर के 70 चालान, अनधिकृत हूटर/प्रेशर हॉर्न के 17 चालान, गलत दिशा (रॉंग साइड) में वाहन चलाने पर के 452 चालान, फैंसी/गलत नंबर प्लेट के 1,255 चालान, जाति-सूचक शब्द वाली नंबर प्लेट के 15 चालान समेत लाखों रुपये का जुमार्ना वसूला गया और आमजन में यातायात नियमों के प्रति गंभीरता का संदेश गया।

# एसआईआर प्रभारी लीलावती कुशवाहा ने समय सीमा बढ़ाने की उठयी मांग




अमेठी। जिले के गौरीगंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में आज अमेठी की जिला एसआईआर प्रभारी, पूर्व एमएलसी एवं पूर्व मंत्री लीलावती कुशवाहा ने विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ्र) को लेकर अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कुशवाहा ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा रक्फ्रफॉर्म भरवाने के लिए दिया गया समय बेहद कम है, जिसके चलते अब तक लगभग 40 प्रतिशत फॉर्म न तो बांटे जा सके हैं और न ही भर पाए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस समय लोग धान की कटाई-बुआई, शादी-विवाह और अन्य जरूरी कार्यों में व्यस्त हैं, जिससे बूथ स्तर पर रक्फ्रप्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय सीमा नहीं बढ़ाई गई तो करीब 40 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। एसआईआर भारी कुशवाहा ने चुनाव आयोग से कम से कम छह महीने का अतिरिक्त समय देने की मांग की, ताकि हर पात्र मतदाता का नाम सही ढंग से मतदाता सूची में दर्ज किया जा सके। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि समय सीमा बेहद कम होने की वजह से बीएलओ और कार्यकताओं पर अनावश्यक दबाव बढ़ा है। उन्होंने कहा—एसआईआर प्रक्रिया जनता के अधिकारों से जुड़ा मामला है। इतने कम समय में हर गांव, हर घर तक पहुंचना संभव नहीं है। यदि समय नहीं बढ़ा तो हजारों पात्र मतदाताओं का नाम सूची से छूट सकता है। हम चुनाव आयोग से मांग करते हैं कि समय बढ़ाकर जनता को राहत दे। इस मौके पर जिला मंत्री अरशद अहमद, प्रवक्ता राजेश मिश्रा, अनीशुल रहमान, राजेंद्र चौधरी, राम सिंह यादव, सोनू अंसारी, राम प्रसाद यादव सहित सभी विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक प्रभारी और ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे। उक्त जानकारी राजेश मिश्र प्रवक्ता समाजवादी पार्टी ने दी।

# बीस से कम कर्मचारी होने पर श्रम विभाग का नहीं लेना होगा लाइसेंस

लालगंज, रायबरेली। लालगंज नगर के चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल आजाद नगर में पहुंचें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल का स्वागत लालगंज व्यापार मंडल के संरक्षक दीप प्रकाश शुक्ला ने अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया।

कंछल ने कहा कि प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया के 20 से कम कर्मचारी एक दुकान पर उसको श्रम विभाग का लाइसेंस नहीं लेना होगा। 20 से ऊपर जिस दुकान में कर्मचारी होंगे उसको श्रम विभाग का पंजीकरण कराना होगा और 20 नवंबर 2025 को प्रदेश सरकार ने सुगमय व्यापार प्रावधान संशोधन अध्यादेश की अधिसूचना जारी कर दी है जिसके अंतर्गत कानून तोड़ने पर व्यापारियों को जेल भेजने के बजाय जुमार्ना लगाया जाएगा। तमाम कानून में प्रावधान लगातार सरकार से मिलकर कराई जा रहे हैं जिससे व्यापारियों को व्यापार में काफी सुगमता होगी बैठक में नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था बहुत खराब है जिसको लेकर जल्द स्वास्थ्य मंत्री से मिलने की बात कही जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जी ने आस्वस्त करते हुए कभी भी आने की बात कही नए कानून आने से व्यापारियों को खुशी जाहिर की पदाधिकारियो ने संकल्प लिया कि डोर टू डोर व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में जाकर इस कानून की जानकारी व्यापारियों को देंगे। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ व्यापारी नेता अनिल गुप्ता जिला अध्यक्ष रोहित सोनी प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय बाजपेई जिला महामंत्री अप्पू शर्मा हरिशंकर श्रीवास्तव नगर युवा अध्यक्ष प्रतीक शर्मा नगर युवा महामंत्री रौनक भदौरिया नगर मंत्री नीरज गुप्ता नगर संगठन मंत्री राहुल खन्ना नगर युवा उपाध्यक्ष पुष्कर गुप्ता व्यापारी नेता सानू बाजपेई नगर युवा उपाध्यक्ष रिंकू शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे

# अमावां ब्लॉक प्रमुख ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं



जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र के लालूपुर चैहान स्थित आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में अमावां ब्लॉक प्रमुख वैशाली सिंह ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए तत्परता दिखाई। ब्लॉक प्रमुख ने जनता की अपेक्षाओं और विश्वास को सर्वोपरि मानते हुए प्रत्येक समस्या के त्वरित और प्रभावी समाधान की बात कही।

जनता दर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं समक्ष रखीं, जिनमें सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। वैशाली सिंह ने प्रत्येक व्यक्ति की बात को धैर्यपूर्वक सुना और उनकी शिकायतों को दर्ज करते हुए अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने कहा, जनता का विश्वास और उनकी समस्याओं का समाधान मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास है कि हर नागरिक को उसका हक मिले और क्षेत्र का विकास निर्बाध गति से हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए और इसकी प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। अमावा विकास क्षेत्र से

जनता दर्शन में आए लोगों ने इस पहल की सराहना की और उनके आत्मीय व्यवहार और त्वरित कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम ने न केवल जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद को मजबूत किया, बल्कि क्षेत्र में विकास और समस्याओं के समाधान के प्रति ब्लॉक प्रमुख की प्रतिबद्धता को भी दशार्या।यह जनता दर्शन कार्यक्रम रायबरेली के नागरिकों के लिए एक सशक्त मंच साबित हुआ, जहां उनकी समस्याओं को न केवल सुना गया, बल्कि उनके समाधान के लिए ठोस कदम भी उठाए गए।

# सीएम आरोग्य मेला के अधीक्षक ने किया निरीक्षण



गौरीगंज, अमेठी। जनपद में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जनपद के कुल 30 केन्द्रो पर आरोग्य मेले में कुल 2665 मरीजों का इलाज किया गया जिसमें 1005 पुरुष, 1195 महिला, 365 बच्चो का इलाज किया गया। वहीं 59 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जनपद मुख्यालय के पीएचसी जेठू मवई गौरीगंज में सीएचसी अधीक्षक डा. राजीव सौरभ व बीपीएम अनिल कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारी उपस्थित मिले वहीं डा पीताम्बर कनौजिया के द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा था। स्वास्थ्य मेले में टीकाकरण की सुविधा करायी जा रही थी। आरोग्य मेले में डा. कनौजिया द्वारा 49 मरीजों का इलाज किया जिसमें, 12 मरीजों का ब्लड टेस्ट किया गया। इस अखिलेश, सीमा, आशा, शालिनी, अजय कुमार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# रविवार को भी परिषदीय विद्यालयों में चलता रहा मतदाता पुनरीक्षण कार्य

तिलोई-अमेठी। वर्तमान समय में जिले भर में विधानसभा सभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचीयों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम तेजी के साथ चल रहा है। जिसके तहत रविवार को अवकाश का दिन होने के बावजूद भी विकास क्षेत्र के परिषदीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुले रहे। विद्यालयों में उपस्थित शिक्षकों द्वारा बीएलओ का सहयोग करते हुए गणना प्रपत्रों का संग्रह, डिजिटाईजेशन का कार्य एवं अन्य आवश्यक निर्वाचन संबंधित कार्य संपादित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के दिशा-निर्देश पर रविवार को पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पन्हौना, पूर्व माध्यमिक विद्यालय फूला, प्राथमिक विद्यालय जय लाल दुबे, कंपोजिट विद्यालय रामपुर टेड़ई आदि तमाम विद्यालयों में एसआईआर का कार्य युद्ध स्तर पर संपन्न होता रहा। खंड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय रतवलिया व कंपोजिट विद्यालय सिंहपुर सहित कई विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण कर एसआईआर कार्य में लगे संबंधित कर्मियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूरा करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व माङ्ग विद्यालय फूला के प्रभारी व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सिंहपुर के अध्यक्ष रविकांत श्रीवास्तव, सङ्गअङ्ग पुष्पेनद्र, कंपोजिट विद्यालय पन्हौना के प्रधानाध्यापक पवन कुमार, सङ्गअङ्ग भरत शरण, दीनानाथ, कंपोजिट विङ्ग रामपुर टेड़ई के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र नाथ पांडेय, ओंकार नाथ पांडेय, विकल्प श्रीवास्तव, प्राङ्ग विङ्ग जय लाल दुबे के प्रधानाध्यापक सिद्धार्थ द्विवेदी, आलोक शुक्ला तथा शिक्षामित्र संबंधित बीएलओ उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने बिटिया को गोल्ड मेडल हासिल करने पर किया सम्मानित



बछरावां, रायबरेली। बछरावां विकासखंड की सेंहगो ग्राम सभा की निवासिनी मधुलिका को बीते 17 नवंबर को बाबू बनारसी दास सभागार में बीजेएमसी में गोल्ड मेडल हासिल करने पर सूबे के मुखिया माननीय योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया था। पत्रकारिता के क्षेत्र में गोल्ड मेडल हासिल करने पर आज नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने मधुलिका पुत्री राजेश कुमार के आवास पर जाकर गणेश भगवान की प्रतिमा व बुके देकर सम्मानित किया व नगर पंचायत सभासद प्रतिनिधि आशीष कुमार उर्फ बाबी ने भी प्रतिमा देकर सम्मानित किया। वहीं इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रथम प्रत्याशी शिरीष कुमार ने भी राधा कृष्ण की प्रतिमा देखकर बालिका को सम्मानित किया। प्रतिवर्ष क्षेत्र की बालिकाएं शिक्षा की क्षेत्र में नित नए आयाम का सृजन कर रही है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने बालिका को अग्रिम उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी ज्ञापित की। ग्रामीण परिवेश की रहने वाली बालिका ने पत्रकारिता के क्षेत्र में गोल्ड मेडल हासिल कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है इनकी मां संतोष कुमारी ग्रहणी व पिता राजेश कुमार खेती का कार्य करते हैं। वर्तमान समय में मधुलिका अटल टीवी लखनऊ में एंकर व रिपोर्टर का कार्य संपादित कर रही है। इस मौके पर श्यामू चैधरी, हिमांशु वर्मा व अंकुर चैधरी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थिति में मिला दीपक का शव

जिला संवाददाता (vol)

महराजगंज, रायबरेली। चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे तालेवंत सिंह ज्योना गांव में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब 40 वर्षीय दीपक पुत्र राम केवल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं, जिसमें दाहिना पैर और दाहिना हाथ फैक्चर है, साथ ही सिर में भी चोट के निशान पाए गए हैं।

शव मिलने की सूचना पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार एवं चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने बारीकी से मुआयना किया। शव से लगभग छह मीटर की दूरी पर दो देशी शराब की शीशियां, दो गिलास और पानी के पाउच पड़े मिले, जो प्रथम दृष्टया मृतक के नशे की आदत की ओर इशारा करते हैं। सूत्रों के अनुसार, मृतक पर पांच मुकदमे दर्ज थे। वह शराब और गांजे का आदी था। पुलिस ने बताया कि लगभग 15 साल पहले उसकी शादी हुई थी, लेकिन शादी के एक महीने बाद ही उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद वह अक्सर घर से बाहर ही रहा करता था।

गांव के कुछ लोगों ने पुलिस को बताया कि मृतक दीपक रात में पास के गांव पूरे गुरुदत्त सिंह में राम देव पाल के यहां आई बारात में मौजूद था। बच्चों के अनुसार, दीपक शराब के नशे में डीजे के आगे लाठी लेकर हंगामा कर रहा था। यह जानकारी घटना की रात की गतिविधियों पर सवाल खड़े करती है।

थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मृतक के बड़े भाई संतोष ने थाने में जो तहरीर दी है, उसमें उन्होंने किसी अज्ञात गाड़ी की टक्कर से दीपक की मौत होने की बात कही है। संतोष ने यह भी बताया कि दीपक नशे का आदी था और अक्सर घर से बाहर ही रहता था। ?पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अवधी साहित्य संस्थान अमेठी को अंतर्राष्ट्रीय अवधी समारोह में मिली जिम्मेदारी



अमेठी। रविवार को अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से स्थानीय डाक बंगला अमेठी के सभागार में संगोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पूजा, अर्चना माल्यार्पण एवं जगदम्बा तिवारी 'मधुर' वाणी वंदना से हुआ।संगोष्ठी के प्रथम सत्र में अतिथियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान अमेठी डॉ अर्जुन पाण्डेय ने बताया कि 11 दिसम्बर 25 गुरुवार को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह लखनऊ कैसरबाग में उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से आयोजित अन्तरराष्ट्रीय अवधी समारोह में प्रख्यात अवधी साहित्यकारों का जमावड़ा होगा।इस अवधी समारोह में 'अवध अवधी -विविध संदर्भ 'ग्रंथ के विमोचन के साथ 'अवध, अवधी, अवधी संस्कृति की दशा एवं दिशा' विषय पर अवधी साहित्यकारों द्वारा विशद् परिचर्चा होगी।गर्व का विषय इस समारोह में अवधी विकास संस्थान लखनऊ सहित प्रदेश की विभिन्न संस्थाओं के साथ अवधी साहित्य संस्थान अमेठी को भी संयोजन की जिम्मेदारी दी गयी है।संस्थान के महासचिव रामेश्वर सिंह निरास ने कहा कि उतर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा आयोजित होने वाला यह अवधी समारोह निःसदेह अवध, अवधी तथा अवधी संस्कृति की दशा एवं दिशा को निर्धारित करेगा।संगोष्ठी की अध्यक्षता अवधी के वरिष्ठ साहित्यकार राम वंदन शुक्ल पथिक ने की।संगोष्ठी के दूसरे सत्र में राजेन्द्र शुक्ल अमरेश, अमर बहादुर सिंह अमर, सुधा अग्रहरि, रामेश्वर सिंह निरास, राम बदन शुक्ल पथिक आदि ने अपनी रसभरी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर संपादक संतोष श्रीवास्तव, रवि द्विवेदी, स्वामी नाथ पाल, विनोद कुमार, डॉ उदय राज, अनुभव मिश्र, मग्घे आदि उपस्थित रहे।संगोष्ठी का संचालन प्रख्यात साहित्यकार जगदम्बा तिवारी मधुर ने किया।

# आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र लोहिया को श्रद्धांजलि



सुल्तानपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रतिष्ठित व्यवसायी राजेंद्र लोहिया का निधन हो गया है। उनकी श्रद्धांजलि सभा संघ के विभाग कार्यालय पर आयोजित की गई, जहां संघ-विचार परिवार के वरिष्ठ कार्यकताओं ने उनके जीवन और कार्यों को याद किया। भोलानाथ अग्रवाल ने उन्हें एक समर्पित और निष्ठावान आदर्श स्वयंसेवक बताया। कृपाशंकर द्विवेदी ने उनके समर्पण की सराहना की और कहा कि वे संघ शाखा के नियमित सहभागी थे। श्रीनाथ भार्गव ने उन्हें मृदुभाषी, सरल, अनुशासित और उत्तम व्यवहार का धनी बताया, डॉ. हृदयराम यादव ने कहा कि उनका कार्य व्यवहार और जीवन सर्वसमाज के लिए अनुकरणीय है।

# विद्या भारती की योगासन प्रतियोगिता का समापन

● योग हमारे जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है




सुल्तानपुर। स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान कुंज, विवेकानन्द नगर में शनिवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 36वीं राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता का विधिवत समापन हुआ।

मुख्य अतिथि ने कहा कि, योग हमारे जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस अधिकारी पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण बृजेश मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में मां कामाख्या की धरा असम से लेकर आदि शंकराचार्य की पावन भूमि केरल के बच्चों ने भी स्थान प्राप्त किया। योग हमारे जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है जो हमारी शारीरिक और मानसिक समस्याओं का एकमात्र समाधान है। बाल वर्ग में दक्षिण मध्य क्षेत्र को प्रथम, दक्षिण को द्वितीय तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बाल वर्ग की पूर्व क्षेत्र की बहनें प्रथम पश्चिमी उप्र की द्वितीय तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र की बहनें तृतीय स्थान पर रहीं। किशोर वर्ग में मध्य क्षेत्र के भैया प्रथम, दक्षिण मध्य के द्वितीय तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के भैया को तृतीय स्थान पर संतोष करना पड़ा। किशोर वर्ग में ही बहनों की प्रतियोगिता में पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रथम, दक्षिण मध्य द्वितीय तो उत्तर क्षेत्र ने तृतीय स्थान पर कब्जा किया। तरुण वर्ग की प्रतियोगिता के पश्चिम उप्र के भैया प्रथम, मध्य क्षेत्र के द्वितीय तथा राजस्थान क्षेत्र के भैया तृतीय स्थान पर रहे। तरुण वर्ग में पश्चिम उप्र प्रथम, दक्षिण मध्य द्वितीय तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र की बहनें तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ. वी.के. झा ने आए हुए अतिथियों, विद्या भारती के अधिकारियों, आयोजकों, प्रतिभागियों और उनके संरक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।

संक्षेप

## बलवा करने वाले 8 आरोपित गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र अंतर्गत रिश्तेदारों द्वारा पता पूछने पर उनके साथ की गई मारपीट को लेकर बीतीशाम दो पक्ष आमने-सामने आ गए। जमकर लाठी-डंडों से एक दूसरे पर जानलेवा हमला किया। इस दौरान पथराव होने से गांव में भगदड़ मच गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। इससे क्षेत्र में फैली दशहत के बाद पुलिस ने जैसे-तैसे आठ लोगों को हिरासत में लेकर मामले को शांत कराया। इस झगड़े में दोनों पक्षों के अधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया है। शुक्रवार की शाम मुकेश के घर का पता पूछने कुछ लोग आए थे, जिनके साथ दूसरे पक्ष ने मारपीट कर दी, इसी से दोनों पक्षों के बीच बीतीशाम को चंद्रवीर अड्डे के पास झगड़ा हो गया। एक दूसरे पर लाठी डंडों से हमला करते हुए बड़ी संख्या में लोग सड़क पर पथराव करने लगे, जिससे भगदड़ और अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो हमलावरों ने पुलिस को भी धकियाकर अलग करने का प्रयास किया। बाद में पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए इस मामले में मुकेश पुत्र राजवीर, केशव पुत्र गंगाधर, सत्यवीर पुत्र बल्लो, रनवीर पुत्र रेशम सिंह, प्रेम वीर पुत्र रेशम सिंह, इसी के भाई विजय सिंह कृष्णकांत पुत्र सत्यवीर, भगवान पुत्र भूप सिंह, हेमसिंह पुत्र बुधसिंह, धर्मेन्द्र पुत्र भगवान सिंह इनके बेटे जितेन्द्र, गोपाल पुत्र नेहाल सिंह रिंकू पुत्र होडल, रवि पुत्र घमन सिंह को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इनमें आधा दर्जन जख्मी लोगों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। सभी के विरूद्ध पुलिस ने बलवे का अपराध पंजीकृत किया है। झगड़े के दौरान थार गाड़ी यूपी 85 सीवी 1415 आल्टोकार संख्या डीएल उसीसीई 3089 क्षतिग्रस्त हो गई।

## बलवा करने वाले 8 आरोपित गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र अंतर्गत रिश्तेदारों द्वारा पता पूछने पर उनके साथ की गई मारपीट को लेकर बीतीशाम दो पक्ष आमने-सामने आ गए। जमकर लाठी-डंडों से एक दूसरे पर जानलेवा हमला किया। इस दौरान पथराव होने से गांव में भगदड़ मच गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। इससे क्षेत्र में फैली दशहत के बाद पुलिस ने जैसे-तैसे आठ लोगों को हिरासत में लेकर मामले को शांत कराया। इस झगड़े में दोनों पक्षों के अधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया है। शुक्रवार की शाम मुकेश के घर का पता पूछने कुछ लोग आए थे, जिनके साथ दूसरे पक्ष ने मारपीट कर दी, इसी से दोनों पक्षों के बीच बीतीशाम को चंद्रवीर अड्डे के पास झगड़ा हो गया। एक दूसरे पर लाठी डंडों से हमला करते हुए बड़ी संख्या में लोग सड़क पर पथराव करने लगे, जिससे भगदड़ और अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो हमलावरों ने पुलिस को भी धकियाकर अलग करने का प्रयास किया। बाद में पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए इस मामले में मुकेश पुत्र राजवीर, केशव पुत्र गंगाधर, सत्यवीर पुत्र बल्लो, रनवीर पुत्र रेशम सिंह, प्रेम वीर पुत्र रेशम सिंह, इसी के भाई विजय सिंह कृष्णकांत पुत्र सत्यवीर, भगवान पुत्र भूप सिंह, हेमसिंह पुत्र बुधसिंह, धर्मेन्द्र पुत्र भगवान सिंह इनके बेटे जितेन्द्र, गोपाल पुत्र नेहाल सिंह रिंकू पुत्र होडल, रवि पुत्र घमन सिंह को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# संस्कृति विवि में सहयोगियों के सम्मान के साथ संगोष्ठी संपन्न



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में श्री अरविंद के आलोक में वेदों के अनुप्रयोगों को लेकर आयोजित हुई दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सहयोगियों के आभार और सम्मान के साथ संपन्न हुई।

समापन समारोह में एसवीवाईएसएस यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर प्रो. रामचंद्र जी. भट, जो वेद विज्ञान शोध संस्थान के चेयरमैन भी हैं, मुख्य अतिथि थे। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में श्री अरबिंदो सोसाइटी, कर्नाटक के चेयरमैन डॉ. अजीत सबनीस, साक्षी ट्रस्ट, बेंगलुरु के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. आर. वी. जहांगीरदार, साक्षी ट्रस्ट के श्रीबिंदु माधव, संस्कृति यूनिवर्सिटी, मथुरा के वाइस चांसलर डॉ. एम. बी. चेट्टी भी शामिल हुए। डॉ. रामचंद्र भट ने ह्वेद को कैसे समझें और वेद के सिद्धांतों को समझने और उन्हें आज की जिंदगी में लागू करने के तरीकों पर रोशनी डाली। उन्होंने वेद ज्ञान पर श्री अरविंदो के नजरिए के बारे में भी बताया। डॉ. एम. बी. चेट्टी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि यह कॉन्फ्रेंस वेद के हमेशा रहने वाले ज्ञान से फिर से जुड़ने और एक प्रोग्रेसिव और जागरूक समाज बनाने में इसकी जरूरत को समझने के हमारे साझा कमिटमेंट को दिखाती है। श्री अरविंद के नजरिए में, वेद सिर्फ. पुराने भजनों का कलेक्शन नहीं है यह इंसानी विकास, अंदर की जागृति और पूरी जिंदगी जीने का एक गहरा रोडमैप है। डॉ. आर. वी. जहाँगीरदार ने वेद के अलग-अलग पहलुओं पर सभी 17 स्पीकर्स की कार्यवाही का सारांश दिया। डॉ. सचिन गुप्ता ने युवाओं से वेद के सिद्धांतों को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाने की अपील की और पेपर पेश करने वाले सभी जानकारों को धन्यवाद दिया और बताया कि इस कॉन्फ्रेंस से स्टूडेंट्स को बहुत फायदा हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि लिविंग वेद सिर्फ विद्वानों का जमावड़ा नहीं है, यह श्री अरविंद के एक जैसे और विकासवादी नजरिए से प्रेरित होकर वैदिक ज्ञान को आज के समय में जरूरी बनाने का एक आंदोलन है। उन्होंने बताया कि संस्कृति यूनिवर्सिटी, बृज क्षेत्र में भारतीय ज्ञान प्रणालियों और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के केंद्र के तौर पर उभर रही है, और लिविंग वेद-3 की मेजबानी पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ने के अपने वादे को और मजबूत करती है। यूनिवर्सिटी विद्वानों, अभ्यास करने वालों, छात्रों और आध्यात्मिक साधकों को मिलकर काम करने के लिए एक मंच देती है। श्री अरबिंदो सोसाइटी के साथ साझेदारी करने से गहराई, विशेषज्ञता और सच्चाई मिलती है। डॉ. अजीत सबनीस ने बताया कि वह श्री अरबिंदो के विचारों और दर्शन से कैसे प्रभावित हुए और उन्होंने कहा कि युवा दिमागों को यह सीखने से फायदा होगा कि वैदिक ज्ञान कैसे फैसले लेने, साफगोई, सेहत, क्रिएटिविटी और चरित्र को बेहतर बना सकता है। उन्होंने इस कॉन्फ्रेंस को आयोजित करने के लिए सभी आयोजकों यानी संस्कृति यूनिवर्सिटी, साक्षी ट्रस्ट, सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी, दिल्ली और श्रीअरबिंदो सोसाइटी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कॉन्फ्रेंस के लिए शानदार इंतजाम करने के लिए संस्कृति यूनिवर्सिटी के चांसलर और वाइस चांसलर को भी धन्यवाद दिया। इस मौके पर कार्यक्रम उच्च स्तरीय पैमानों खरा उतारने के लिए विशेष प्रयास करने वाले सहयोगी, विवेक श्रीवास्तव, विजय सक्सेना, दिलीप सिंह, डॉ रेणु गुप्ता, ज्योति यादव, जय शंकर पांडे, राहुल, सुधांशु शाह आदि को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, मचा हड़कंप

**मथुरा।** महानगर के डीगगेट तिराहे के समीप आजाद मार्केट मे लगे ट्रांसफार्मर में बंदर चिपकने से हुये शार्ट सर्किट से भीषड़ आग लग गई। आग लगने से चारो तरफ अफरा तफरी मच गयी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड़ की दो गाड़ी मौके पर पहुंच गयी।

रविवार सुबह शहर की आजाद मार्केट में लगे ट्रांसफार्मर में बंदर चिपकने से हुये शार्ट सर्किट से बिस्फोट होते ही भीषण आग लग गई। आग की ऊंची लपटे देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने आस पास के क्षेत्र को खाली कराया। मार्केट के अंदर लगे ट्रांसफार्मर के समीप खड़े दुपहिया के अलावा अन्य सामान में भी आग लग गयी। भीषण आग से ट्रांसफर्मर पूरा जलकर राख हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद दो फायर ब्रिगेड़ ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रांसफॉर्मर में अचानक जोरदार चिंगारियां उठीं और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। कुछ ही पलों में पूरे इलाके में धुआं फैल गया, जिससे आसपास मौजूद दुकानदारों और राहगीरों में भगदड़ मच गई। आग की चपेट में आने से आसपास की कई दुकानें और आवासीय क्षेत्र प्रभावित हो सकते थे। आग लगने के कारण इलाके में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित हुई।

## दुर्घटना में युवक की मौत परिजनों ने लगाया जाम

**मथुरा।** आगरा-दिल्ली हाईवे पर थाना रिफाइनरी क्षेत्र में नौ नंबर गेट के सामने रविवार सुबह बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसा इतना जबरदस्त था कि शव के चिथड़े उड़ गए। घटना को लेकर परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने सर्विस रोड पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर भारी संख्या में पुलिस फेर्स मौके पर पहुंच गया। गांव बेरी निवासी राजेश उर्फ पोलु पंडित हाथरस से एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से लौट रहा था। रिफाइनरी गेट नंबर 9 के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। युवक का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। लोगों ने दुर्घटना के लिए सर्विस रोड पर गलत व अवैध रूप से खड़े ट्रक व सीएनजी टैंकर को जिम्मेदार ठहराया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव उठाने का प्रयास किया तो लोग भड़क गए। पुलिस से नोकझोंक भी हुई। थाना रिफाइनरी प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि लोगों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# आगरा के गुरु-मथुरा के शिष्य ने कोलंबो में जीता गोल्ड-सिल्वर

**मथुरा।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में 40 देशो के युवाओं ने हिस्सा लिया, भारत के युवा हरिश धारिया ने जीता गोल्ड मेडल और भारत का नाम रोशन किया है। जो मथुरा के टाउनशिप के निवासी है। इसके अलावा सर्वोदय विद्यालय के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र और कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया।

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की खेल और युवा कल्याण नीति अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर परिणाम दे रही है। इसी का प्रमाण है श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में आगरा जनपद के इटौरा स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र और कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया है। हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया, जबकि युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग



में सिल्वर मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में 40 से अधिक देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर, गुरु और शिष्य की जोड़ी ने देश के लिए गौरव के पल लाए। शिक्षक हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया। वहीं छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। योगी सरकार प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। सरकार की खेल नीतियों के कारण दोनों खिलाड़ियों का चयन हाल ही में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उनके दमदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। हरीश चंद्र ने सीनियर 77 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीतने के साथ ही डेडलिफ्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था, जबकि रमन कुमार ने सब-जूनियर 56 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीता था। यह सफलता यह दर्शार्ती है कि सरकारी संस्थानों में भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोलंबो में मिली यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। सर्वोदय विद्यालय इटौरा के छात्र और शिक्षक ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर जो प्रदर्शन किया है, वह आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। योगी सरकार हमेशा खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालय इटौरा लगातार खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में अग्रणी रहा है। विभाग अब इस सफलता को आगे बढ़ाने के लिए सुविधाओं को और मजबूत कर रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी घासीराम प्रजापति ने बताया कि जल्द ही विद्यालय में अत्याधुनिक पावर लिफ्टिंग लैब बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 लाख रुपए की धनराशि भी दी गई है। यह राशि लैब में पावर लिफ्टिंग के अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने में खर्च होगी। उन्होंने कहा इससे विद्यालय में अन्य विद्यार्थियों को भी सही प्रशिक्षण के साथ आगे आने का मौका मिलेगा। समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक एवं योजनाधिकारी जे. राम ने कहा कि इस जीत से भविष्य में विद्यालय से और भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के चैंपियन निकलने की उम्मीद और मजबूत हुई है। हरीश चंद्र और रमन कुमार की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार की नीतियां ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सही मंच और संसाधन उपलब्ध करा रही हैं, ताकि वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेर सकें।

## शहर के प्रमुख मार्गों पर घंटों वाहन फंसे, लोग परेशान



**मथुरा।** शहर में यातायात माह के बावजूद सड़कें रविवार को भीषण जाम की समस्या से जूझती नजर आईं। शहर की सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या और अव्यवस्थित यातायात प्रबंधन ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर घंटों तक जाम लगा रहा, जिससे स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ा।

रविवार को विशेष रूप से बीएसए रोड पर दो घंटे से अधिक समय तक जाम रहा। वाहनों की लंबी कतारें थम गईं और हाईवे पर भी गाड़ियों की गति धीमी पड़ गई। इस भीषण जाम की वजह से एंबुलेंस तक फंस गईं, जिससे आपातकालीन सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। सरकारी अधिकारियों के वाहन भी सायरन बजाते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करते दिखे, लेकिन जाम की स्थिति के कारण वे भी बेबस नजर आए। स्थानीय लोगों ने यातायात व्यवस्था में सुधार न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना था कि यातायात माह के बावजूद ट्रैफिक प्रबंधन में कोई बदलाव नहीं आया। लोगों का आरोप है कि मथुरा पुलिस केवल औपचारिकताएं पूरी कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत में स्थिति जस की तस बनी हुई है। यातायात माह की शुरूआत मथुरा के एसएसपी श्लोक कुमार ने की थी। इसके साथ ही एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार ने भी शहर में यातायात सुधार के दावे किए थे। लेकिन जमीनी स्तर पर इन दावों का कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा है। लगातार भीड़भाड़ और जाम की समस्या के कारण लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। व्यापारी और स्थानीय निवासियों का कहना है कि रविवार जैसे दिनों में शहर की मुख्य सड़कों पर भीड़ सामान्य से दोगुनी हो जाती है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक शहर के प्रमुख स्थलों पर पहुंचते हैं, जिससे ट्रैफिक और बिगड़ जाता है। इसके बावजूद ट्रैफिक पुलिस की उपस्थिति सीमित और असंगठित रही। कई जगहों पर ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को मार्गदर्शन दिया, लेकिन भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल साबित हुआ। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि यातायात माह के दौरान कुछ प्रचार और मीडिया कवरेज के अलावा जमीनी स्तर पर कोई ठोस बदलाव नहीं किया गया। यदि स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम आम बात बन जाएगा और दैनिक जीवन प्रभावित होता रहेगा।

## इण्डियन पब्लिक स्कूल वृन्दावन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**वृन्दावन।** सुनरख रोड स्थित इण्डियन पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक योगेश गौतम, प्रबन्धक मंजूलता गौतम व प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अनेकों रचनात्मक मॉडल व चार्ट बनाकर अपनी नवोन्मेषक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने प्रदर्शनी में, हीमोडाईलिसिस, विधुत घण्टी, मानव मस्तिष्क हाईड्रोलिक ब्रेक व लिफ्ट का मॉडल तथा पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण को दशार्ता चुम्बकीय मॉडल व सौर सेल, पवनचक्की, विद्युत सयंत्र, ज्वालामुखी, विद्युत कार तथा पर्यावरण आदि से जुड़े सैकड़ो मॉडल बनाकर सभी की प्रशंसा बटोरी। प्रदर्शनी में प्राइमरी वर्ग में कक्षा पंचम से मानवी ने प्रथम, कक्षा चतुर्थ से खुशी ने द्वितीय चिन्मय पंचम व ईशु चतुर्थ ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में कक्षा षष्ठम के शांतनु ने प्रथम, कक्षा अष्टम से हिमांशी ने द्वितीय व मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में दशम से खुशबू ने प्रथम, नवम से महक जोशी ने द्वितीय व एकादश विज्ञान से दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन स्वयं को प्रेरित किया। विद्यालय निदेशक योगेश गौतम प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद कहा कि आप सभी के अन्दर वैज्ञानिक प्रतिभायें छिपी हुयी है आवश्यकता उन्हें प्रदर्शित करने की है। इसलिए अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए निरन्तर प्रयास करते रहें व अवसर आने पर बेहतरीन प्रदर्शन करें। विद्यालय की प्रबन्धक श्रीमती मंजूलता गौतम ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुये बताया कि श्रेष्ठ बनने के लिए अनुशासित और सुसंस्कृत रहना जरूरी है। इसी कोशिश में विद्यालय परिवार बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निकालने के लिए निरन्तर प्रयासरत है।

## आपसी सुलहनामा करा परिवार परामर्श केंद्र ने 8 परिवारों की लौटायीं खुशियां



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर में संचालित परिवार परामर्श केन्द्र महिला हेल्प डेस्क द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश अभियान के अन्तर्गत 08 परिवारों का आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए परिवारों की खुशियाँ लौटाई गई। फिरोजाबाद पुलिस के परिवार परामर्श केन्द्र दीदी प्रोजक्ट के अधिकारी कर्मचारीगण ने पुलिस लाइन फिरोजाबाद परिसर में संचालित महिला हेल्प डेस्क द्वारा रविवार को 08 घरेलू मामलों में आपसी सुलहनामा कराते हुए समझौता कराया गया है। उक्त परिवारों के आपसी चल रहे घरेलू विवादों में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए सकुशल घर रवाना किया। इस दौरान सभी पक्षों ने फिरोजाबाद पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा कर धन्यवाद व्यक्त किया।

# सनातन विज्ञान अपनाने की अपील

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे पांच दिवसीय वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला में भण्डारे के दिन बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी पंकज जी महाराज ने श्रद्धालुओं को मानव तन, सनातन विज्ञान, सुरत-शब्द की महिमा, शाकाहार और नशामुक्त, मानवीय गुणों को अपनाने की अपील के साथ महिलाओं पर हो रहे व्यभिचार के भयानक परिणामों को विस्तार से समझाया। द्वापर में एक द्रोपदी के चीर हरण से महाभारत हो गया। आज शराब के नशे में न जाने कितने अत्याचार हो रहे हैं। आगे खूंखार समय आ रहा है। बमभोले का महाविनाशकारी ताण्डव होने वाला है। इससे बचाव का एकमात्र उपाय महात्माओं की शरण है। ह्यह्यमंगल भवन अमंगलहारी द्रवहुं सो दशरथ



अजिर बिहारीह्लह्ल पंक्ति की व्याख्या करते हुये बताया कि यह मानव तन आपका मंगल यानि कल्याण करने वाला और अमंगलों से दूर रखने वाला अर्थात जीवात्मा को नर्कों और चैरासी में जाने से बचाने वाला है। इस शरीर के दसवें दरवाजे पर अजिर बिहारी यानि जीवात्मा बैठी हुई है। आज सुरत शब्द के सनातन विज्ञान को जानने की जरूरत है। सुरत शब्द (नाम योग) की जानकारी संतों के सत्संग में कराई जाती है। जीवात्मा उस शब्द को पकड़ कर अपने प्रभु में विलीन हो जाती है। प्रभु का रूप हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि संसार में तीन प्रकार के गुरु होते हैं। पहला गुरु माता-पिता होते हैं, दूसरा विद्यालय में पढ़ाने वाले और तीसरा आध्यात्मिक गुरु। आध्यात्मिक गुरु जीव को सुरत शब्द का भेद बताते हैं। ऐसे गुरु की खोज करनी चाहिये। जब वे मिल जायं तो जो वह बतायें उसे खुशी-खुशी अपनाकर अपनी जीवात्मा का काम कर लेना चाहिये। मन की दुरुस्ती के लिये सत्संग बहुत ही जरूरी है। गुरु सत्संग रूपी जल में मन की सफाई करते हैं। प्यारे बेटे को बाप से मांगने की जरूरत नहीं पड़ती। गुरु के प्यारे बनने के लिये गुरु महाराज के शाकाहार-सदाचार, मद्यनिषेध के अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। शाकाहार धर्म के प्रचार से ही वैचारिक क्रान्ति और रामराज्य आयेगा। आगामी दि. 3 से 5 मार्च 2026 तक होली का कार्यक्रम जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में मनाया जायेगा। दि. 5 दिसम्बर 2025 को पंकज जी महाराज 85 दिन गाजीपुर में न्याय पंचायत स्तर पर कार्यक्रम करेंगे। पंकज जी महाराज ने जयगुरुदेव नाम योग साधना मंदिर में पूजा कर प्रसाद तैयार किया। उसके बाद श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मंदिर में पूजन कर दया, दुआ, मांगते हुये देखे गये। मंदिर में पूजन का कार्यक्रम 2 दिसम्बर तक निरन्तर चलता रहेगा। सत्संग में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही।

# पुलिस ने हेलमेट वितरण कर जागरूक किया



फिरोजाबाद। यातायात माह नवम्बर के समापन के आखिरी दिन क्षेत्राधिकारी यातायात एवं यातायात टीम द्वारा जैन मंदिर चौराहे पर हेलमेट वितरण कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात माह में यातायात एवं जनपद पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए 20,653 चालान सीज की कार्रवाई की गई ,यातायात पुलिस ने पूरे नवंबर माह स्कूलों एवं कॉलेजों में व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत हजारों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को यातायात नियमों का पालन करने हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग ओवर स्पीडिंग से बचाव मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा पैदल यात्रियों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान के दौरान भारी वाहन चालकों, ऑटो ई रिक्शा चालकों श्रमिक वर्ग व आने-जाने वाले लोगों को नुक्कड़ सभाएं कर लगातार यातायात माह में व्यापक रूप से जागरूक किया गया।

## अज्ञात ईको ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत

शिकोहाबाद। शादी समारोह में शामिल होने आ रहे एक युवक को अज्ञात ईको कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए लार्ड कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। आनंद (28) पुत्र वीरेश निवासी नगला खान थाना अवागढ़ जिला एटा अपने साथी के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपनी बाइक से शिकोहाबाद की ओर आ रहे थे। मुस्तफाबाद रोड पर जब उनकी बाइक ग्राम नगला नौखटा के पास पहुंची तभी अज्ञात वाहन ईको ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार आनंद के सर में गंभीर चोट आई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए एटा चौराहा के पास स्थित लॉर्ड कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि शनिवार की रात अज्ञात ईको ने बाइक में टक्कर मार दी थी जिसमें बाइक सवार की मौत हुई है।

## 4 भारी वाहनों का किया चालान, एक डंपर औरएक ट्रैक्टर को किया सीज

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में शासन द्वारा ट्रकों की नम्बर प्लेट को गलत तरीके से छुपाकर व नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर चलाने वाले वाहनों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत रविवार को क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा चार भारी वाहनों का चालान किया गया एवं थाना शिकोहाबाद क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के एक डंपर को और एक ट्रैक्टर को सीज किया गया। इस दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों को यातायात माह नवम्बर के अन्तर्गत जागरुक भी किया गया। रविवार को यातायात माह नवंबर के आखरी दिन क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व



में यातायात पुलिस टीम द्वारा 04 भारी वाहनों का चालान किया गया एवं थाना शिकोहाबाद क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के एक डंपर को और एक ट्रैक्टर को सीज किया गया। यातायात पुलिस ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना अवैध खनन परिवहन पर रोक लगाना तथा अपराधों में उपयोग किए जाने वाले संदिग्ध वाहनों की पहचान को प्रभावी बनाना है। इस अभियान के अन्तर्गत पुलिस यातायात पुलिस एवं संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों की संयुक्त टीमों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों राज्य मार्गों टोल प्लाजाओं बॉर्डर चेकपोस्टों तथा खनन प्रभावित क्षेत्रों में गहन चेकिंग की जा रही है। बिना नंबर प्लेट फर्जी नंबर प्लेट, धुंधली मुड़ी हुई प्लेट कपड़ा कीचड़ आदि से जानबूझकर ढकी गई प्लेटों वाले ट्रकों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करें, नशे में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें।

## पूर्व नर्सिंग छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किया



**फिरोजाबाद।** 1 दिसंबर को मनाए जाने वाले विश्व एड्स दिवस से पूर्व ऑटोनॉमस राजकीय नर्सिंग कॉलेज कॉलेज ऑफ नर्सिंग फिरोजाबाद की छात्राओं ने कस्बा खैरगढ़ में जगह-जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी एड्स के बारे में लोगों को जागरूक किया।शिक्षिका डॉक्टर अनामिका सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की हर वर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है जो पहली बार 1988 में मनाया गया था जिसका उद्देश्य एचआईवी एड्स के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को इसके बारे में सही जानकारी देना है। यह उन लोगों के प्रति एक जुटता दिखाने का भी दिन है जो एचआईवी एड्स से प्रभावित है और उनके साथ भेदभाव नहीं करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करता है और इस बीमारी से अपनी जान गंवाने वालों को याद करने के लिए समर्पित है।आम जन मानस में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्राचार्य पीकेश सिंघाल के निर्देशन में ऑटोनॉमस राजकीय मेडिकल कॉलेज, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं नंदिनी गुप्ता, पारुल यादव, मुस्कान खान, प्राची, मनीष वर्मा, मेहरूम निशा, मुस्कान निगम, मोहिनी, पिंकी, प्राची मौर्य, नेहा, प्रिया मौर्य, निशा राय व मानसी राज ने बताया कि एचआईवी साथ में उठने बैठने सोनी खाना खाने या मच्छर और मक्खी के काटने से नहीं होता है। सावधानी में ही बचाव है, यह बातें छुपाने की नहीं बताने की होती है। जैसा नारा देकर एचआईवी एड्स के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता फैलाने का काम किया।

संक्षेप

## डीएसपी म्यूचुअल फंड ने किये चार नयी पैसिव स्कीम की घोषणा

नयी दिल्ली। डीएसपी म्यूचुअल फंड ने आज चार नई पैसिव स्कीम - डीएसपी निफ़्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड, डीएस पी निफ़्टी मिडकैप 150 ईटीएफ डीएसपी निफ़्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड और डी एसपी निफ़्टी स्मॉलकैप 250 ईटीएफ को लॉन्च करने की घोषणा की है। इन ऑफर्स की मदद से मिड और स्मॉलकैप सेगमेंट का नियम-आधारित, कम लागत वाला ऐक्सेस पाकर डी एस पी के पैसिव इंवेस्टमेंट सुइट को मजबूती मिलती है। ये एक साथ भारत के सबसे व्यापक और सबसे गतिशील कॉर्पोरेट यूनिवर्स का प्रतिनिधित्व करती हैं। मिडकैप और स्मॉलकैप भारत में नवाचार और विकास के चौराहे पर हैं। हमारे शोध से पता चलता है कि स्टॉक पिकिंग के बजाए अनुशासित, नियम-आधारित एक्सपोजर ने ऐतिहासिक रूप से उन इंवेस्टर्स को इनाम दिया है जो चक्रों के जरिए इंवेस्टमेंट करते रहते हैं। ये प्रोडक्ट्स इंवेस्टर्स को व्यापकता आधारित बाजार के विस्तार में भाग लेने का एक आसान तरीका मुहैया करवाते हैं। निफ़्टी मिडकैप 150 इंडेक्स में निफ़्टी 500 से भारत की 101वीं से 250वीं सबसे बड़ी कंपनियाँ शामिल हैं, जबकि निफ़्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स निफ़्टी 500 से भारत की 251वीं से 500वीं तक की कंपनियों को कवर करता है। ऐतिहासिक डेटा से मालूम होता है कि दोनों सूचकांकों ने व्यापक बाजार की तुलना में सार्थक रूप से उच्च लॉन्ग-टर्म रिटर्न दिया है।

## चीन की कारखाना गतिविधियों में आठवें महीने गिरावट

हांगकांग। चीन की कारखाना गतिविधियों में नवंबर में लगातार आठवें महीने गिरावट आई है। एक आधिकारिक सर्वे में यह जानकारी दी गई है। हालांकि, अमेरिका-चीन के बीच व्यापार के मोर्चे पर समझौता हो गया है, लेकिन इसके बावजूद चीन की चुनौतियां बनी हुई हैं। चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा कि आधिकारिक विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) नवंबर में थोड़ा बढ़कर 49.2 हो गया, जो अक्टूबर में 49 था। पीएमआई के 50 से नीचे होने का आशय गतिविधियों में संकुचन से है। पीएमआई गतिविधियों में यह गिरावट विश्लेषकों के अनुमान के मुताबिक है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी शुल्क में कटौती के बाद अमेरिकी बाजार में चीन का निर्यात प्रतिस्पर्धा हासिल कर सकता है। लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि व्यापार समझौते के बाद निर्यात ने फिर से रफ्तार पकड़ी है या नहीं।

## हरित अर्थव्यवस्था के लिए वित्त संस्थान, प्रौद्योगिकी कोष बनाने की अपील

नयी दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार से हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष वित्त संस्थान और प्रौद्योगिकी कोष बनाने की अपील की है। इससे देश में लंबे समय वाली और कम लागत वाली पूंजी की उपलब्धता बढ़ेगी। सीआईआई ने कहा कि भारत जल्द ही 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, और ऐसे में हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाना अब कोई विकल्प नहीं बल्कि रणनीतिक जरूरत बन गया है। उद्योग मंडल ने अपने बजट पूर्व सुझावों में एक विशेष हरित वित्त संस्थान (जीएफआई) बनाने का प्रस्ताव रखा है, जो नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, हरित भवन और औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए बड़े पैमाने पर कम लागत वाली पूंजी जुटाए। एक बयान के मुताबिक, यह संस्था गुजरात के गिफ्ट सिटी में स्थित हो सकती है, ताकि नियामक लचीलापन का लाभ लिया जा सके और विदेशी पूंजी आकर्षित की जा सके। यह रियायती कर्ज, इक्विटी समर्थन, ज्ण गारंटी और छोटी हरित परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण की सुविधा देकर परियोजना वित्तपोषण की लागत कम कर सकता है।

## जम्मू-कश्मीर में 10.07 लाख को मिला 43,017 करोड़ का ऋण

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में 10.07 लाख से अधिक लाभार्थियों को ऋण सहायता प्रदान की गई तथा बैंकों ने 43,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित किए। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बैठक में 2025-26 की पहली तिमाही तथा पहली छमाही में बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋण तथा अन्य बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के प्रदर्शन की समीक्षा की गई।

# कंपनियों की पूंजी 96201 करोड़ बढ़ी




नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 96,200.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस को हुआ।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 474.75 अंक या 0.55 प्रतिशत चढ़ा। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 86,055.86 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार मूल्यांकन घट गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 28,282.86 करोड़ रुपये बढ़कर 21,20,335.47 करोड़ रुपये हो गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,347.52 करोड़ रुपये बढ़कर 6,45,676.11 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 13,611.11 करोड़ रुपये बढ़कर 15,48,743.67 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 13,599.62 करोड़ रुपये बढ़कर 9,92,725.97 करोड़ रुपये रहा। हंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 7,671.41 करोड़ रुपये बढ़कर 5,79,644.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 6,415.28 करोड़ रुपये बढ़कर 9,04,185.15 करोड़ रुपये हो गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 6,273.15 करोड़ रुपये बढ़कर 6,47,961.98 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 35,239.01 करोड़ रुपये घटकर 11,98,040.84 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का मूल्यांकन 4,996.75 करोड़ रुपये घटकर 5,65,581.29 करोड़ रुपये और टीसीएस का पूंजीकरण 3,762.81 करोड़ रुपये घटकर 11,35,952.85 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# एफपीआई ने नवंबर में भारतीय शेयर बाजार से 3765 करोड़ रुपये निकाले



नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारतीय शेयर बाजार में फिर बिकवाल बन गए है। अक्टूबर में थोड़े ठहराव के बाद विदेशी निवेशकों ने नवंबर में भारतीय शेयरों से शुरू रूप से 3,765 करोड़ रुपये निकाले हैं। ऐसा वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की क्षमता में कमी, वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी शेयरों में उतार-चढ़ाव और प्राथमिक बाजार को प्राथमिकता देने की वजह से हुआ है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले अक्टूबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में14,610 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं सितंबर में उन्होंने 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये की निकासी की थी। नवंबर में एफपीआई की निकासी में वैश्विक और घरेलू कारकों दोनों की भूमिका रही। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कटौती के रुख को लेकर अनिश्चितता, डॉलर में मजबूती, उभरते बाजारों में जोखिम लेने की श्रमता कमजोर होने से विदेशी निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से भी एफपीआई की धारणा प्रभावित हुई। एंजेल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक वकारजावेद खान ने कहा कि नवंबर में निकासी की मुख्य वजह वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा, प्रौद्योगिकी शेयरों में उतार-चढ़ाव रही है। इसके अलावा उपभोक्ता सेवाएं और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के शेयर भी इससे प्रभावित हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार का मानना है कि एफपीआई प्रवाह में रुख में बदलाव का अभी कोई साफ सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि एफपीआई कुछ दिन खरीदार थे और कुछ दिन बिकवाल। यह एक संकेत है कि हालात बदलने पर उनके प्रवाह का रुख बदल सकता है। वर्ष 2025 में अब तक, एफपीआई ने शेयरों से 1.43 लाख करोड़ रुपये से जूयादा निकाले हैं।

# कैग ने बताया अवास्तविक, अत्यधिक अनुपूरक अनुदान पर उठाए सवाल

गुवाहाटी। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने असम सरकार के 2023-24 के बजट अनुमानों को अवास्तविक और अनुमान से कहीं अधिक करार दिया है। कैग ने बताया कि कई मामलों में मूल आवंटित राशि को खर्च भी नहीं किया गया।

फिर भी अनुपूरक अनुदान स्वीकृत कर लिए गए। कैग ने कई स्वायत्त परिषदों तथा अन्य निकायों द्वारा उपयोगिता प्रमाणपत्र तथा वार्षिक लेखे जमा न करने की बात भी कही। विधानसभा में शनिवार को पेश 2023-24 की राज्य वित्त संबंधी कैग रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष के दौरान राज्य सरकार के बजट अनुमान लगातार अवास्तविक और अधिक बने रहे। राज्य ने 169,966.13 करोड़ रुपये के अनुदान एवं विनियोग के मुकाबले केवल।,39,449.66 करोड़ रुपये ही खर्च किए, जिसके कारण कुल 30,516.47 करोड़ रुपये बच गए। यह बचत कुल अनुदान एवं विनियोग का 17.95 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि यह बचत केवल कागजी थी, क्योंकि वास्तव में खर्च के लिए धन उपलब्ध ही नहीं था, क्योंकि वास्तविक प्राप्तियां अनुमानित 165,215.70 करोड़ रुपये के मुकाबले केवल।,38,830.79 करोड़ रुपये ही थीं। कुल बची राशि में मात्र 0.35 प्रतिशत (107.08 करोड़ रुपये) ही वापस की गई।

# वैश्विक रुख से तय होगी स्थानीय शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं, वैश्विक रुख, ब्याज दर पर भारतीय रिजर्व बैंक के निर्णय और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अक्टूबर, 2025 के लिए औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़े एक दिसंबर को जारी किए जाएंगे। इसके अलावा, सोमवार को नवंबर के वाहन बिक्री के आंकड़े भी आएंगे, जो बाजार को दिशा देंगे। इस सप्ताह बहुत सारे आंकड़े आएंगे, जो बाजार में उतार-चढ़ाव का कारण बनेंगे। घरेलू मोर्चे पर वाहन बिक्री के आंकड़े आएंगे। इसके बाद एचएसबीसी विनिर्माण और पीएमआई के आंकड़े आने हैं। सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम पांच दिसंबर को आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजे होंगे। आरबीआई की महंगाई, वृद्धि पर टिप्पणी काफी महत्वपूर्ण होगी। जुलाई-सितंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था उम्मीद से ज्यादा 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है- जो छह तिमाहियों में सबसे तेज रफ्तार है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती से पहले उत्पादन में तेजी आने से उपभोग बढ़ा, जिससे अमेरिका के भारी शुल्क के असर को कम करने में मदद मिली। शुक्रवार, पांच दिसंबर को आरबीआई का मौद्रिक निर्णय बाजार के लिए काफी महत्वपूर्ण रहेगा। एक और अहम घरेलू संकेतक एक दिसंबर को आने वाले वाहन बिक्री के आंकड़े हैं। ये आंकड़े त्योहारों के मौसम की मांग और बदलते ग्रामीण और शहरी उपभोग के रुख बारे में अहम जानकारी देंगे। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 474.75 अंक या 0.55 प्रतिशत चढ़ा, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 134.8 अंक या 0.51 प्रतिशत के लाभ में रहा।

बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 86,055.86 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंचा। निफ्टी ने भी अपने 26,310.45 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि बाजार के ऊंचे स्तर पर रहने के साथ आने वाला सप्ताह अहम होने वाला है।

# श्रम कानून में संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को होगा लाभ

नयी दिल्ली। नई श्रम संहिता में फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों की श्रेणी में समयसीमा का जिक्र नहीं होना और श्रम निरीक्षकों की कमी जैसी खामियां नये श्रम कानून को श्रमिकों के बजाय नियोक्ताओं के हित में बनाती हैं।

साथ ही इस कानून से देश में काम कर रहे लगभग 61 करोड़ कामगारों में से संगठित क्षेत्र में कार्यरत केवल 15 प्रतिशत कर्मचारियों को ही लाभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब कंपनियां अपने कई कार्यों के लिए कान्ट्रैक्टर के जरिये कर्मचारी लेती हैं। हालांकि, ऐसे मामलों में इन कर्मचारियों का मूल नियोक्ता वह है जहां वह काम करता है। लेकिन असल में वह कानून के तहत कांट्रैक्टर या ठेकेदार का ही कर्मचारी है और सीधे नियुक्त न होने वाले इस कर्मचारी के बारे में नई श्रम संहिता कुछ नहीं कहती है। हालांकि, मानव संसाधन सेवाएं देने वाली कंपनी रैंडस्टैड इंडिया के जनरल काउंसल डॉ. सचिन बिराज ने कहा कि नई श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन भारत के प्रतिभा परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक कदम है। श्रम संहिताएं सभी प्रकार के अनुबंधित और निश्चित अवधि के श्रमिकों को सार्थक लाभ प्रदान करती हैं और यह भारत के श्रम ढांचे में सबसे प्रगतिशील बदलावों में से एक है। नए ढांचे के तहत, संगठित क्षेत्र के अनुबंध पर काम करने वाले कामगारों के लिए अधिक मानकीकृत और पारदर्शी रोजगार शर्तें होने की संभावना है।

# आरबीआई मौद्रिक नीति बैठक, रेपो दर में कमी संभव




मुंबई। मुद्रास्फीति का दबाव कम होने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपनी आगामी मौद्रिक नीति बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत कम कर सकता है।

हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ब्याज दर को स्थिर रख सकता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति पिछले दो महीनों से सरकार के तय दायरे की निचली सीमा (दो प्रतिशत) से भी कम है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अर्थव्यवस्था में आई तेजी के कारण आरबीआई ब्याज दरों को यथावत रख सकता है। यह तेजी राजकोषीय समेकन, लक्षित सार्वजनिक निवेश और जीएसटी दर कटौती जैसे विभिन्न सुधारों से समर्थित है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 3-5 दिसंबर 2025 तक होनी है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा पांच दिसंबर को समिति के फैसलों की घोषित करेंगे। केंद्रीय बैंक ने पिछले साल फरवरी में दरों में कमी शुरू की थी और कुल एक प्रतिशत की कटौती करके रेपो दर को 5.5 प्रतिशत कर दिया था। अगस्त में कटौती रोक दी गई थी। कुछ विशेषज्ञों के अनुसार मुद्रास्फीति का दबाव कम होने से आरबीआई आने वाली मौद्रिक नीति बैठक में प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। एचडीएफसी बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल वृद्धि अनुमान से अधिक और मुद्रास्फीति अनुमान से कम है। इसके मुताबिक, इसलिए आरबीआई के आगामी फैसले में कांटे की टक्कर रहेगी। दूसरी छमाही में वृद्धि पर बने जोखिम और वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही तक मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत से काफी नीचे रहने की उम्मीद को देखते हुए हमें लगता है कि आने वाली नीतिगत दर बैठक में फिर 0.25 प्रतिशत की कटौती हो सकती है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया कि मजबूत जीडीपी वृद्धि और न्यूनतम मुद्रास्फीति के साथ अब आरबीआई को इस सप्ताह होने वाली एमपीसी बैठक में व्यापक बाजारों को दर की दिशा बतानी है। आने वाली नीति में रेपो दर पर कांटे का मुकाबला होगा। चूंकि मौद्रिक नीति आगे की सोच वाली होती है और उस हिसाब से इस समय नीतिगत दर उचित स्तर पर दिख रही है। इन परिस्थितियों में हमें नहीं लगता कि नीतिगत दर में कोई बदलाव होना चाहिए। दिसंबर में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती हो सकती है, वृद्धि मजबूत बनी हुई है, लेकिन अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति में भारी गिरावट ने कटौती के लिए अतिरिक्त जगह बना दी है।

# सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, पाम-पामोलीन और बिनौला में सुधार



नयी दिल्ली। बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। वहीं सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर स्थानीय मांग के कारण मिल वालों की मांग प्रभावित रहने से सोयाबीन तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

इस बीच, 28 नवंबर देर रात सरकार ने कच्चे पामतेल के आयात शुल्क मूल्य को घटा दिया और दूसरी ओर सोयाबीन डीगम तेल के आयात शुल्क मूल्य में ममूली बढ़ोतरी की है। बाजार सूत्रों ने कहा कि सरसों के भाव उंचे बोले जा रहे हैं जिस वजह से इसमें बीते सप्ताह सुधार दिख रहा है। वैसे वस्तुस्थिति यह है कि सरसों के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक चल रहे हैं और सहकारी संस्थाओं, स्टॉकिस्ट तथा किसानों के पास सरसों का पूरा स्टॉक है। आगामी दो-तीन महीने में सरसों की अगली फसल भी बाजार में आ जायेगी। आयातित खाद्य तेलों से भी भाव उंचा होने की वजह से सरसों की मांग प्रभावित है। सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन की हालत काफी बुरी है। हालांकि, समीक्षाधीन अवधि में विदेशों में सोयाबीन डीगम के दाम 50-60 डॉलर मजबूत हुए हैं जिसकी वजह से बीते सप्ताह सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में अपने पूर्व सप्ताहांत के मुकाबले सुधार दिख रहा है। वस्तुस्थिति यह है कि सोयाबीन तिलहन के हाजिर दाम एमएसपी से काफी नीचे हैं। आयातक जो पहले लागत से 3-3.5 प्रतिशत नीचे दाम पर सोयाबीन डीगम बेच रहे थे वह अंतर अब बढ़कर 6.5-7 प्रतिशत हो चला है। यह गतिविधि काफी समय से चल रही है जो सभी अंशधारकों के हितों को चोट पहुंचाने वाली है और इसे रोकने की जरूरत है।

पेज एक का शेष

## काशी-तमिल

मालाबार तट के लोग नौसैनिक पोत आईएनएस माहे के नाम से ही खुश हो गए। उन्होंने कहा कि दरअसल, इसका माहे नाम उस स्थान माहे के नाम पर रखा गया है, जिसकी एक समृद्ध ऐतिहासिक विरासत रही है। उन्होंने कहा, केरल और तमिलनाडु के कई लोगों ने इस बात पर गौर किया कि इस युद्धपोत का प्रतीक-चिह्न उरुमी और कलारिपयट्टू की पारंपरिक लचीली तलवार की तरह दिखाई पड़ता है। उन्होंने कहा ये हम सबके लिए गर्व की बात है कि हमारी नौसेना बहुत ही तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दक्षिण अफ्रीका की अपनी हालिया यात्रा को भी याद किया और कहा कि वोकल फॉर लोकल की भावना विश्व नेताओं को उनके द्वारा दिए गए उपहारों में परिलक्षित हुई।

उन्होंने कहा, जी-20 के दौरान, मैंने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति को नटराज की कांस्य प्रतिमा भेंट की। ये तमिलनाडु के तंजावुर की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी चोल कालीन शिल्पकला का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा, कनाडा के प्रधानमंत्री को चांदी के अश्व की प्रतिकृति दी गई। यह राजस्थान के उदयपुर की बेहतरीन शिल्पकला को दर्शाती है। जापान के प्रधानमंत्री को चांदी की बुद्ध की प्रतिकृति भेंट की गई। इसमें तेलंगाना और करीमनगर की प्रसिद्ध चांदी की कलाकृतियों की बारीकी का पता चलता है। इटली की प्रधानमंत्री को फूलों की आकृतियों वाला चांदी का आईना उपहार में दिया। ये भी करीमनगर की ही पारंपरिक धातु शिल्पकला को प्रदर्शित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को मैंने पीतल उरली भेंट की, ये केरल के मन्नार का एक उत्कृष्ट शिल्प है। मेरा उद्देश्य था कि दुनिया भारतीय शिल्प, कला और परंपरा के बारे में जानें। हमारे कारीगरों की प्रतिभा को वैश्विक मंच मिले।

## धार्मिक आयोजनों

हरियाणा भी विकास के नए प्रतिमान को स्थापित करते हुए बढ़ रहा है। सीएम ने प्रार्थना की कि सुख-शांति का माहौल बने, लोग प्रगति करें और परिवार में खुशहाली आए। सीएम योगी ने कहा कि नशा के खिलाफ प्रहार करना है। नशा कारोबारी व्यवस्था को खोखला बनाने का कार्य कर रहे हैं। नशा नाश का कारण है। यह सोचने का सामर्थ्य समाप्त कर देती है। हमें युवाओं, वर्तमान पीढ़ी व समाज को नशे से बचाना होगा। हमारा दुश्मन किसी न किसी रूप में नशा का कारोबार भारत में फैलाना चाहता है। सीमा पार से लगातार ऐसी शरारतें हो रही हैं। हम जाने-अनजाने इसकी चपेट में कतई न आने पाएं, वरना भावी पीढ़ी व भविष्य हमें माफ नहीं करेगा। सीएम ने संतों व योगेश्वरों से अपील की कि हर धार्मिक आयोजन में धर्मांतरण, लव जेहाद, नशा के खिलाफ आवाज उठनी चाहिए। जो वर्तमान को खोखला बना रहा हो और भावी पीढ़ी के भविष्य को अंधकार की तरफ धकेल रहा हो, उसे कतई बर्दाश्त नहीं करना है, बल्कि उसके खिलाफ अभियान चलाना होगा। सीएम ने कहा कि नाथ संप्रदाय के गृहस्थ योगी यहां सारंगी बजाकर अभिवादन कर रहे थे, यह नाथ सिद्धों व योगेश्वरों के जनजागरण का पुराना तरीका है। वे गांव-गांव जाकर जनजागरण पैदा करते थे। यह लोगों को समाज के अनुरूप आचरण करने, देखने, चलने, संकट से बचाने, समाज को संगठित करने का माध्यम था। पंजाब, हरियाणा व राजस्थान में बड़े पैमाने पर यह कार्य होते थे। सीएम योगी ने कहा कि भारत के सनातन धर्म की परंपरा दुनिया में सबसे प्राचीन है। इस परंपरा ने मानव को मानव बनाने और चराचर जगत के कल्याण का मार्ग अपनी साधना- सिद्धि के माध्यम से प्रशस्त किया था। अलग-अलग उपासना विधियां, पंथ व संप्रदाय के रूप में सनातन धर्म के अलग-अलग दर्शन व उससे उपजी ज्ञान की नई पद्धतियों का आधार रहा है। यह ज्ञान की विशिष्ट पद्धति को आगे बढ़ाने और समाज का मार्गदर्शन करने वाली है। व्यक्ति जिस प्रकृति का है, उसके अनुरूप साधना पद्धतियों का विकास व दर्शन देने की पद्धतियां रही हैं। सनातन धर्म की इसी गौरवशाली परंपरा में नाथ संप्रदाय का अपना योगदान है। इस परंपरा की शुरूआत ही आदिनाथ भगवान शिव से हुई है। सीएम योगी ने कहा कि भारत के अंदर आदिनाथ भगवान शिव की उपासना निराकार ब्रह्म के प्रतीक के रूप में पूरे देश में (उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम) देखने को मिलती है। कैलाश में विराजमान कैलाशवासी भगवान शिव हों या रामेश्वरम में विराजमान भगवान रामेश्वर, यह सभी शिव के वे रूप हैं, जो भारत की एकात्मता का भी प्रदर्शन करते हैं। नाथ संप्रदाय के योगियों ने सनातन धर्म की इन्हीं शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार के लिए 12 अलग-अलग उपपंथों के माध्यम से इसे सर्वसुलभ करने और अपने सिद्ध-योगेश्वरों व योगियों के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया। सीएम योगी ने कहा कि सनातन की विजय कैसे आगे बढ़ती है, यह 25 नवंबर को देखा होगा। जब हम एक साथ सोचते, बोलते और चलते हैं तो उसका परिणाम भी ऐसे ही आता है। जहां धर्म होगा, वहां विजय होगी। अयोध्या धाम में पीएम मोदी के कर कमलों से श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य भगवा सनातनी ध्वज को फहराते हुए देखा होगा। मंदिरों पर फहराया गया ध्वज भारत के सनातन धर्म की परंपरा का प्रतीक है। यह केवल वस्त्र नहीं है, बल्कि आसमान की ऊंचाइयों को छूते हुए यह संदेश देता है कि सम-विषम परिस्थितियों में सनातन धर्म अपनी पताका को ऊंचा रखेगा। कहा कि पहली बार भारत के कोई प्रधानमंत्री अयोध्या गए और अपने कर कमलों से प्रभु के मंदिर निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भगवा धर्मध्वज विश्व को संदेश दे रही है कि सत्य और धर्म का मार्ग हमेशा ऊंचा रहेगा, इसे कोई झुका नहीं सकेगा। धर्म की जय होगी। हमें विचलित हुए बिना पथ का अनुसरण करने को तैयार रहना होगा। भंडारा कार्यक्रमों के माध्यम से संत भी एकजुटता का यही संदेश देते हैं।

## बिजली उपभोक्ता

पूरा माफ तथा मूलधन में भी भारी छूट मिल रही है। योजना में आसान किस्तों में बकाया जमा करने की सुविधा तथा बिजली चोरी के मामलों में भी बड़ी राहत है। इसलिये प्रत्येक उपभोक्ता से सम्पर्क कर उसे बतायें कि वह अपना बकाया जमा कर योजना का लाभ लें।

## एक सप्ताह

एसआईआर 2002 और 2004 के बीच किया था, और उन्होंने अपने-अपने राज्यों में हुए पिछले एसआईआर के अनुसार वर्तमान मतदाताओं की मैपिंग लगभग पूरी कर ली है।

मतदाताओं की मैपिंग से तात्पर्य वर्तमान मतदाताओं को मतदाता सूची में उनकी पिछली प्रविष्टियों से जोड़ने, पते का सत्यापन करने तथा बूथ स्तरीय अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन के माध्यम से विसंगतियों को ठीक करने की प्रक्रिया से है। एसआईआर का मुख्य उद्देश्य विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें मतदाता सूची से बाहर करना है। यह कदम विभिन्न राज्यों में रह रहे बांग्लादेश और म्यांमा के अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्वाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## 11 दिसम्बर

हो चुका है। साथ ही अब तक 9177 मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चूंकि एक सप्ताह की अवधि और मिल गई है, इसलिए उनके अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों खासकर बीएलओ को अनावश्यक मानसिक दबाव में आने की आवश्यकता नहीं है। पर्याप्त समय है जिसमें सारा कार्य पूर्ण हो सकता है। ऐसे इछड जो किसी भी वजह से कार्य में पिछड़ गए हैं और जिनको सहयोग की आवश्यकता उनको यथा आवश्यक सहयोग दिलाया जाए। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व हर पोलिंग बूथ परबीएलओ और राजनैतिक दलों द्वारा तैनात बूथ लेवल एजेंट (बीएलएएस) की बैठक होगी। जिसमें बीएलओ द्वारा ऐसे मतदाताओं की सूची बीएलएएस को उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनका नाम ड्राफ़्ट मतदाता सूची में किन्हीं कारणों की वजह से नहीं आ रहा है।

## शीतकालीन सत्र

पेश कर सकती है। इस सर्वदलीय बैठक में 36 राजनीतिक दलों के 50 नेता शामिल हुए। बैठक में सरकार की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुए। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन, समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव, द्रमुक के तिरुचि शिवा और कई अन्य दलों के नेता बैठक में शामिल हुए।

## भारतीय जोड़ी

फाइनल में हांगकांग के जेसन गुनावन ने पांचवीं वरीय भारत के के.श्रीकांत को एक घंटा 7 मिनट चले मैच में 21-16, 8-21, 22-20 से हराया। हांगकांग के वर्ल्ड 59वीं रैंकिंग जेसन गुनावन ने पहला गेम 21-16 से जीता। दूसरे गेम में श्रीकांत ने वापसी की और 13 गेम प्वाइंट हासिल करते हुए जीत हासिल की। हालांकि निणार्यक तीसरे गेम में श्रीकांत ने कई मौके गंवाए जबकि गुनावन ने शानदार सर्विस से दबाव बनाए रखा। इसी बीच अंतिम शॉट लाइन से बाहर खेलने के चलते इस साल अपने दूसरे बीडब्लूएफ फाइनल में जगह बनाने वाले श्रीकांत खिताब से चूक गए।

इस हार के साथ 2016 के मोदी बैडमिंटन चैंपियन के.श्रीकांत की लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को समाप्त करने की उम्मीद टूट गयी। श्रीकांत ने इससे पूर्व फ्रेंच ओपन 2017 में अपना आखिरी एकल खिताब जीता था। मिश्रित युगल खिताब आठवीं वरीय इंडोनेशिया के देजान फर्डिनानस्याह और बर्नाडिन अनिंदिया वारदाना ने जीता जिन्होंन सातवीं वरीय थाईलैंड के पक्कापोन तीरारतसाकुल व सप्सिरी तेरत्तनाचाईन को 21-19, 21-16 से हराया। इससे पूर्व देजान फर्डिनानस्याह ने 2023 में ग्लोरिया इमैनुएल विजाजा के साथ यहां मिश्रित युगल खिताब जीता था। महिला एकल फाइनल में पांचवीं वरीय जापान की हीना अकेची ने चौथी वरीय तुर्किये की नेस्लिहान अरीन को 21-16, 21-14 से हराया। पुरुष युगल के विजेता छठीं वरीय मलेशिया के एरन ताय व कांग खाई शिंग रहे जिन्होंन ने तीसरी वरीय मलेशिया के ही ल्वी शेंग हाओ व चिया वेइजिए को 21-9, 21-19 से हराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विशिष्ट अतिथि आलोक कुमार (अपर मुख्य सचिव एमएसएमई, उत्तर प्रदेश सरकार), सुहास एल वाई (आईएएस, सचिव खेल, उत्तर प्रदेश) सहित उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.नवनीत सहगल (चेयरमैन प्रसार भारती), बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास, बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन व बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप की उपाध्यक्ष सोनाक्षी दास, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव व आयोजन सचिव डॉ.सुधर्मा सिंह, एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष आनंद खरे व उपाध्यक्ष अरुण कक्कड़ ने पुरस्कार वितरित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। चैंपियनशिप को कई प्रमुख कॉरपोरेट्स का सहयोग प्राप्त है, जिनमें अडानी, इन्वेस्ट यूपी, मिगसन, एपको, ओमैक्स और विराज ग्रुप मुख्य प्रायोजक के रूप में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड, क्लियो काउंटी ग्रुप, रेडिको खेतान, सिडबी, एंबर ग्रुप, पीआईसीएल और बिग एफएम जैसे प्रायोजकों का सहयोग भी आयोजन के स्तर और अनुभव को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




# भारत ने द. अफ्रीका को 17 रन से हराया

## पहले वनडे में विराट कोहली का शतक, कुलदीप यादव ने 4 और हर्षित ने 3 विकेट लिए

एजेंसी

रांची। भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 17 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। रांची के खरउअ स्टेडियम में रविवार को साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने विराट कोहली के शतक के दम पर 349 रन बना दिए। जवाब में मेहमान टीम ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 332 रन ही बना सकी। भारत से कोहली ने 135, रोहित शर्मा ने 57 और कप्तान केएल राहुल ने 60 रन बनाए। गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। हर्षित राणा ने 3 और अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए।

साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन, नांद्रे बर्गर, कॉर्बिन बॉश और ओटनिल बार्टमैन को 2-2 विकेट मिले। बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका की शुरूआत खराब रही। टीम ने 11 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। मैथ्यू ब्रीट्जकी ने फिर पारी संभाल ली। उन्हें मार्को यानसन का साथ मिला, लेकिन दोनों एक ही ओवर में आउट हो गए। आखिर में कॉर्बिन बॉश ने फिफ्टी लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन उनकी पारी काम न आई। सीरीज का दूसरा वनडे 3 दिसंबर को रायपुर में खेला जाएगा। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (135 रन) के शानदार 52वें वनडे शतक की मदद से भारत ने रविवार को यहां श्रृंखला के शुरूआती एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आठ विकेट पर 349 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कोहली ने 120 गेंद की तेज पारी के दौरान 11 चौके और सात छक्के जमाए जो भारतीय पारी की रीढ़ बनी। क्रिकेट के एकमात्र इस प्रारूप में खेलने वाले इस स्टार ने अपनी अहमियत और दबदबे को फिर साबित किया। उन्होंने



दूसरे विकेट के लिए रोहित शर्मा (51 गेंद में 57 रन) के साथ 136 रन की साझेदारी करके जेएससीए स्टेडियम की सपाट पिच पर भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी। कोहली अब टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप का हिस्सा नहीं हैं और अगले आठ महीनों में भारत को सिर्फ छह वनडे मैच खेलने हैं इसलिए 36 साल के इस क्रिकेटर के लिए इस प्रारूप का हर मैच अब अहमियत रखता है। उन्होंने अपनी पारी से चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन को याद दिलाया कि वह इस प्रारूप में भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बने हुए हैं। रोहित के पास भी खुद को साबित करने का एक शानदार मंच था। उन्होंने एक रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाया और मार्को यानसन की गेंद पर पगबाधा होने से पहले अर्धशतक ही बना सके। क्रिकेटप्रेमी कोहली और रोहित की बड़ी पारी खेलने के लिए बेकरार हैं और दोनों के बीच 136 रन की भागीदारी इन दोनों खिलाड़ियों का ही आत्मविश्वास नहीं बढ़ाएगी बल्कि टीम प्रबंधन को भी भरोसा देगी कि वे अब भी बड़े मंच के स्टार हैं और भारत के लिए अभी और खेल सकते हैं। पिच सपाट थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने भी सही लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी नहीं की। यानसन के अलावा नांद्रे बर्गर, कॉर्बिन बॉश और ओटनील बार्टमैन ने दो दो विकेट झटके। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (18 रन) बर्गर की गेंद पर बल्ला छुआकर आउट हो गए जिसके बाद कोहली क्रीज पर उतरे। रांची के दर्शकों को रोहित-कोहली (रो-को) की जोड़ी से जैसे प्रदर्शन की उम्मीद थी, उन्होंने वैसा ही खेल दिखाया। रोहित को बर्गर की गेंद पर टोनी डी जोर्जी ने कैच छोड़कर जीवनदान दे दिया और इस बल्लेबाज ने इसका फायदा उठाते हुए यानसन और बॉश के खिलाफ लगातार बाउंड्री लगा दीं। उन्होंने यानसन पर पांच गेंद के अंदर दो बाउंड्री लगाई और बॉश की अंदर आती गेंदों को आसानी से फ्लिक किया और शॉर्ट गेंदों को पुल किया। कोहली शानदार फॉर्म में



दिख रहे थे और उन्होंने बर्गर की गेंद पर मिड-ऑफ के ऊपर से छक्का मारकर अपने इरादे स्पष्ट किए। इसके बाद उन्होंने एक शानदार कवर ड्राइव लगाया। दोनों ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों की लाइन एवं लेंथ में हुई गलती का फायदा उठाते हुए तेजी से रन बनाए जिससे कार्यवाहक कप्तान एडन मारक्रम को ऑफस्पिनर प्रेनलन सुब्रयन को मैदान में उतारना पड़ा। लेकिन रन गति में कमी नहीं हुई। कोहली ने बॉश की गेंद पर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि रोहित ने एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। जिससे भारत ने जल्दी ही 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। यानसन ने आखिरकार रोहित को पगबाधा आउट किया। इससे भारत की रन गति थोड़ी देर के लिए धीमी हुई। रुतुराज गायकवाड़ (08) और पांचवें नंबर पर उतारे गए वाशिंगटन सुंदर जल्दी जल्दी आउट हो गए। लेकिन कोहली डटे रहे। उनके शतक पूरा करने के तुरंत बाद एक प्रशंसक सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए अंदर आ गया, वह घुटने के बल उनके सामने बैठ गया और उनके पैर छुए जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे बाहर किया।

# दिव्यांशी ने कांस्य और लड़कों की अंडर-19 टीम ने जीता रजत



क्लूज नापोका (रोमानिया)। उभरती हुई भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी दिव्यांशी भौमिक ने रविवार को यहां चल रही आईटीटीएफ विश्व युवा चैंपियनशिप 2025 में अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। सेमीफाइनल में 15 वर्षीय दिव्यांशी को चीन की झू क़िहुई से ।-4 (12-10, 10-12, 6-11, 4-11, 8-11) से हार का मुंह देखकर कांस्य पदक पर संतोष करना पड़ा। इस साल के शुरू में दिव्यांशी ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में हुई एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में इतिहास रचते हुए अंडर-15 बालिका एकल खिताब जीता था जिससे वह 36 वर्षों में ऐसा करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थीं। भारत ने अलग-अलग वर्गों में मजबूत टीम प्रदर्शन के साथ अपने पदक तालिका में और इजाफा किया। अंडर-15 लड़कियों की टीम (दिव्यांशी, अनन्या मुरलीधरन, अंकोलिका चक्रवर्ती और नैशा रेवस्कर) ने कांस्य पदक जीता।

## राष्ट्रमंडल खेलों की परिचालन लागत 3000 से 5000 करोड़ के बीच हो सकती है : आयोजक समिति

नयी दिल्ली। 2030 राष्ट्रमंडल खेल के लिए जल्द ही गठित होने वाली अहमदाबाद की आयोजक समिति इस टूर्नामेंट को 3,000 से 5,000 करोड़ रुपये की परिचालन लागत में आयोजित करने का लक्ष्य रखेगी।

खेलों की योजना बनाने में नजदीकी तौर पर शामिल एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार खेल और सार्वजनिक उपयोगिता सुविधाओं सहित चल रहे बुनियादी ढांचा उन्नयन के लिए अनुमान अभी तय किए जा रहे हैं ताकि इस टूर्नामेंट की कुल लागत को अंतिम रूप दिया जा सके। सूत्र ने बताया कि गुजरात ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों से जरूरी सबक लिया है क्योंकि वे कई विवादों में घिर गए थे जिनमें बुनियादी ढांचे में देरी, भ्रष्टाचार के आरोप और शुरुआती अनुमान से कहीं अधिक बढ़ी हुई लागत शामिल थीं। उन्होंने कहा अहमदाबाद राष्ट्रमंडल खेलों की परिचालन लागत 3,000 से 5,000 करोड़ रुपये के बीच होगी। इसमें पूंजीगत व्यय शामिल नहीं है जो अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण में लगाया जाएगा जिनमें से कुछ शहरी विकास विभाग द्वारा संभाले जा रहे हैं।

## संक्षेप

### सान्या ने सुनील वर्मा स्मृति स्क्वाश टूर्नामेंट जीता

मुंबई। दो बार की पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन 15वीं वरीय सान्या वत्स ने रविवार को यहां चौथी वरीय हमवतन भारतीय निरुपमा दुबे को सीधे गेम में हराकर 11वें सुनील वर्मा स्मृति स्क्वाश टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। सान्या ने निरुपमा को 11-6, 11-9, 11-4 से हराया। दिल्ली की सान्या पहली बार चैलेंजर टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थी और अपना पहला पीएसए खिताब जीतने में सफल रहीं। पुरुषों के फाइनल में फ्रांस के दूसरे वरीय मासियो लेवी ने मिस्र के शीर्ष वरीय यासिन एल्शाफेई को सीधे गेम में 11-8, 11-8, 11-4 से हराकर खिताब जीता।

### हरमनप्रीत ने हाफ मैराथन को दिखाई हरी झंडी

जयपुर। विश्व कप विजेता भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रन फॉर जीरो हंगर अभियान के तहत यहां पिंक सिटी हाफ मैराथन के 10वें सत्र को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मैराथन में तीन श्रेणियां शामिल थीं। पेशेवर धावकों के लिए 21 किमी हाफ मैराथन, मध्यम धावकों के लिए 10 किमी कूल रन के अलावा पांच किमी का ड्रीम रन (परिवार के साथ दौड़ने वालों और शौकिया धावकों के लिए) इस आयोजन में रन फोर जीरो हंगर अभियान के समर्थन में लगभग 15,000 धावकों ने भाग लिया और नंदघरों में बच्चों के लिए एक लाख पोषण पैक जुटाए। वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन की अंतरराष्ट्रीय ब्रांड दूत हरमनप्रीत ने कहा यह देखना प्रेरणादायक है कि हजारों लोग न सिर्फ फिटनेस के लिए बल्कि एक ऐसे उद्देश्य के लिए भी दौड़े जो पूरे भारत में नंदघरों में बच्चों के जीवन को प्रभावित करता है। खेल को अगर अच्छे काम के लिए एक ताकत के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है तो यह और भी ज्यादा शक्तिशाली हो जाता है।

### भारत और अफगानिस्तान अंडर-19 का फाइनल रद्द

बेंगलुरु। भारत अंडर-19 और अफगानिस्तान अंडर-19 के बीच एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला का फाइनल मैच खराब मौसम की वजह से रविवार को यहां रद्द हो गया। भारत अंडर-19 टीम 19 ओवर में पांच विकेट पर 79 रन बनाकर जूझ रही थी जब बारिश और खराब रोशनी की वजह से खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। तेज गेंदबाज अब्दुल अजीज ने कप्तान विहान मल्होत्रा और वंश आचार्य के विकेट लेकर अफगानिस्तान को शुरुआती सफलताएं दिलाईं जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया।

# लखनऊ प्रीमियर लीग : सीएएल ने छह टीमों का किया ऐलान



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में क्रिकेट का रोमांच नए मुकाम पर पहुंचने जा रहा है। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) ने आज

- एलपीएल 2026 तैयार: डिजिटल स्पिन व्हील के जरिए छह टीमों का चयन
- क्रिकेट की नई उड़ान: एलपीएल में छह टीमों, 18 मैचों का रोमांच तय

बहुप्रतीक्षित लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) के पहले संस्करण के लिए छह दमदार टीमों की घोषणा कर दी। इसमें फरवरीझमार्च 2026 में होने वाली इस लीग का उत्साह अभी से चरम पर पहुँच गया है। सेंट्रम होटल में आयोजित समारोह में टीमों के नामों की घोषणा करते हुए सीएएल अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि प्रतिष्ठित कॉरपोरेट समूहों के स्वामित्व वाली ये टीमें स्थानीय क्रिकेटरों को बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देंगी। डॉ. सहगल ने आगे कहा कि एलपीएल लखनऊ के क्रिकेटरों को बड़े स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देगा। यह न सिर्फ उनके खेल को निखारेगा, बल्कि बोर्ड ट्रॉफियों में विभिन्न राज्य टीमों के लिए उनकी दावेदारी को भी मजबूत करेगा। इस दौरान लीग की छह टीमों- लखनऊ नवाब्स, लखनऊ लायंस, लखनऊ स्ट्राइकर्स, लखनऊ एसेस, लखनऊ पैंथर्स और लखनऊ चैलेंजर्स-का आवंटन डिजिटल स्पिन व्हील के माध्यम से किया गया।

एलपीएल में छह टीमों के बीच कुल 18 मैच खेले जाएंगे। खिलाड़ियों का चयन और नीलामी दिसंबर तथा जनवरी में प्रस्तावित है। फ्रेंचाइज़ियों को एक मार्की खिलाड़ी चुनने की अनुमति भी दी गई है। विप्रज निगम (लखनऊ लायंस), जीशान अंसारी (लखनऊ एसेस), आक्षदीप नाथ (लखनऊ स्ट्राइकर्स), नमन तिवारी (लखनऊ नवाब्स), उपेंद्र यादव (लखनऊ चैलेंजर्स) और अंश यादव (लखनऊ पैंथर्स) उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें विभिन्न फ्रेंचाइज़ियों में ड्राफ्ट किया गया।

# रसेल ने आईपीएल से लिया संन्यास

कोलकाता। आक्रामक हरफनमौला आंद्रे रसेल ने 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से पहले रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा के साथ बताया कि वह तीन बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। सैंतीस साल के रसेल आईपीएल 2014 से केकेआर टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। वह 2026 सत्र से पहले पावर कोच के रूप में टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। आईपीएल के आगामी सत्र के लिए अबू धाबी में नीलामी होगी। रसेल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आईपीएल से संन्यास ले रहा हूं लेकिन मेरा आक्रामक अंदाज वैसा ही रहेगा। आईपीएल में पिछले 12 साल का सफर शानदार रहा। केकेआर परिवार को ढेर सारा प्यार।

उन्होंने कहा सबसे अच्छी बात यह है कि मैं दुनिया भर की अन्य लीग में छक्के जड़ता और विकेट लेता रहूंगा। मैं अपना घर (केकेआर) नहीं छोड़ रहा हूं और आप मुझे एक नई भूमिका में केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में 2026 के पावर कोच के रूप में देखेंगे। नया अध्याय। वही ऊर्जा। हमेशा के लिए नाइट। सपोर्ट स्टाफ में शामिल होकर रसेल ने कैरेबियाई टीम के एक और दिग्गज टी20 क्रिकेटर कीरोन पोलार्ड के नक्शेकदम पर चलना शुरू कर दिया।

# फुटबॉल : इंटर मियामी ने एनवाईसीएफसी पर दर्ज की जीत

एजेंसी

फोर्ट लाउडरडेल। इंटर मियामी ने शनिवार रात न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 5-1 से हराकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस का खिताब जीतने के साथ ही एमएलएस कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की जिससे दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी का एक और ट्रॉफी के लिए खेलना लगभग पक्का हो गया। इंटर मियामी की इस जीत में हालांकि मेस्सी के हमवतन और अर्जेंटीना टीम के उनके साथी खिलाड़ी तादेओ अलेंदे का सबसे बड़ा योगदान रहा जिन्होंने गोल की हैट्रिक पूरी की।

टीम के लिए जोर्डी अल्बा और सर्जियो बुस्केट्स ने भी एक-एक गोल किये। आठ बार के बैलन डी ओर विजेता मेस्सी के लिए यह मुकाबला कोई खास नहीं रहा लेकिन उन्होंने टीम की शुरुआती दो गोल में मददगार की भूमिका निभाई। यह क्लब और राष्ट्रीय टीम को मिलाकर मेस्सी के लिए 405 वां मदद था जो गोल में बदला। फुटबॉल के इतिहास में इसे सबसे अधिक सफल मदद माना जाता है। इंटर मियामी की टीम एमएलएस कप फाइनल में सैन डिएगो या वैंकूवर के बीच होने वाले वेस्टर्न कांफ्रेंस के विजेता टीम की शनिवार को मेजबानी करेगी। वहीं दूसरी ओर राफिन्हा के शानदार खेल और दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने ला लीगा में अलावेस पर 3-1 से जीत दर्ज की। राफिन्हा ने



टीम के शुरुआती दो गोल में मददगार की भूमिका निभाई जबकि युवा लामिन यामन ने भी एक गोल करने के साथ एक गोल में मददगार की भूमिका निभाकर लय में वापसी के संकेत दिये। इस जीत से टीम को चैंपियंस लीग में पिछले सप्ताह चेल्सी से मिली 0-3 की हार से उबरने में मदद मिलेगी।

पाब्लो इबानेज ने मैच के शुरुआती मिनट में ही गोलकर अल्वेज का खाता खोला लेकिन टीम की यह बढ़त महज आठ मिनट तक ही रही। 18 साल के यामल ने मैच के आठवें मिनट में बार्सिलोना को बराबरी दिला दी और फिर ओल्मो ने 26वें मिनट में गोल कर 2-1 से आगे कर दिया। ओल्मो ने मैच के स्टॉपेज समय (90़3 मिनट) ने गोल कर अल्वेस की वापसी की उम्मीद खत्म कर दी। लीग के अन्य मैचों में निको विलियम्स के गोल ने एथलेटिक बिलबाओ को लेवांटे पर 2-0 से जीत दिलाई जबकि ओसासुना ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद मेलोर्का को 2-2 से बराबर पर रोक दिया। वहीं दूसरी ओर फिल फोडेन के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग मैच में लीड्स के खिलाफ 3-2 की रोमांचक जीत दर्ज की। सिटी की टीम के लिए दिग्गज एर्लिंग हालैंड एक बार फिर गोल करने में नाकाम रहे। मुकाबला 2-2 की बराबरी की ओर बढ़ रहा था लेकिन फोडेन ने स्टॉपेज समय के शुरुआती मिनट में गोल कर मैनचेस्टर सिटी को अंक साझा करने से बचा लिया। इस जीत से सिटी की टीम तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी। उसके और शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के बीच चार अंकों का फासला है। फोडेन से इससे पहले मैच के 59वें सेकंड में ही पहला गोल दाग कर सिटी का खाता खोल दिया था।

जोस्को ग्वार्डिलो ने 25वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डोमिनिक कार्लवेट लुइस (49वां मिनट) और लुकास एनमेशा (56वां मिनट) ने दूसरे हाफ में सात मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। नॉर्वे के हालैंड सिटी के लिए लगातार तीन मैचों में गोल करने में नाकाम रहे हैं। इससे पहले उन्होंने क्लब और देश के लिए अपने पिछले 18 मैचों में से 17 में गोल किये थे। प्रीमियर लीग में उनके नाम 99 गोल है। लीड्स के खिलाफ 100 गोल का आंकड़ा छूना उनके लिए रोमांचक होता क्योंकि उनका जन्म साल 2000 में लीड्स में ही हुआ है। अन्य मैचों में टोटेनहम करे सात दिनों में तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा। इस बार मैच के शुरुआती छह मिनट में दो गोल गंवाने के बाद उसे फुलहम से 2-1 से शिकस्त मिली। सनदरलैंड ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद बोर्नमाउथ को 3-2 से हराया जबकि ब्रेंटफोर्ड ने बर्नले के खिलाफ घरेलू मैदान पर 3-1 से जीत हासिल की।

# जूनियर विश्व कप : स्पेन ने बेल्जियम को 2-0 से हराया

एजेंसी

मदुरै। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज स्पेन ने एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के पूल डी मैच में रविवार को यहां बेल्जियम को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल कर क्वार्टरफाइनल की ओर मजबूती से कदम बढ़ाए। स्पेन ने जुआन प्राडो (20वें मिनट) के मैदानी गोल और ब्रूनो अविला (32वें मिनट) के पेनल्टी कॉर्नर से किए गए गोल की बदौलत जीत दर्ज की। स्पेन ने इससे पहले शुक्रवार को अपने पहले मैच में मिस्र को 8-0 से शिकस्त दी थी।

इस जीत से स्पेन छह अंक के साथ पूल डी में शीर्ष पर है। दुनिया की सातवें नंबर की टीम बेल्जियम दो मैच में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। स्पेन अब मंगलवार को नामीबिया से भिड़ेगा जबकि बेल्जियम का मुकाबला इसी दिन मिस्र से होगा। पूल डी के एक अन्य मैच में नामीबिया ने मिस्र को 4-2 से हराया। नामीबिया के लिए लियाम ब्रूस (23वें मिनट), जेम्स डि जैगर (26वें मिनट) और जोश वान डर मर्वे (32वें मिनट) ने तीन मैदानी गोल किए जबकि जॉन पॉल ब्रिट्ज ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। मिस्र के लिए अब्देलरहमान कासेम



(28वें मिनट) और मोहब हेगाब (53वें मिनट) ने गोल किए। रविवार को यहां हुए दूसरे मैचों में दुनिया की पांचवें नंबर की नीदरलैंड ने मलेशिया को 6-। से हरा दिया जिससे वह पूल ई में दो मैच जीतकर शीर्ष पर है जबकि इंग्लैंड ने ऑस्ट्रिया को 13-0 से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया। नीदरलैंड के लिए सैम लेन (5वें, 7वें, 33वें, 34वें, 41वें मिनट) ने पांच गोल किए जबकि जेम्स हॉकसन ने एक गोल किया। मलेशिया के लिए एकमात्र गोल फैजल सारी ने 43वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से किया। इंग्लैंड और ऑस्ट्रिया के बीच हुए मैच में कैडेन ड्रेसी (24वें, 25वें, 29वें, 53वें) और हेनरी मार्खम (32वें, 38वें, 47वें) ने हैट्रिक बनाई जबकि जॉर्ज फ्लेचर (21वें, 27वें), माइकल रॉयडेन (36वें), ओली बेनेट (40वें), एलेक्स चिहोटा (49वें) और मैक्स एंडरसन (54वें) ने विजेता टीम के लिए एक-एक गोल किया। इंग्लैंड मंगलवार को मदुरै में अपने आखिरी पूल मैच में मलेशिया से खेलेगा जबकि नीदरलैंड का मुकाबला ऑस्ट्रिया से होगा। वहीं दूसरी ओर भारत के पूर्व हॉकी डिफेंडर से कोच बने बीरेंद्र लाकड़ा ने कोचिंग की जिम्मेदारी को खेलने से ज्यादा चुनौतीपूर्ण मानते हुए कहा कि वह भविष्य में अवसरों का लाभ उठाने के लिए अपने कौशल में सुधार करने और नए तरीके सीखने के लिए उत्सुक हैं। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता लाकड़ा भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के सहायक कोच हैं।

वह अपने पूर्व साथी और मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के साथ मिलकर चेन्नई और मदुरै में हो रहे एफआईएच जूनियर विश्व कप में टीम का मार्गदर्शन कर रहे हैं। ओडिशा में जन्मे 35 वर्षीय लाकड़ा मई में जूनियर कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए और टीम की रणनीति तय करने में उनकी भूमिका काफी अहम रहती है। लाकड़ा ने बताया, यह मेरे लिए एक नया अनुभव है। एक खिलाड़ी के तौर पर मैदान के अंदर अलग अनुभव होता है और कोच की भूमिका बिल्कुल अलग होती है। यह हालांकि मेरे लिए कोचिंग में नयी चीजें सीखने का एक मौका है। उन्होंने कहा, कोचिंग करना खेलने से थोड़ा मुश्किल है। दोनों चुनौतियां बिल्कुल अलग हैं।

# आईसीसी टी-20 : पंजाब ने बंगाल को 112 रन से हराया

एजेंसी



हैदराबाद। आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज अभिषेक शर्मा की 52 गेंद में 148 रन की आक्रामक पारी से पंजाब ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी मैच में रविवार को यहां बंगाल को 112 रन के बड़े अंतर से हराया। अभिषेक ने मोहम्मद शमी और आकाश दीप जैसे भारतीय गेंदबाजों की मौजूदगी वाली बंगाल के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी करते हुए महज 12 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

यह इस प्रारूप में संयुक्त रूप से तीसरा जबकि भारत की ओर से संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। अभिषेक ने अपनी पारी में 16 छक्के जड़े जिससे पंजाब ने पांच विकेट पर 310 रन बनाने के बाद बंगाल की पारी को नौ विकेट पर 198 रन पर रोक दिया। बंगाल के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 66 गेंद में 130 रन का योगदान दिया। अभिषेक एक पारी में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्के लगाने के मामले में अब दूसरे स्थान पर आ गए हैं। पुनीत बिष्ट (17 छक्के) इस सूची में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने मेघालय का प्रतिनिधित्व करते हुए मिजोरम के खिलाफ एक घरेलू मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी। प्रभसिमरन सिंह (35 गेंदों पर 70 रन) के साथ पारी की शुरुआत करते हुए अभिषेक ने मोहम्मद शमी, आकाश दीप, ज्तिक चटर्जी और शाहबाज़ अहमद जैसे अनुभवी गेंदबाजों पर करारा प्रहार किया।

अभिषेक ने उप्पल स्टेडियम में आसानी से चौके और छक्के जड़े। उन्होंने इसी स्टेडियम में आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ 55 गेंदों में 141 रन की आतिशी पारी खेली थी।

# कैमरे की नजर में सैयद मोदी बैडमिंटन चैंपियनशिप











फोटो : अमित वर्मा



# श्रीलंका में दित्वा चक्रवात के कारण 200 से अधिक लोगों की मौत

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका ने चक्रवात दित्वा के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से हुई तबाही और 200 से अधिक लोगों की मौत के बाद रविवार को भारत की सहायता से राहत और बचाव कार्य जारी रखा।

श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) की ओर से रविवार शाम चार बजे जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, बृहस्पतिवार से अब तक 212 लोगों की मौत हो चुकी है और 218 लोग लापता हैं। डीएमसी ने बताया कि 9,98,918 लोग प्रभावित हुए हैं। इस बीच, भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और भारतीय वायुसेना के कर्मी लोगों की जान बचाने में श्रीलंकाई अधिकारियों की सहायता के लिए युद्धस्तर पर काम



कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा, एनडीआरएफ के कर्मी श्रीलंका में स्थानीय अधिकारियों के साथ करीबी समन्वय के तहत राहत अभियान जारी रखे हुए हैं। भारत ने ऑपरेशन सागर बंधु के तहत एनडीआरएफ के 80 कर्मियों के दो तलाश एवं बचाव दलों को श्रीलंका भेजा है। भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने एक साहसिक अभियान के तहत भारतीयों समेत फंसे हुए यात्रियों को एक प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर निकाला। वायुसेना ने कहा कि इस अभियान के दौरान तीन गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए हेलीकॉप्टर के जरिये अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा वायुसेना की टीम ने श्रीलंकाई सेना के पांच टीमों (40 सैनिकों) को भी दियाथलावा सैन्य शिविर से कोटमाले क्षेत्र में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के लिए हेलीकॉप्टर से पहुंचाया।

# संसद अच्छी तरह चलनी चाहिए, विपक्षी दलों से बातचीत जारी रखेंगे: रीजीजू

नई दिली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र अच्छी तरह चलना चाहिए और सरकार दोनों सदनों में गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी।

सर्वदलीय बैठक के बाद उन्होंने चुटीले अंदाज में यह भी कहा कि यह शीतकालीन सत्र है और इसमें सबको ठंडे दिमाग से काम करना चाहिए। उन्होंने बैठक को सकारात्मक करार देते हुए कहा कि बैठक में जो भी सुझाव आए हैं, उनको विचार के बाद बीएसी (कार्य मंत्रणा समिति) में रखा जाएगा। कुल मिलाकर 36 दलों के 50 नेता शामिल हुए। सरकार की तरफ से आश्चासन देता हूं कि संसद का शीतकालीन सत्र अच्छी तरह से चलाने के लिए विपक्ष के साथ बातचीत करते रहेंगे। विपक्षी दलों के नेताओं से अनुरोध है कि संसद को अच्छी तरह से चलाने में सहयोग करें। रीजीजू ने कहा कि लोकतंत्र, विशेष रूप से संसदीय लोकतंत्र में गतिरोध होता है, राजनीतिक दलों में मतभेद होते हैं। इसके बावजूद हम सब तय करें कि सदन में गतिरोध पैदा नहीं करना



है और अपनी बात रखकर विरोध दर्ज कराना है, तो सदन चलेगा। उन्होंने एसआईआर के मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर कहा विपक्षी दलों में कई नेता हैं, जो संसद चलाना और मुद्दे उठाना चाहते हैं। इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि सभी विपक्षी दल एसआईआर का मुद्दा उठाकर संसद की कार्यवाही बाधित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कई मुद्दे रखे हैं, उनमें से एसआईआर भी एक है। एसआईआर पर चर्चा नहीं हुई, तो संसद नहीं चलने देंगे।

## इंटरटेनमेंट...

# आईएफएफआई : रजनीकांत को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

मुंबई। 56वें फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) 20 नवंबर 2025 को गोवा में शुरू हुआ था। 56वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई 2025) का समापन शुक्रवार को गोवा में हुआ। नौ दिनों तक चले इस फेस्टिवल में दुनिया भर के कई फिल्ममेकर्स और कलाकार शामिल हुए। क्लोजिंग सेरेमनी में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत और सूचना एवं

**समारोह में रणवीर सिंह, ऋषभ शेट्टी और नवाजुद्दीन भी पहुंचे**

प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन शामिल हुए। इसके अलावा सुपरस्टार रजनीकांत, रणवीर सिंह, ऋषभ शेट्टी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, टोविनो थॉमस, विनीत सिंह, जर्मन एक्ट्रेस कैथरीना शटलर, राजेश्वरी सचदेव, रमेश सिप्पी और राकेश ओमप्रकाश मेहरा जैसे कलाकार भी मौजूद रहे।

एक्टर रणवीर सिंह ने रेड कार्पेट पर कैमरों के सामने पोज दिए। एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में नजर आए। निर्देशक और इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन ज्यूरी



चेयरपर्सन राकेश ओमप्रकाश मेहरा अपनी पत्नी पी.एस. भारती के साथ पहुंचे। रजनीकांत को मिला सम्मान रजनीकांत को भारतीय सिनेमा में 50 साल पूरे करने पर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया। रजनीकांत सुबह ही गोवा पहुंचे थे, जहां होटल स्टाफ और फैंस ने उनका स्वागत किया। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में वे ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच विनम्रता से फैंस का अभिवादन करते नजर आए। शाम को उनका परिवार भी समारोह में शामिल हुआ। समारोह में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रजनीकांत को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

मैं बहुत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ यहां खड़ा हूं और 50 सालों के अपने काम को सराहने और सम्मानित करने के लिए देश की सरकार का दिल से धन्यवाद करता हूं। अगर मैं पीछे मुड़कर देखूं तो लगता है कि मैंने सिर्फ 10-15 साल काम किया है और इसका कारण केवल मेरा सिनेमा और अभिनय के प्रति प्रेम है। इसलिए, 100 साल बाद भी मैं फिर अभिनेता, यानी रजनीकांत के रूप में जन्म लेना चाहूंगा। आपके प्यार और स्नेह के लिए धन्यवाद। समापन कार्यक्रम में इस साल दिवंगत हुए फिल्म जगत के दिग्गजों को भी श्रद्धांजलि दी गई। 'इन फोंड रिमेम्ब्रेंस ऑफ द आर्टिस्ट्स वी लॉस्ट' शीर्षक से आयोजित इस प्रस्तुति में धर्मेंद्र, कामिनी कौशल, सुलक्षणा पंडित, सतीश शाह, पीयूष पांडे, जुबीन गर्ग और श्याम बेनेगल को याद किया गया।

# साउथ के मुकाबले बॉलीवुड में महिलाओं का ऑब्जेक्टिफिकेशन ज्यादा

मुंबई। साउथ की फिल्म पर अक्सर महिलाओं के ऑब्जेक्टिफिकेशन (वस्तु की तरह पेश करना) का आरोप लगता रहा है। इस मुद्दे पर काफी डिबेट, डिस्कशन भी होते रहे हैं। अब एक्ट्रेस राशि खन्ना ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। राशि बॉलीवुड और साउथ सिनेमा दोनों जगह जाना-माना नाम हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में माना कि कि ऐसा सिर्फ साउथ इंडस्ट्री में नहीं होता बल्कि बॉलीवुड में होता है। जूम को दिए गए इंटरव्यू में साउथ सिनेमा में महिलाओं के चित्रण पर राशि ने कहा- 'यह सिर्फ साउथ की बात नहीं है। मैं इसे नॉर्थ भारत में भी काफी देखती हूं। यह पूरी तरह से एक्टर की पसंद पर निर्भर करता है।

# शुभांगी ने 10 साल बाद छोड़ा 'भाभीजी घर पर हैं'

मुंबई। टीवी एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने 10 साल बाद 'भाबी जी घर पर हैं' शो को अलविदा कह दिया है। उन्होंने सेट से आखिरी दिन का वीडियो शेयर किया है। लगभग डेढ़ मिनट लंबे इस वीडियो में वो सेट पर सभी से मिलती और उन्हें जलेबी खिलाते दिख रही

**सोशल मीडिया पर शेयर किया आखिरी दिन का वीडियो; शिल्पा शिंदे की हो रही है वापसी**

हैं। वीडियो में एक्ट्रेस भावुक भी नजर आ रही हैं। आखिरी में वो अंगूरी भाभी के गेटअप में टीम के लोगों के साथ विक्ट्री साइन दिखाते नजर आती हैं।



शुभांगी ने शूट के आखिरी दिन के इस वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा- मेरे एक्सटेंडेड फैमिली वालों को जलेबी वाला गुडबाय। ढर शूट का आखिरी दिन।

# बिग बॉस 19 में नजर आएंगी माधुरी दीक्षित

मुंबई। एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इस हफ्ते रियलिटी शो बिग बॉस 19 के वीकेंड का वार एपिसोड में नजर आएंगी। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में माधुरी सफेद ड्रेस में सलमान खान के साथ पोज देती दिखाई दे रही हैं। शो में वो अपनी अपकमिंग सीरीज मिसेज देशपांडे को प्रमोट करने

**सलमान के साथ दिया पोज, एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग सीरीज के प्रमोशन के लिए पहुंचीं**



पहुंची हैं। जैसे ही माधुरी और सलमान का यह वीडियो सामने आया, सोशल मीडिया पर फैंस के रिएक्शन आने लगे। एक यूजर ने लिखा, 'मैं इस जोड़ी को हम आपके हैं कौन 2 में फिर से देखना चाहता हूं। दूसरे ने मजाकिया अंदाज में कहा, मिल ये लोग रहे हैं, खुशी हमें हो रही है, ऐसा क्यों। माधुरी दीक्षित और सलमान खान की जोड़ी 90 के दशक की हिट ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में रही। दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया। उनकी पहली फिल्म साजन (1991) थी, जिसमें संजय दत्त भी थे। इसके बाद फिल्म दिल तेरा आशिक (1993) में दोनों की केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया। 1994 में आई फिल्म हम आपके हैं कौन ! ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और फिल्म में सलमान और माधुरी की जोड़ी भी लोगों को पसंद आई। सलमान ने फिल्म हम आपके हैं कौन में प्रेम और माधुरी ने निशा की भूमिका निभाई थी। साल 2002 में फिल्म हम तुम्हारे हैं सनम में दोनों फिर नजर आए, जिसमें शाहरुख खान भी लीड भूमिका में थे। फिल्म में सलमान ने माधुरी के बचपन के दोस्त का किरदार निभाया था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com